ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

महा शिवरात्रि

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 14 ● विक्रम संवत 2079 ● शनिवार, 18 फरवरी 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-125 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50


## NEWS इन ब्रीफ

### जस्टिस संजय कुमार मिश्र झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस नियुक्त

**रांची।** जस्टिस संजय कुमार मिश्रा झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किये गए हैं। इसको लेकर विधि एवं न्याय मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर दी है। जस्टिस संजय मिश्रा ने अपनी स्कूली शिक्षा टिकरा अपर प्राइमरी स्कूल में की है। वर्ष 1977 में पृथ्वीराज हाई स्कूल, बोलांगीर से हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण की और 1982 में बोलनगीर के राजेंद्र कॉलेज से अपना बीकॉम (ऑनर्स) पूरा किया। एमकॉम की पढ़ाई दिल्ली विश्वविद्यालय से पूरी की। फिर एलएलबी की पढ़ाई 1987 में विधि संकाय दिल्ली विश्वविद्यालय से पूरी की।

### सीपी राधाकृष्णन आज लेंगे शपथ

**रांची।** झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शुक्रवार शाम रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुद नए राज्यपाल का स्वागत किया। इससे पहले निवर्तमान राज्यपाल रमेश बैस शुक्रवार की दोपहर महाराष्ट्र रवाना हो गए। एयरपोर्ट पर रमेश बैस को भावभीनी विदाई देने स्वयं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई आला अधिकारी पहुंचे। इसमें मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, राज्यपाल के प्रधान सचिव नीतिन मदन कुलकुर्णी, डीआईजी अनीश गुप्ता, रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर शामिल थे। राधाकृष्णन 18 फरवरी को दिन के 11:30 बजे राजभवन स्थित बिरसा मंडप में नये राज्यपाल के रूप में शपथ लेंगे। झारखंड हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह उन्हें राज्यपाल पद की शपथ दिलायेंगे।

### दो आतंकी संगठन बैन, रिंदा आतंकी घोषित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को एक और व्यक्ति तथा दो संगठनों को आतंकवादी/आतंकवादी संगठन घोषित कर बैन कर दिया है। गृह मंत्रालय ने हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंदा को आतंकवादी घोषित किया है तो वहीं खालिस्तान टाइगर फोर्स तथा जम्मू और कश्मीर गजनवी फोर्स जैसे संगठनों को आतंकी संगठन घोषित कर बैन कर दिया है। गृह मंत्रालय के अनुसार, संधू आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा हुआ है और वर्तमान में सीमापार एजेंसियों के संरक्षण में लाहौर में है। खालिस्तान टाइगर फोर्स और जम्मू और कश्मीर गजनवी फोर्स देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए गए।

*(ब्यूरो/एजेंसी)*

# आईपीएल 2023 : 31 मार्च से होगी दे दनादन की शुरुआत



**एजेंसी। मुंबई**

इंडियन प्रीमियर लीग के 16वें सीजन के शेड्यूल का एलान हो गया है। लीग के 16वें सीजन की शुरुआत 31 मार्च से होगी। आईपीएल 2023 का पहला मैच गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा। आईपीएल 2023 का ओपनिंग मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। गत चैंपियन गुजरात टाइटंस 16वें सीजन के उद्घाटन मैच में चेन्नई सुपर किंग्स की मेजबानी करेगी। टूर्नामेंट का 16वां संस्करण 31 मार्च से शुरू होगा और आखिरी लीग मैच 21 मई को खेला जाएगा। हालांकि, बीसीसीआई ने अभी तक आईपीएल 2023 के प्लेऑफ मैचों की तारीखों का खुलासा नहीं किया है।

**▸▸ 16वें सीजन के शेड्यूल का हुआ ऐलान, पहले मुकाबले में भिड़ेंगे गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के लड़ाके**

**आईपीएल 2023 में खेले जाएंगे कुल 74 मैच**

आईपीएल 2023 में कुल 74 मैच खेले जाएंगे। पहले लीग राउंड में सभी 10 टीमें 14-14 मैच खेलेंगी। इस तरह लीग राउंड में कुल 70 मैच खेले जाएंगे। फिर प्लेऑफ के चार मैच खेले जाएंगे। इस तरह टूर्नामेंट में कुल 74 मैच खेले जाएंगे। आईपीएल 2023 का आयोजन भारत में ही होगा। देशभर के कुल 12 मैदानों पर सभी मैच खेले जाएंगे। एक टीम लीग स्टेज में सात मैच अपने घर पर और सात मैच विपक्षी टीम के घर पर खेलेगी। बीसीसीआई ने इससे पहले वीमेंस प्रीमियर लीग के पहले संस्करण के शेड्यूल का ऐलान कुछ दिन पहले ही किया था। महिला प्रीमियर लीग के सीजन का पहला मुकाबला 4 मार्च को खेला जाएगा। वहीं, फाइनल 26 मार्च को होगा। इसके बाद ही आईपीएल के सीजन की शुरुआत होगी।

# अडाणी प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने सीलबंद नाम किया नामंजूर

**टीम आरएनएम। नई दिल्ली**

देश की सर्वोच्च अदालत ने शुक्रवार को दो अहम फैसले दिये। पहला फैसला दिल्ली नगर निगम चुनाव को लेकर आया, तो दूसरा फैसला अडाणी-हिंडनबर्ग मामले को लेकर। पहले फैसले में अदालत ने दो टूक कहा कि एमसीडी मेयर के चुनाव में मनोनीत सदस्य वोट नहीं कर सकते। दूसरे फैसले में अदालत ने कहा कि वह हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जांच के लिए गठित की जानेवाली समिति में शामिल करने के लिए केंद्र द्वारा सुझाए गए विशेषज्ञों के सीलबंद कवर नामों को स्वीकार नहीं करेगा।

### आप को राहत

आम आदमी पार्टी को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि मनोनीत सदस्य दिल्ली नगर निगम के मेयर के चुनाव में मतदान नहीं कर सकते हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने 24 घंटे में एमसीडी की पहली बैठक बुलाने और मेयर, डिप्टी मेयर और स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव की तारीख तय करने का नोटिस जारी करने का भी आदेश दिया। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जे.बी. पारदीवाला की बेंच ने आप की इस दलील को भी स्वीकार कर लिया कि मेयर चुने जाने के बाद वह डिप्टी मेयर और स्टैंडिंग कमेटी के सदस्यों के चुनाव की अध्यक्षता करेंगे, न कि प्रोटेम पीठासीन अधिकारी की। शीर्ष अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 243आर और दिल्ली नगर निगम अधिनियम की धारा 3 (3) पर भरोसा करते हुए कहा कि प्रशासक द्वारा नामित व्यक्तियों को वोट देने का अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने 13 फरवरी को कहा था कि मनोनीत सदस्य मेयर के चुनाव में मतदान नहीं कर सकते हैं।

### सीलबंद नाम अस्वीकार्य

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जांच के लिए गठित की जाने वाली समिति में शामिल करने के लिए केंद्र द्वारा सुझाए गए विशेषज्ञों के सीलबंद कवर नामों को स्वीकार नहीं करेगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अदालत विशेषज्ञों का चयन करेगी और पूरी पारदर्शिता बनाए रखेगी। अगर अदालत केंद्र सरकार द्वारा सुझाए गए नामों को लेती है तो यह सरकारी समिति हो जाएगी। अदालत निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी पारदर्शिता चाहती है और वह समिति का गठन करेगी ताकि अदालत में विश्वास की भावना पैदा हो। समिति के कार्यक्षेत्र के पहलू पर, केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि एक समग्र दृष्टिकोण होना चाहिए।

# शांति प्रयास

## 5 लोग पूजा करेंगे और चार लोग पढ़ेंगे नमाज

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर तोरणद्वार बनाने को लेकर हुए विवाद के बाद शुक्रवार को शांति बहाली के लिए दोनों समुदायों के लोगों के साथ जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मस्जिद में सिर्फ चार लोग ही जुमे का नमाज अदा करेंगे जबकि महाशिवरात्रि के दिन सिर्फ पांच लोग ही मंदिर में पूजा करेंगे। जिला प्रशासन शहर का माहौल सुधारने के लिए लगातार कवायद कर रहा है। इसी क्रम में पलामू जोनल आईजी राजकुमार लकड़ा, डीसी ए दोड्डे, एसपी चंदन सिन्हा ने शुक्रवार को दोनों समुदायों के लोगों के साथ बैठक की। इसमें दोनों समुदायों के पांच-पांच लोग शामिल हुए।

उल्लेखनीय है कि पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर तोरणद्वार बनाने को लेकर बुधवार को दो समुदायों में विवाद हो गया। इसमें कई पुलिसकर्मी और आम लोग घायल हो गये। पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील है।

पुलिस ने 100 नामजद समेत 1000 से अधिक अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया है। साथ ही मुखिया पति समेत 13 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य उपद्रवियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस बलों ने गुरुवार को फ्लैग मार्च निकाला था। पलामू में इंटरनेट सेवा को 19 फरवरी सुबह 10 बजे तक के लिए बंद कर दिया गया है। बैठक के बाद चतरा सांसद प्रतिनिधि अमरनाथ गुप्ता ने कहा कि हमलोग प्रशासन से मांग करते हैं कि भगवान शिव की बारात शांति तरीके से निकालने की इजाजत दी जाये।



### पलामू में इंटरनेट सेवा ठप होने से सरकार को लाखों का नुकसान

**मेदिनीनगर।** पांकी में दो समुदायों में हुई झड़प के बाद जिला प्रशासन के अनुरोध पर राज्य सरकार ने इटरनेट सेवा बंद करा दिया है। इससे जिले के सभी कार्यालयों में इंटरनेट आधारित सभी कार्य पूर्णतः ठप हो गये हैं। इससे रजिस्ट्री ऑफिस, परिवहन ऑफिस समेत सभी कार्यालयों के कार्य पूर्णतः बंद हो गये हैं।

इससे सरकार को लाखों रुपये राजस्व की क्षति हुई है। सरकार द्वारा 15 फरवरी से ही इंटरनेट सेवा बंद करा दिया गया है, जिससे रजिस्ट्री ऑफिस से जमीन की खरीद-बिक्री का कार्य बंद है। इससे न तो जमीन की रजिस्ट्री हो पा रही है और न ही लोगों के काम हो पा रहे हैं। सरकार को राजस्व का जो नुकसान हो रहा है, वह लाखों में है।

## वायरल वीडियो से संबंधित दोषियों की पहचान

**▸▸ 19 की सुबह से फिर से इंटरनेट सुविधा बहाल होने की संभावना**

**▸▸ फ्लैग मार्च निकला, डीसी ने शांति बनाये रखने की अपील की**

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर।**

पलामू के पांकी में दो समुदायों के बीच हुए झड़प और पत्थरबाजी के बाद प्रशासन पूरे जिले में सर्तकता बरत रही है। शुक्रवार को शांति के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया। इस बाबत डीसी ने शांति बनाये रखने की अपील की।

पलामू में सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह न फैले, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा दो दिनों तक इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है।

शुक्रवार को मुसलिम समुदाय के लोगों ने मस्जिद में जुम्मे की नमाज अता की। इसके लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा पूरे जिले के मस्जिदों में सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई ताकि कोई भी अप्रिय घटना न घटे। वहीं मेदिनीनगर के बुद्धिजीवी मुसलिम और हिन्दू समाज के लोगों का कहना है कि कहीं भी कुछ हो जाये, परन्तु मेदिनीनगर के दोनों समुदाय के लोग भाईचारगी का परिचय देते रहेंगे। गौरतलब है कि पांकी में दो समुदायों के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में भय का माहौल बना हुआ है। लोग डरे और सहमे नजर आ रहे हैं। वैसे, दो दिनों के बाद पांकी में अभी शांतिपूर्ण माहौल बना हुआ है। पलामू के उपायुक्त ने आम जनता से शांति बरतने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि माहौल को शांतिपूर्ण बनाये रखने के लिए इंटरनेट सेवा को बाधित किया गया है। 19 फरवरी की सुबह से फिर से इंटरनेट सुविधा को बहाल होने की संभावना है। अभी फिलहाल मारपीट और पत्थरबाजी की घटना में शामिल एक दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

घटना को लेकर वायरल वीडियो से संबंधित दोषियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन के द्वारा झड़प के बाद पांकी में 144 धारा लागू है।

कहीं भी चार से अधिक लोगों को जमा होने पर पाबंदी लगा दी गई है। पांकी में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए आईजी राजकुमार लकड़ा, रेल एसपी इन्द्रजीत महथा, पलामू उपायुक्त ए दोडे, पलामू एसपी चंदन सिन्हा, एसडीओ राजेश शाह, एसडीपीओं रिषभ गर्ग सहित अन्य अधिकारी कैंप किये हुए हैं।

## शिंदे गुट के पास रहेगा शिवसेना का नाम और धनुष-बाण का सिंबल

**नई दिल्ली।** शिवसेना पर अधिकार को लेकर एकनाथ शिंदे गुट और उद्धव ठाकरे गुट के बीच चल रही खींचतान के बीच शुक्रवार (17 फरवरी) को चुनाव आयोग ने बड़ा आदेश दिया। चुनाव आयोग ने आदेश दिया कि पार्टी का नाम शिवसेना और पार्टी का प्रतीक धनुष और बाण एकनाथ शिंदे गुट के पास ही रहेगा।

एकनाथ शिंदे के विद्रोह और उद्धव ठाकरे सरकार के पतन के बाद दोनों गुट शिवसेना के नाम और धनुष-बाण के मूल चुनाव चिह्न पर दावा ठोंक रहे हैं। मामला चुनाव आयोग के पास लंबित होने के कारण धनुष-बाण के चिन्ह को फ्रीज कर दिया गया था। उपचुनाव के लिए, दो गुटों को दो अलग-अलग सिंबल आवंटित किए गए थे। जिसमें शिंदे गुट को दो तलवारें और एक ढाल, उद्धव गुट को मशाल का सिंबल दिया गया था।

# चाईबासा: नक्सलियों ने पंचायत भवन और पुल उड़ाया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चाईबासा जिले में नक्सलियों ने एक बार फिर जोरदार विस्फोट किया है। गोइलकेरा थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात बम धमाका कर एक पंचायत भवन और पुलिया को उड़ा दिया। विस्फोट की लगातार दो घटनाओं से क्षेत्र में दहशत है। बताया गया कि नक्सलियों ने गोइलकेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कदमडीहा पंचायत के गितिलपि में स्थित पंचायत भवन में आईईडी बम लगाकर विस्फोट किया तो पूरा भवन गिर गया।

इसके कुछ देर बाद चाईबासा मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सोएतबा-बरकेला चाइबासा रोड पर एक पुलिया को भी नक्सलियों ने बम से उड़ा डाला। उन्होंने पेड़ काटकर सड़क पर गिरा दिया, जिससे यातायात बंद होने की सूचना है।



बता दें कि पिछले कई महीनों से पुलिस ने नक्सलियों के विरुद्ध अभियान छेड़ रखा है। इससे बौखलाए नक्सली भी लगातार विस्फोट की घटनाएं अंजाम दे रहे हैं। पश्चिमी सिंहभूम जिले के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि नक्सलियों द्वारा पंचायत भवन को उड़ाया गया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है। भाकपा माओवादियों ने घटना को अंजाम देने के बाद दीवारों पर नारे लिखकर 12 से 24 फरवरी तक राज्यव्यापी प्रतिरोध दिवस सप्ताह मनाने का बात कही। उन्होंने लिखा है कि माओवादियों को खदेड़ने के नाम पर पुलिस और सैनिक बलों द्वारा कोल्हान के आदिवासियों के उपर चलाया जा रहा बर्बर युद्ध बंद करो।

# बीबीसी के टैक्स भुगतान में अनियमितताएं पाई गईं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) के मुंबई-दिल्ली स्थित दफ्तरों में आईटी सर्वे को लेकर आयकर विभाग ने बड़ा दावा किया है। आयकर विभाग ने शुक्रवार को कहा कि तीन दिन के सर्वे के बाद बीबीसी के दफ्तरों में इंटरनेशनल टैक्स को लेकर कुछ गड़बड़ियों का पता चला है।

इनकम टैक्स विभाग ने दिल्ली और मुंबई में बीबीसी के दफ्तर पर इनकम टैक्स एक्ट 133ए के तहत सर्वे किया था। सर्वे के दौरान पता चला है कि बीबीसी ग्रुप के द्वारा आय कम दिखाकर टैक्स बचाने की कोशिश की गई है। सर्वे के दौरान विभाग ने संगठन के संचालन से जुड़े जो सबूत इकट्ठा किए। उनसे साफ पता चलता है कि बीबीसी की फॉरिन यूनिट्स के जरिये हुए लाभ के कई सोर्सेस ऐसे थे, जिनपर भारत में देय टैक्स नहीं चुकाया गया।




ब्रिटिश पब्लिक ब्रॉडकास्टर द्वारा पीएम मोदी और 2002 के गुजरात दंगों पर एक डॉक्यूमेंट्री प्रसारित किए जाने के हफ्तों बाद सर्वे को लेकर आयकर विभाग ने आरोप लगाया कि बीबीसी की विभिन्न यूनिट्स द्वारा घोषित आय और लाभ भारत में संचालन के पैमाने के अनुरूप नहीं थे। बीबीसी ने अभी तक आरोपों का जवाब नहीं दिया है। विदेशों और देश मे मौजूद कई ऐसे कर्मचारी हैं, जिनकी पेमेंट भारतीय यूनिट द्वारा की गई, लेकिन उस पर भी टैक्स नहीं चुकाया गया। बीबीसी कर्मचारियों के बयान, डिजिटल एविडेन्स और कागजातों के आधार इन तमाम वित्तिय अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। ये बयान टॉप लेवल कर्मचारियों, फाइनेंस, कंटेंट डेवलपमेंट और प्रोडक्शन से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों के दर्ज किए गए हैं।

**महाशिवरात्रि** | पंच महायोग वाली यह महाशिवरात्रि हर कार्य के लिए अति शुभ

# 700 साल बाद पंच महायोग वाला संयोग

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

इस वर्ष 18 फरवरी शनिवार को महाशिवरात्रि है। पंचांग के अनुसार यह दिन फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष का 14वां है। काशी के पंडित जयन्तु जय शास्त्री का कहना है कि सनातन धर्म शास्त्रों के अनुसार 700 वर्ष बाद ऐसा अद्भुत संयोग बना है जब महाशिवरात्रि पर केदार, शंख, शश, वरिष्ठ और सर्वार्थसिद्धि योग मिलकर पंच महायोग बना रहे हैं। इसी दिन तेरस और चौदस दोनों तिथियां भी हैं। इस तिथि संयोग को भी शिव पूजा के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इन शुभ व विलक्षण तिथियों के संयोग के कारण ही शनिवार 18 फरवरी 2023 को शिवरात्रि के दिन पूजा-पाठ व कुछ खरीदारी तथा कोई नया कार्य शुरू करने का शुभ अवसर है।

जहां तक शिवरात्रि की शुरुआत का सवाल है, तो इसके बारे में पंडित जयन्तु जय शास्त्री बताते हैं कि शिव महापुराण के अनुसार शिवजी फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चौदस को आधी रात में शिवजी लिंग रूप में प्रकट हुए थे। उनके प्रकट होने पर भगवान विष्णु व ब्रह्मा ने पहली बार शिवलिंग की पूजा की। जिसके कारण इस तिथि को शिवरात्रि मनाया जाता है। लेकिन महाशिवरात्रि के दिन सुबह से लेकर रात में भी पूजा का विधान है। शिव, लिंग पुराण व स्कंद पुराण के अनुसार शिवरात्रि को रात्रि में शिवलिंग का अभिषेक अति शुभ माना जाता है। ज्यादातर साधक रात्रि में ही शिव की पूजा करते हैं। बाबा भोले विश्वनाथ इतने दयालु हैं कि यदि उनको कोई भक्त मंदिर न जाकर, घर में रहते हुए ही सच्चे मन से ओउम् नमः शिवाय मंत्र जपते हुए पूजा कर ले, तो भी प्रसन्न हो जाते हैं और यह पूजा भी महा पूजा के बराबर ही फलदायी होती है।

(पेज 9 भी देखें)

### इन मंत्रों को पढ़ें आज

ॐ ऊर्ध्व भू फट् । ॐ नमः शिवाय । ॐ ह्रीं ह्रौं नमः शिवाय ।
ॐ नमो भगवते दक्षिणामूर्त्तये मह्यं मेधा प्रयच्छ स्वाहा ।
ॐ इं क्षं मं औं अं । ॐ प्रौं ह्रीं ठः ।
ॐ नमो नीलकण्ठाय । ॐ पार्वतीपतये नमः । ॐ पशुपतये नमः।
(इस मंत्र को महाशिवरात्रि के दिन रुद्राक्ष की माला के साथ जपना चाहिए।)

**दूसरा मंत्र**

ॐ अघोराय नमः
ॐ शर्वाय नमः
ॐ विरूपाक्षाय नमः
ॐ विश्वरूपिणे नमः
ॐ त्र्यम्बकाय नमः
ॐ कपर्दिने नमः
ॐ भैरवाय नमः
ॐ शूलपाणये नमः
ॐ ईशानाय नमः, ॐ महेश्वराय नमः।



## NEWS इन ब्रीफ

### वाहन चेकिंग अभियान में कई बाइक जब्त

**विश्रामपुर।** अनुमंडलीय पुलिस ने थाना मोड़ के समीप पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर शुक्रवार को विशेष दोपहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें दोपहिया वाहन चालकों की हेलमेट, लाइसेंस, इंसुरेंस, गाड़ी की रजिस्टेशन नंबर आदि की पुलिस द्वारा गंभीरता पूर्वक जांच की गई। थाना प्रभारी शशि रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि चेकिंग के दौरान कई बाइक चालकों के द्वारा हेलमेट व लाइसेंस की कमी पाई गई। साथ ही पुलिस द्वारा पूछे जाने पर वाहन चालकों के द्वारा संतोष जनक उत्तर नहीं दिया गया। जिसके कारण इनके वाहनों को जब्त कर थाना लाया गया। है। जिसे अग्रतर कार्यवाही हेतु जिला परिवहन विभाग मेदिनीनगर को भेज दिया गया है। वाहन चेकिंग अभियान में कई जवान मौजूद थे।

### बाइक दुर्घटना में युवक घायल

**मेदिनीनगर।** छत्तरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सिलदाग निवासी मोहन विश्वकर्मा उम्र 35 वर्ष बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मोहन विश्वकर्मा शुक्रवार की सुबह बाइक से सवार हो कर छत्तरपुर बाजार जा रहा था। तभी रास्ते में एक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए छत्तरपुर समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। लोगों के द्वारा इसकी जानकारी घायल के परिजनों को दी गई। जानकारी मिलते ही परिजन छत्तरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे। जहां चिकित्सको ने परिजनों को बताया कि मोहन विश्वकर्मा की गंभीर स्थिति बनी हुई है। चिकित्सकों के द्वारा बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर किया गया।

# पलामू में अंग्रेजी शराब से ग्राहकों की जेब पर डाका

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में शराब की लाइसेंसी दुकानें धड़ल्ले से ब्लैक में शराब बेच रही है। ऐसी कोई दुकान आपको नहीं मिलेगी, जहां 10-20 रुपये मूल्य से ज्यादा रुपया न लिया जा रहा हो। जबकि दुकानों पर भी शराब का अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) जारी होने की वजह से ब्रांड की बोतल पर वसूला जा रहा है। शराब दुकान में मदिरा प्रेमियों की जेब जरूर काटी जा रही है। ये सब अपकारी विभाग की सुस्ती और लापरवाही के कारण हो रहा है। सरकारी शराब दुकानों पर ही (एमआरपी) से अधिक दाम पर शराब की बिक्री की जा रही है। इससे शराब प्रेमियों में नाराजगी है। पलामू शहर में अंग्रेजी शराब दुकान में ग्राहकों की जेब पर डाका डाला जा रहा है। लंबे समय से शिकायत देखने को मिल रही है। वहीं शराब दुकान में ग्राहकों से एमआरपी से अधिक दाम पर शराब बेचा जा रहा है। ऐसे में बीते दिन शराब खरीदने पहुंचे एक



व्यक्ति ने अपना नाम नहीं छापने का अपील करते हुए कहा है कि शराब अधिक दाम पर बेचा जा रहा है। यदि प्रिंट रेट में शराब की मांग की जाती है तो सेल्समैन द्वारा शराब देने से मना कर देते हैं। शराब की बोतल में छपी एमआरपी से अधिक दाम पर शराब की बिक्री की जा रही है। जिसके कारण लोगों को अधिक दाम दे कर शराब खरीदनी पड़ती है। अधिक दाम में शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ विभाग द्वारा कार्रवाई होनी चाहिए। यह हाल ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा देखा जा रहा है। संचालित देसी-विदेशी शराब दुकानों में नियमों का पालन नहीं हो रहा है। जहां मनमानी दामो पवर शराब की बिक्री की जा रही है। अक्सर दुकानदारों व ग्राहकों के साथ तू-तू मैं-मैं हो रही है। कभी-कभी तो झगड़े तक बात पहुंच जाती है। फिर भी दुकानदारों का कहना है कि आपको जहां जाना है, वहां जाईये। शराब के एमआरपी से अधिक दाम वसूलकर इसे बेच रहे हैं। लेकिन अभी तक विभाग की ओर से इसे लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

# साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कानूनी कार्रवाई हो : विहिप

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व हिन्दू परिषद ने उपायुक्त पलामू को राज्यपाल झारखंड के नाम ज्ञापन सौंपते हुए साम्प्रदायिक सौहार्द्ध बिगाड़ने वाले पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। गौरतलब है कि महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में तोरण द्वार बनाये जाने का दूसरे पक्ष के विरोधियों ने तोरण द्वार बना रहे लोगों पर लाठी डंडे से प्रहार कर दिया। जिसमें एक व्यक्ति का सिर फट गया। वहां उपस्थित लोग कुछ समझ पाते तब तक मस्जिद के उपर से पत्थरबाजी और पेट्रोल बम से वहां उपस्थित हिन्दू समुदाय के लोगों पर अनायास हमला कर दिया। जिसमें काफी लोग हताहत हो गये। मौके पर पहुंच पलामू पुलिस प्रशासन के द्वारा स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया। इस घटना में पुलिस प्रशासन को भी नहीं बख्शा गया, जिसमें एक आला अधिकारी सहित कुछ पुलिस कर्मी भी घायल हो गये। विश्व हिन्दू परिषद-बजंरग दल पलामू ने राज्यपाल झारखंड से इसे उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की है। कि आखिर मस्जिद की छत पर ईट और पत्थर के टुकड़े कहां से आये। पेट्रोल बम को वहां किस मकसद से लाया गया। उन्होंने वहां लगे सीसीटीबी कैमरे के फुटेज को निकलवाकर उपद्रवियों, असामाजिक तत्वों और घटना के षडंयत्रकारियों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाय। प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त से अनुरोघ किया है कि आज शुक्रवार है ।आज भी स्थिति बिगड़ने की संभावना बन सकती है। इसलिए आज होने वाले जुम्मे के नवाज और कल की शिवरात्रि महोत्सव के समय भी सुरक्षा की समूचित व्यवस्था की जाय। ताकि इस तरह की दुभाग्यपूर्ण घटना की पूर्णावृति को हर हाल में रोका जा सके। मंडल में जिला मंत्री सुबेदा दामोदर मिश्र,जिला सह मंत्री अमित तिवारी, अधिवक्ता विशाल दुबे, नवेन्दु त्रिपाठी, विरेन्द्र प्रसाद सहित कई लोग शामिल थे।

# पांकी विधायक मेहता ने कहा: निर्दोष लोगों को गिरफ्तार नहीं किया जाये

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक शशिभूषण मेहता ने शुक्रवार को पलामू परिसदन भवन में प्रेस वार्ता कर जानकारी दिया कि बुधवार को पलामू जिला अंतर्गत पांकी के पांकी मुख्य बाजार एवं मस्जिद चौक पर महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव बारात निकालने हेतू तोरण द्वार बनाया जा रहा था। जिसमें विशेष समुदाय के लोगों द्वारा तोरणा द्वार नहीं लगाने को बोला गया। तोरण द्वार लगाने पर विशेष समुदाय के लोगों के द्वारा तोरण द्वार लगा रहे लोगों पर लाठी-डंडे से प्रहार कर घायल कर दिया। जिस कारण विवाद बढ़ा है। उन्होंने बताया कि यह स्पष्ट रूप से ज्ञात हुआ है कि कुछ असमाजिक तत्वों के द्वारा यह योजना बानायी गयी थी। कि इस वर्ष समाजिक सदभाव के माहौल को बिगाड़ाना है। यह अत्यंत ही खेद जनक है। जिन लोगों के द्वारा अपने व्यक्तिगत कार्यक्रमों के लिए पूरा मस्जिद मार्ग चौक अवरुद्ध कर दिया जाता है, उन लोगों ने हमारे सैकड़ो वर्षों की आस्था पर चोट पहुंचाया है। सभी धर्म के लोग वर्षों से अपने धार्मिक अनुष्ठान को आयोजित करते आ रहे हैं। परंतु चंद असाजिक लोगों की वजह से माहौल को बिगाड़ा गया है। इस माहौल को बिगड़ने के बाद निर्दोष लोगों को भी फंसाया गया है। जो व्यक्ति नित्य कार्य करने को निकल रहे हैं। छात्र शिक्षण कार्य के लिए निकल रहे हैं। उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। घरों की महिलाओं को परेशान नहीं किया जाये। मौके पर जिलाध्यक्ष विज्या नंद पाठक, विजय ओझा, लवली गुप्ता, प्रषुराम ओझा व अन्य नेता उपस्थित थे।


## पूर्व मध्य रेल
### गाड़ियों का निरस्तीकरण

दिनांक 19.02.23 से 02.03.23 तक अंकोरहा, बड़की सलैया, नबी नगर में पतरातू–सोन नगर के मध्य तीसरी लाइन कनेक्टिविटी से संबंधित एनआई कार्य के मद्देनजर निम्नलिखित गाड़ियों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:

1. गाड़ी संख्या 03341/03342 बरकाकाना–देहरी ऑन सोन–बरकाकाना पैसेंजर दिनांक 19.02.23 से 02.03.23 तक निरस्त रहेगी।
2. गाड़ी संख्या 03359 बरकाकाना–वाराणसी पैसेंजर दिनांक 19.02.23 से 02.03.23 तक निरस्त रहेगी।
3. गाड़ी संख्या 03360 वाराणसी–बरकाकाना पैसेंजर दिनांक 19.02.23 से 03.03.23 तक निरस्त रहेगी।

विस्तृत जानकारी के लिए– www.enquiry.indianrail.gov.in/NTES APP

पीआर/02166/एचक्यू/ओपीटीजी/एन/22–23/40 मुख्य यात्री परिचालन प्रबंधक, पूमरे, हाजीपुर



## झारखण्ड सरकार
### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, गढ़वा।
### प्रेस विज्ञप्ति

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, के तत्वधान में जिला प्रशासन एवं जिला नियोजनालय, गढ़वा के संयुक्त प्रयास से "रोजगार आपके द्वार" के तहत दिनांक 25 फरवरी 2023 दिन–शनिवार, स्थान–फोरेस्ट कॉलोनी, गढ़वा के मैदान में (वन विभाग, कार्यालय के समीप) समय 10.00 बजे पूर्वाहन् से 04.00 बजे अपराहन् तक एक दिवसीय दत्तोपंत ठेगड़ी रोजगार मेला 2023 का आयोजन किया जा रहा है। श्री नीरज कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी, गढ़वा द्वारा जिले के तमाम बेरोजगार युवक/युवतियों से अपील की है कि इस रोजगार मेला के सुनहरे अवसर का लाभ अवश्य उठावें। साथ ही यह भी बताये की इस "रोजगार मेला" में राज्य के साथ–साथ राज्य के बाहर के निजी नियोजक भाग लेंगें। इस मेला में भाग लेने हेतु जिला नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है जिनका निबंधन नही है वे अपना निबंधन जिला नियोजन कार्यालय में उपस्थित होकर या विभाग के अधिकृत वेबसाईट–www.rojgar.jharkhand.gov.in पर जा कर स्वंय निबंधन कर सकते हैं। नियोजकों द्वारा कुल पदों की विवरणी प्राप्त होते ही रिक्ति से संबंधित सूचना प्रचार–प्रसार के विभिन्न माध्यमों द्वारा विज्ञापित कर दिया जाएगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी
गढ़वा

PR 290587 Labour Employment and Traning(22-23)D



## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल लातेहार।
### प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा संवेदक मेसर्स माँ गायत्री बिल्डकॉन प्राईवेट लिमिटेड, एम.आई.जी.–डी./110 हरमू हाउसिंग कॉलोनी, अरगोड़ा, राँची, झारखण्ड को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा इस प्रमंडल में "लातेहार–सरयु–कोटाम (गारू) पथ (एम.डी.आर.–249) के 3रे कि0मी0 में औरंगा नदी पर उच्चस्तरीय सेतु निर्माण (पहुँच पथ सहित) कार्य" एकरारनामा संख्या 10SBD/2016-17 Dated 12-11-2016 दिनांक 12.11.2016, वर्ष–2016–17 दिनांक 12.11.2016, एकरारनामा की राशि – 5,94,48,229.00 (पॉच करोड़ चौरानबे लाख अड़तालीस हजार दो सौ उनतीस) रूपये मात्र है। कार्य प्रारम्भ होने के छः वर्ष से भी अधिक समय बीत जाने के पश्चात आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने में असफल रहने के कारण मुख्य अभियंता(या0), पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची का पत्रांक 339/रांची दिनांक 15.02.2023 के आदेशानुसार उक्त कार्य का एकरारनामा (10SBD/2016-17 Dated 12-11-2016) को SBD के Conditions of Contract के Clause – 59.2 (a), (b) एवं (g) के तहत एकरारनामा विखण्डित किया जाता है,

योजना की अंतिम मापी दिनांक 23.02.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता द्वारा ली जायेगी। अतः निर्धारित तिथी एवं समय पर संवेदक स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधी उपस्थित रहेंगें। संवेदक अथवा उनके प्रतिनिधि की अनुपस्थिति में भी कार्य की अंतिम मापी ले ली जायेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, लातेहार।

PR 290534 (Road) 22-23 (D)



## झारखण्ड सरकार
### ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय
### 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

### ई–अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:- 238/RI/2022-23/RWD/LATEHAR दिनांक :- 17.02.2023

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/LATEHAR/10/SRPKG-01/2022-23 | (i) सुरकुमी गाँव से चिरोपाट कुकुद पथ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 5.600 कि0मी0)<br>(ii) पोखरीकला से कुसाहाबथान औरंगानदी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.900 कि0मी0)<br>(iii) केन्द्रीय विद्यालय लातेहार से भाया मोंगरा तुरूडीह, निन्दिर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 8.200 कि0मी0)<br>(iv) चटनाही पी0डब्लू0डी0 रोड से बाजकुम आर0ई0ओ0 रोड भाया नवोदय स्कूल तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.100 कि0मी0) | 8,23,80,200.00 | आठ करोड़ तेईस लाख अस्सी हजार दो सौ रू0 मात्र | 18 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **20.02.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **27.02.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **लातेहार** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– **28.02.2023** पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– **01.03.2023** पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **लातेहार** के पक्ष में एवं **लातेहार** में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 290607 Rural Work Department(22-23)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114

E-mail :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

### ई–प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
**(3rd Call)**

निविदा सूचना संख्या–**DWSD/GAR-15/2022-23** दिनांक–**16.02.2023**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | केन्द्र प्रायोजित योजना 'जल जीवन मिशन' के अन्तर्गत :– Detailed survey, designing and drawing, Construction of 8.60 MLD capacity Water Treatment plant, ESR, Zone -01 2.50 lakh ltr. Capacity with 07 M. staging, ESR Zone 04 4.40 lakh ltr. Capacity with 17 M Staging, ESR Zone 05 3.00 lakh ltr. Cap acity with 09 M. Staging, ESR Zone 06 5.40 lakh ltr. Capacity with 22 M staging, ESR Zone 07 3.20 lakh ltr. Capacity with 14 M staging, Sump 4.70 lakh ltr. Capacity, Staff Quarter, Compound wall, Supplying and laying Raw and Clear Water rising main and D istribution Network, House Connection, Pump house, Railway Crossing, Intake well, Gangway, infiltration Gallery, Approach Road, Supplying and Installation of VT and Centrifugal pump motor and Five years operation & maintenance with allied works etc. all c omplete job for **Nagar Untari -Ramna Adjoining village , Rural pipe Water** Supply Scheme under D.W. & S. Division Garhwa on turnkey basis." |
|---|---|---|
| 1 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | **12895.42** लाख (एक सौ अठाईस करोड़ पनचानबे लाख ब्यालीस हजार रू0) मात्र। |
| 2 | अग्रधन की राशि (लाख में) | **128.96** लाख (एक करोड़ अठाईस लाख छियानबे हजार रू0) मात्र |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य | **10,000/-** (दस हजार रूपये मात्र) |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 27 (सताईस) माह + 3 (तीन) माह **Trial & Run** |
| 5 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | **20/02/2023/12.30** बजे अपराह्न तक। |
| 6 | प्री–बीड मिटिंग की तिथि एवं समय | **21/02/2023/12.30** बजे अपराहन में अभियंता प्रमुख का कार्यालय, पेयजल एवं स्व0 विभाग, झारखंड, रांची। |
| 7 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | **27/02/2023/05.00** बजे अपराहन तक। |
| 8 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की तिथि एवं समय | **28/02/2023** को **10:30** पूर्वाह्न से **05.00** बजे अपराहन तक :–<br>1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल कार्यालय, गढ़वा<br>2) अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर<br>3) क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, विभाग रांची प्रक्षेत्र, रांची |
| 9 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | **01/03/2023/04.00** बजे अपराहन में। |
| 10 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 11 | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 12 | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क नं0 | **9973003856** |
| 13 | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 | **0651-2490920** |

(1) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(2) विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट **http://jharkhandtenders.gov.in** पर या कार्यालय में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

PR 290612 Drinking Water and Sanitation(22-23)D



## सह निदेषक का कार्यलय
## क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, चियांकी, पलामू

### आम बगान नीलामी आमंत्रण सूचना संख्या 01 वर्ष 2023

क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, चियांकी में आम बागानी नीलामी की जानी है, जिसका विवरण निम्नवत है–

| बगान क्षेत्र का नाम | न्यूनतम नीलामी बोली मूल्य (रू0) |
|---|---|
| प्लॉट नं0 05 | 1,02,000/– |
| प्लॉट नं0 08 | 37,5,00/– |
| प्लॉट नं0 9 A (आम्रपाली) | 1,50,000/– |
| प्लॉट नं0 9B | 45,000/– |
| प्लॉट नं0 10 | 3,60,000/– |
| प्लॉट नं0 19 | 2,70,000/– |
| नर्सरी | 30,000/– |
| न्यू एरीया (आम्रपाली) | 1,20,000/– |
| न्यू एरीया (प्रयोग आम) | 40,625/– |
| जिला प्रक्षेत्र | 18,000/– |
| मुख्य कार्यालय | 6000/– |

इच्छुक व्यक्ति आवेदन पत्र लिखकर बंद लिफाफा में दस दिनों के अंदर कार्यालय को समर्पित करें।

**नोटः–** नीलामी सम्बंधित शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में सह निदेषक कार्यालय में देखा जा सकता है।

ह0
सह निदेशक
क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, चियांकी।

पत्रांक : 87 दिनांक 17/02/2023



## कार्यालय– समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार।
(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

### सूचना

लातेहार जिला अन्तर्गत कल्याण विभाग के नियंत्रणाधीन अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्र/छात्राओं को शिक्षा प्रदान करने हेतु संचालित आवासीय विद्यालयों में स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी के कारण पठन–पाठन कार्य के लिए लातेहार जिला के योग्य बेरोजगार युवक/युवतियों की सेवा घंटी आधारित शिक्षक के रूप में अधिप्राप्ति किया जाना है। जिले में विद्यालयवार स्वीकृत पदों की रिक्तियाँ निम्न प्रकार हैं :–

| क्र0 | विद्यालय का नाम | विषय का नाम | रिक्तियां |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, महुआडांड़ | हिन्दी | 01 |
| | | अंग्रेजी | 01 |
| | | संस्कृत | 01 |
| | | विज्ञान | 01 |
| | | भूगोल (सामाजिक विज्ञान) | 01 |
| | | इतिहास + नागरिकशास्त्र | 01 |
| | | अर्थशास्त्र | 01 |
| 2 | अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, गारू | अंग्रेजी | 01 |
| | | संस्कृत | 01 |
| | | गणित | 01 |
| | | जीव विज्ञान | 01 |
| | | रसायन विज्ञान | 01 |
| 3 | प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय हेतु रिक्त पद | सभी विषयों हेतु | 11 |
| | | योग :– | 23 |

लातेहार जिला के निवासी स्नातक प्रशिक्षित योग्य युवक/युवतियों से दिनांक– 02.03.2023 तक ITDA कार्यालय (समेकित जनजातीय विकास अभिकरण) लातेहार में निम्नांकित विहित–प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

आरक्षण सुविधा के अनुसार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते हैं।

शर्ते :–

1. अंशकालीन सेवा प्राप्ति के अन्तर्गत 06 माह के लिए मानदेय पर सेवा हेतु योग्यताधारी बेरोजगार युवक/युवतियों का चयन किया जाएगा।
2. अंशकालीन सेवा हेतु किसी भी तरह का भत्ता अनुमान्य नहीं होगा।
3. चयनित शिक्षक किसी अवकाश के हकदार नहीं होंगे।
4. चयनित शिक्षको को विद्यालय में आवास की सुविधा नहीं दी जायेगी।
5. चयनित शिक्षकों की दैनिक उपस्थिति के आलोक में किये गये अध्यापन कार्य के आधार पर वृतिका का भुगतान किया जायेगा।
6. शिक्षकों से कार्य एकरारनामा के आधार पर लिया जायेगा, जिसमें उसी प्रखण्ड के अनु0जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग/महिला शिक्षकों तथा स्थानीय भाषा के जानकार को प्राथमिकता दी जायेगी। चयन के लिए सरकार के आरक्षण रोस्टर के प्रावधान का भी अनुपालन किया जायेगा।
7. उक्त समिति द्वारा चयन के दौरान प्रखण्ड स्तर पर अभ्यर्थी अनुपलब्ध पाये जाने की स्थिति में जिला स्तर पर उपलब्ध योग्य अभ्यर्थी से इसका चयन कर भरा जायेगा।
8. योग्य अभ्यर्थी की सेवा लिये जाने हेतु आवश्यकतानुसार विषय के आधार पर चयन किया जायेगा।
9. जिला स्तर पर संबंधित विषय के **PG/ Graduate, B.Ed** प्रशिक्षण प्राप्त डिग्रीधारकों को मेधाक्रम के आधार पर उपरोक्त शर्तो पर पूरी तरह अस्थायी रूप से समिति द्वारा चयन किया जाएगा।
10. एकरारनामें की शर्तो के विचलन की स्थिति में या असंतोषप्रद कार्य की स्थिति में बिना किसी पूर्व सूचना के चयनित शिक्षकों की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त की जा सकती है। यह व्यवस्था पूर्णतः वैकल्पिक एवं अस्थायी है इसपर भविष्य में किसी भी स्थायीकरण अथवा अन्य प्रकार का दावा स्वीकार्य नहीं होगा।
11. चयनित शिक्षकों की सेवा 200/– प्रति घंटी के आधार पर अधिकतम 4 घंटी एक कार्य दिवस में एवं सप्ताह में 5 कार्य दिवस तक कार्य लिया जायेगा। सेवा संतोषप्रद हो तो आवश्यकतानुसार उन्हें पुनः अगले 06 माह के लिए रखा जा सकता है। जिला स्तरीय कमिटि के द्वारा कार्यों के मूल्यांकन के आधार पर उक्त सेवा विस्तार पर निर्णय लिया जायेगा।
12. उक्त छः माह की अवधि में शिक्षक नियुक्ति पूर्ण नहीं हो पाने की स्थिति में पुनः अगले छः माह तक कार्य लिया जा सकेगा।

परियोजना निदेशक,
आई०टी०डी०ए०, लातेहार।

PR 290531 Welfare(22-23)D

NEWS इन ब्रीफ

### वार्ड आयुक्त ने कराई सड़क की सफाई

**मेदिनीनगर।** वार्ड संख्या 27 व वार्ड संख्या 29 के वार्ड आयुक्त ने अपने वार्ड के सड़को को शिवरात्रि को लेकर सफाई करवायी। शनिवार को शिवरात्रि पूर्व पूरे धूम-धाम से मनाया जायेगा। वार्ड आयुक्त कमर यास्मीन ने बताया कि उनके वार्ड में शिव मंदिर में शिवरात्रि को लेकर भक्तों की भीड़ लगती है। जिसे देखते हुए सुबह से ही सफाई का कार्य किया गया। वहीं, वार्ड आयुक्त लाल बाबू ने बताया कि मंदिरों में भक्तों के आने के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। शिवरात्रि में कई भक्त जल लेकर यात्रा भी करते है।

### पलामू के पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों को हो रही परेशानी

**मेदिनीनगर।** पलामू में इटरनेट सेवा बंद होने के कारण पंचायत सचिव के अभ्यिर्थियों को जिला विकल्प चुनने का कार्य बाधित हो गया है। आयोग के द्वारा 20 फरवरी तक ही समय दिया गया। ऐसे में पंचायत सचिव के अभ्यिर्थी बहुत परेशान है। कई अभ्यर्थी दूसरे जिले जाकर अपना फार्म भर रहें है। अभ्यिर्थी प्रिंस कुमार ने बताया कि नेट बंद होने से जिला विकल्प का कार्य नहीं हो पा रहा है। जिससे सैकड़ो अभ्यिर्थी परेशान है। पांकी में तनाव के बाद पलामू में नेट सेवा बंद है।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**मेदिनीनगर।** पंडवा थाना क्षेत्र के ग्राम लोहड़ा निवासी लगन राम का पुत्र विनय कुमार उम्र 21 वर्ष सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद राहगीरों के द्वारा घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार विनय रिश्तेदार के घर डालटनगंज गया था। जब वह अपने घर वापस लौट रहा था। तभी रास्ते में सिंगरा मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरी ओर पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम केलहार में बाइक सवार की टक्कर नीलगाय से हो गई। जिसमें बाइक पर सवार पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम कांके कला निवासी मुकेश कुमार और राजन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां इलाज के बाद दोनो घायल खतरे से बार हैं। सदर अस्पताल में चिकित्सकों के नेतृत्व में उनका इलाज चल रहा है। इस घटना के बाद से घायल के परिजनों का सदर अस्पताल में रो रो कर बुरा हाल है।

# आज पलामू में मनेगी महाशिवरात्रि, सभी तैयारियां पूरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में शिवरात्रि शनिवार को पूरे धूमधाम से मनायी जायेगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। बाजारों में शिवरात्रि को लेकर पूजा के समान के दुकाने सज गई है। वहीं, भांग, धतुरा, बेलपत्र, फूल का भी बिक्री बढ़ गयाा है। स्थानीय बैनी मंदिर, हीरा मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर, मुत्युंजय मंदिर, सुरेश्वर मंदिर, नर्मदेश्वर मंदिर, में जल अर्पण करने वाले भक्तों के लिए उचित प्रबंध किया गया है। सुबह से ही स्थानीय कोयल नदी से जल लेकर भक्त शिव को जल व बेलपत्र अर्पण करेंगे। वहीं, आस-पास के क्षेत्रों में भी शिवरात्रि को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है। कई धार्मिक संगठनो के द्वारा शिव बारात का भी आयोजन किया गया है। पिछले दो साल कोरोना के प्रभाव के कारण शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से नही मनाया गया, लेकिन इस बार कोरोना का प्रभाव कम को देखते हुए पूरे उत्साह के साथ शिवरात्रि का पर्व मनाया जायेगा।

**क्यों मनाया जाता है शिवरात्रि :** शिवरात्रि का पर्व भगवान शिव व माता पार्वती के विवाह के अवसर पर मनायाा जाता है। आज के दिन हिमालय राज की पुत्री पार्वती का विवाह शिव के साथ संपन्न हुआ था। सभी भक्त अपने आराध्य के विवाह में शामिल होते है। वही सुहागिन औरतें अपने पति के लंबी उम्र का प्रार्थना भी करती है।

**कब है शुभ मुर्हूत :** वैसे तो शिवरात्रि में पूजन को लेकर कोई मुर्हूत की जरूरत नही है। पुरोहित ओम वैद्य ने बताया कि सुबह से ही पूजा का मुर्हूत है। शाम को 6 बजे से विवाह की विधि संम्पन्न हो जायेगी। मंदिरों से शिव बारात को भी निकालने की तैयारी है।

**प्रशासन ने किया पुख्ता इंतजाम :** शिवरात्रि को देखते हुए प्रशासन ने भी सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम लिया है। जगह-जगह पर पुलिस बल को तैनात किया गया है। चौक चौराहो पर निगम भी सफाई का कार्य तीव्र गति से कर रहा है। किसी भी प्रकार के अनहोनी से निपटने के लिए प्रशासन सर्तक है।

### निकाली जायेगी शिव बारात

कई धार्मिक संगठन के द्वारा आज शिवरात्रि के अवसर पर शिव बारात का भी आयोजन किया गया है। स्थानीय शिवाला घाट, भूतनाथ मंदिर, सुदना व बेलवाटिका के मंदिरों से भी शिव बारात निकाला जायेगा। बारात में झाकियों का भी व्यवस्था किया गया है। जिसमें कई कालाकारों की भूमिका रहेगी। वहीं, शिवरात्रि के अवसर पर भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया है।

## कृषि विधेयक के विरोध में तीसरे दिन भी बंद रहीं दुकानें

# बाजार में पसरा सन्नाटा सभी व्यापारी एकजुट



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सरकार के कृषि विधेयक के विरोध में पलामू का बाजार लगातार तीसरे दिन भी बंद रहा। स्थानीय बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। सुबह से ही जैन मंदिर रोड के पास नवल तुलस्यान के आढ़त के पास व्यवसाइयों का जमावड़ा लगा रहा। सभी एकजुट होकर सरकार के कृषि कानून का विरोध कर रहे है। बंदी का तीसरा दिन भी शांतिपूर्ण ढंग से विरोध किया गया। बाजार में इक्का-दुक्का दुकाने खुली मिली। उसे भी व्यवसाइयों के द्वारा बंद करा दिया गया। किराना दुकान के बंद होने के कारण आमजनों को अधिक परेशानी हो रही है। लोगों का दैनिक समान की किल्लत हो गयी है। सरकार के द्वारा कृषि कानून में 2 प्रतिशत के वृद्धि को लेकर विरोध किया जा रहा है। पलामू के व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल ने बताया कि कृषि कानून के विरोध में सभी व्यापारी वर्ग एकजुट है और सरकार के नीति का विरोध शांतिपूर्ण तरीके से कर रहे है। जब तक कानून वापस नही लिया जाता, तब तक आंदोलन निरंतर जारी रहेगा। वहीं व्यापारी विनोद गुप्ता ने बताया कि कानून के व्यवसाय पर बुरा असर पड़ेगा। सभी चीजों पर दाम में वृद्धि हो जायेगा। मौके पर प्रभात अग्रवाल, नवल तुलस्यान, गणेश गिरी, सचिन गोस्वामी, रवि गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

### नेट बंद होने से वाहन चालान कटवाने में हो रही परेशानी

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर शहर थाना के एसआई फिरदौस नाज के नेतृत्व में शहर थाना गेट के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान लगभग दर्जनों वाहनों को पकड़ा गया। वाहन पकड़ जाने पर शहर थाना में वाहन चालकों की भीड़ उमड़ पड़ी। नेट बंद होने के कारण लोगों का चालान भी नहीं कट रहा था। इसके वजह से वाहन चालक और भी परेशान दिखे। वाहन जांच कर रहे एसआई को वाहन चालक वाहन छोड़ देने का आग्रह कर रहे थे। इसके बाद भी वह लोगों का एक भी नहीं सुन रही थी। लोगों का कहना था कि नेट बंद होने के कारण जब वाहन का चालान ही नहीं कटेगा तो फिर वाहन को पकड़ कर लोगों को परेशान क्यों किया जा रहा है। वाहन चालकों ने पलामू एसपी से नेट चालू नहीं होने तक वाहन को छोड़ने का आग्रह किया है। लोगों का कहना है कि यदि वाहन नहीं छोड़ते है तो ऑफ लाइन से ही चालान काट कर छोड़े।

## शहर में जाम से मुक्ति दिलाने में लगे हैं : ट्रैफिक प्रभारी

**नवीन मेल संवाददता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर वर्षों से बिगड़ी हुई ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए कार्रवाई में लगे ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह व पुलिसकर्मियों दिन रात मेहनत कर रहे हैं। वहीं शहर की चरमराई ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए पलामू जिला के कप्तान श्री सिन्हा के नेतृत्व में पूरे मेदिनीनगर शहर जाम से मुक्त हो चुका है। वहीं हर दिन नई-नई योजनाओं के तहत कैसे ट्रैफिक जाम से मुक्ति पा सके। इसको लेकर शहर में सड़क के दोनों ओर लाइनिंग करने का निर्देश बहुत पहले किया जा चुका है। वहीं बाइक की पार्किंग खिची गयी लाइन के अंदर वाहन को लगाने का नियम बनाया गया है। फिलहाल बाजार की दो सड़को पर लाइन खीची जा चुकी है। एसपी के पहल पर जय भवानी संघ चौक और एलआईसी विल्डिंग रोड में ट्रैफिक की नई व्यवस्था की गयी है। वहीं प्रभारी रामजित सिंह ने भी सुबह से लेकर आधी रात तक जाम से मुक्ति दिलाने में लगे हुए है। हर दिन उनके द्वारा कोई न कोई नया प्लानिंग के तहत छहमुहान से लेकर तमाम चौक चौराहे जैसे हेलमेट वाहन के कागजात सहित शक्ति से पालन कराया जा रहा है। साथ ही मस्जिदवाले रोड को दाहिने तरफ ठेला भी शिफ्ट करवाये एवं लाइन के अंदर टू-व्हीलर बांये ओर शिफ्ट करवायें गये हैं। यहां तक की हर दिन जाम से निजात दिलाने के लिए अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने में अहम भूमिका निभाने के साथ-साथ पलामू वासियों से हर दिन अपील करने के साथ लोगों में जागरूक भी किया है कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहने क्योंकि हेलमेट की असली अहमियत दुर्घटना के समय ही पता चलता है।

## नशे की लत में आज के युवा पीढ़ी हो रहे बर्बाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज की युवा पीढ़ी नशे के कारण बर्बाद हो रही है। 15 से 18 वर्ष के बच्चे गांजा ,सिगरेट,नशे की सिरप, टैबलेट और दारू का अधिक सेवन कर रहे हैं। जिससे उनका जीवन बर्बाद हो रहा है। इसका मुख्य कारण है यह है कि माता पिता से जब बच्चे पैसे मांगते हैं तो वे यह नहीं पूछते हैं कि पैसा किस लिए चाहिये। जब माता पिता बच्चों को पैसे दे देते हैं तो वे खाने पीने का समान छोड़ कर नशे का सामान खरीदकर नशापान करते हैं। जिससे वह अपने जिन्दगी तो बर्बाद कर रहे हैं। ऐसे बच्चे अपने माता पिता को भी परेशानी में डाल देते हैं। बताते चले कि समाज व राष्ट्र के पुनः निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। संरक्षण के अभाव में छोटी सी उम्र में ही नशे की लत में पड़ने से उनका भविष्य बर्बाद हो रहा है। जिससे वे राष्ट्र निर्माण के वाहक न रह कर विध्वंश और अव्यवस्था के प्रतीक बन रहे हैं। पलामू के शहर व ग्रामीण क्षेत्र इन दिनों युवाओं को कौन कहे छोटे -छोटे बच्चे मादक पदार्थ के आदि होते जा रहे हैं। बताते चले कि पलामू जिले में स्कूल कोंचिग सेन्टर के आस पास दर्जनों पान चाय की दुकानों पर उपलब्ध पान गुटका, सिगरेट, गांजा, भांग सहित नशीली वस्तुएं यहां खुलेआम बिक रहे हैं। इस वजह से अध्यापकों के साथ-साथ अभिभावक भी उदासीन बने हुए हैं। जिला प्रशासन भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। शहरी क्षेत्र में इन दिनों बच्चे नशे के लिए एक नयी तरकीब अपनाते देखे जा रहे हैं। वे नशे के लिए बाजार में सर्वधा उपलब्ध सनफिक्स, बैंडफिक्स, सुलेशन का धड़ल्ले से सेवन करते देखे जा रहे हैं। कई बच्चे सुलेशन के इस कदर आदि हो चुके हैं कि वे दिन भर में पांच से छह बार सुलेशन को सूंघ कर नशे में धूत रहते हैं। सुलेशन सूंघ रहे एक 18 वर्षीय युवक ने बताया कि इसे सूंघने से बहुत आनंद मिलता है। दूसरी ओर देखें तो जिला प्रशासन के द्वारा पान,गुटका,खैनी पर प्रतिबंध नहीं लगाया जा रहा है। जिस वजह से लोग बेधड़क खुले में सिगरेट व गुटका का सेवन करते नजर आ रहे हैं। छोटी सी उम्र में बच्चों को यूं नश की तल में पड़ जान उनके स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से खतरनाक है। लगातार प्रयोग करने से जहां मुख का कैंसर होने की संभावना है। वहीं कई लोग इसके सेवन से बीमार भी पड़ चुके है। और कई लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है।

## दूध के सहारे गांव की तकदीर बदलने पर आमादा हैं पलामू के लोग



**ओम प्रकाश प्रजापति**

**मेदिनीनगर।** पलामू के ग्रामीण लोग समझने लगे हैं कि दूध पीयो और तंदुरुस्त रहो। यही कारण है कि जिले के किसान खेती बारी के साथ दूध व्यवसाय को भी अपना रहे हैं। इससे न खुद का विकास कर रहे हैं बल्कि शहर से लेकर गांव के विकास में भी अपना अहम भूमिका निभा रहे हैं। पलामू जिला में कई ऐसे गांव हैं। जहां दूध व्यवसाय अपनाने से ग्रामीणों की आर्थिक उन्नति हुई है। एक दशक पहले गांव में पक्के मकान बहुत कम ही दिखाई पड़ते थे। आज सबसे अधिक पक्के मकान यहां बन चुके हैं। साथ ही प्रत्येक घरों में बुनियादी सुविधाएं भी मौजूद हैं। गांव में चार व दो पहिया वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। वहीं हर घर के बाहर दुधारू नस्ल की पशु नजर आती है। पहले पलामू के गांव में शिक्षा नहीं के बराबर थी। वहीं रोजी रोजगार नहीं था। इस करण ग्रामीण इस दिशा में कोई विशेष दिलचश्पी नहीं लेते थे। पहले गांव में अशिक्षा का आलम यह था कि जब पारा शिक्षक के लिए गांव में चुनाव हुआ तो एक भी मैट्रिक पास व्यक्ति नहीं मिला करते थे। इसके कारण पारा शिक्षक का चुनाव नहीं होता था। इस घटना ने ग्रामीणों को सोचने पर मजबूर कर दिया कि ग्रामीणों ने कुछ करने का मन बनाया और लग गये दुध व्यवसाय में। जल्द ही इसका असर भी दिखा। गांव में बदलाव आना शुरू हुआ। अब कोई ऐसा गांव नहीं हैं जहां उस गांव में 40 प्रतिशत शिक्षित लोग नहीं बन गये हैं। पहले गांव में कोई सरकारी नौकरी में नहीं था। अब गांव के 10 लोग पुलिस व सेना में सेवाएं दे रहे हैं। पहले लोग पैसे के अभाव में अपने बच्चे को सरकारी स्कूल तक नहीं भेज पाते थे। लेकिन आज गांव के अधिकांश बच्चे प्राईवेट स्कूल में पढ़ते हैं। गांव में बदलाव सिर्फ उत्पादन से ही हुआ है। कुछ गांव के ग्रामीण दुध व्यवसाय के सहारे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। जिन गांवों के ग्रामीण कल तक पढ़ाई से कोशो दूर रहते थे। वो आज पढ़-लिख कर अपने लक्ष्य प्राप्त कर रहे हैं। गांव कसबो में दुध उत्पादन बढ़ने से वैकल्पिक रोजगार की भी व्यवस्था हो गयी है। पशु चारा की दुकान खुल गयी है। पहले कृषि उत्पाद जैसे गेहूं के भूसा को कोई नहीं खरीदता था। अब पशु पालक खरीद रहे हैं। इसमें किसानों को दोगुणा लाभ है। जिन घरो में आज एक गाय है उनलोगों को रोजगार मिल रहा है। इसके साथ ही ग्रामीण हरा चारा उपलब्ध भी कर रहे हैं। जिससे उनकी आय बढ़ रही है। अब दूध उत्पादन के साथ-साथ पशुओं के लिए हरा चारा यादि साइलेज निर्माण पर भी जोर दिया जा रहा है।

**समस्या** — पलामू में बंद इंटरनेट सेवा 19 फरवरी के बाद बहाल होने की संभावना

# पलामू में इंटरनेट सेवा बाधित होने से जनजीवन बेहाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के पांकी में दो पक्षों के बीच हुए तनाव के कारण इंटरनेट सेवा बाधित है। 15 फरवरी के शाम को सूचना मिली की इंटरनेट सेवा बंद होगी, तभी से लोग परेशान दिखे। प्राप्त जानकारी के अनुसार पलामू में बंद इंटरनेट सेवा 19 फरवरी के बाद ही बहाल होने की संभावना है। इंटरनेट सेवा बाधित होने से समाज के सभी वर्ग-प्रभावित हो गये है। अभी सीबीएसई स्कूलों में बोर्ड की परीक्षा चल रही है। ऐसे में परीक्षार्थियों को अपना पढ़ाई करने में बहुत परेशानी हो रही है। आज सभी जानकारी नेट के माध्यम से ही प्राप्त हो रही है। ऐसे में नेट का बाधित होना एक समस्या बन गया है। वहीं कई अभ्यिर्थियों को अपना फार्म भी भरने में परेशानी हो रही है। प्रतियोगिता परीक्षा तैयारी करने वाले परीक्षार्थी भी तैयारी नहीं कर पा रहे है। बैंक के भी सारे कार्य बाधित हे। लोग अपने खाता की जानकारी भी नहीं लें पा रहें है। रेलवे की जानकारी भी आम लोगों को नहीं मिल पा रहा है। वहीं शहर के लोग शेयर मार्केट का भी व्यवसाय करते है, ऐसे में बिना नेट के कोई कार्य नही हो पा रहा है। विद्यालयों में शिक्षक सत्र का अंमित समय है, ऐसे में लोगों को अपने बच्चे की फी को भी भरने में समस्या हो रही है। कैंफे का कारोबार भी पूरी तरह प्रभावित हो चुका है। ऑनलाइन व्यवसाय करने वाले की भी इंटरनेट सेवा बाधित होने से परेशान है।

**केस स्टडी - 01 :** महुंगावा के किसान सुमेर प्रजापति के खाता में प्रधानमंत्री किसान योजना क तहत पैसा भेजा गया। लेकिन जब बैंक गये तो पता चला कि खाता के बारे में जानकारी नहीं मिल सकता है। वहीं कई लोग बैंक के चक्कर लगा रहे है कि उनके खाता के बारे में कोई भी जानकारी नहीं मिल पा रही है।

**केस स्टडी 02:** पुस्तकालय में पढ़ने वाले अभ्यिर्थी विनोद राम ने साझा कि नेट बंद होने के कारण ऑन लाइन पढ़ाई नही हो रहा है। सभी क्लास ऑनलाइन ही लिये जाते है लेकिन दो दिन से वो भी बंद है। वहीं कई अभ्यिर्थियों को अपना फॉर्म भी भरने में दिक्कत हो रहा है।

**केस स्टडी -03 :** शेयर बाजार का कारोबार करने वाले कपिल जयसवाल ने बताया कि नेट नहीं होने से शेयर बाजार का कोई भी जानकारी नहीं मिल रहा है। सभी ग्राहको को बोला गया है कि अन्य विकल्प के आधार पर बाजार पर नजर बनाये रखें।

**केस स्टडी 04 :** 10वीं कक्षा में पढ़ने वाली आशा कुमारी ने बताया कि अभी परीक्षा का समय है, ऐसे में नेट नहीं होने से पढ़ाई में परेशानी हो रही है। तैयारी करने में देरी हो रही है। स्कूल का भी कोई भी कार्य विद्यार्थी को नही मिल पा रहा है।

### ऑनलाइन व्यवसाय व कैफे का व्यवसाय ठप

नेट सेवा नहीं रहने से ऑनलाइन कैफे का व्यापार पूरी तरह ठप हो गया है। वहीं जयप्रकाश सोनी ने बताया कि उसका व्यवसाय ऑनलाइन चलता है। सेवा बंद होने से दुकान में बोहनी भी नहीं हुआ है। वहीं बिमलेश कुमार ने बताया कि दुकान में कई कम्पनी का नेट सेवा लिया है। लेकिन पूरी तरह नेट सेवा बंद होने से कैफे में लोग ही नहीं आ रहे हैं। दो दिन से ग्राहक की संख्या कम हो गयी है। व्यापार पर असर पड़ रहा है।

### कश्मीर जैसे हालात का अनुभव

पांकी में हुई हिंसा के कारण दो दिन से इंटरनेट सेवा बाधित हो गयी है। दोन दिन के बाद ही सेवा बहाल होने की उम्मीद है। ऐसे में स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे हालात कश्मीर में सुनने को मिलते थे। लेकिन अब पलामू में भी ऐसे हालात हो जायेंगे ऐसा कभी किसी ने नहीं सोंचा था। प्रशासन ने सतर्कता के रूप में नेट सेवा बंद करने का निर्णय लिया है। नेट बंद होने से युवा वर्ग के लोग काफी परेशान और चिंतित नजर आ रहे हैं। आज के दिन नेट के वजह से कोई भी कार्य संभवन नहीं है। युवा रोहित ने बताया कि अपनी जीवन में पहली बार पलामू में इस तरह का अनुभव किया की नेट बंद हो गया है। आये दिन समस्या बढ़ भी सकती है। यदि स्थिति पर नियंत्रण नहीं हुआ तो नेट सेवा बाधित कुछ बढ़ भी सकती है।

### शिक्षकों को बॉयोमैट्रिक में समस्या

पलामू के शिक्षकों को विद्यालय में बॉयोमैट्रिक लगाने में भी समस्या आ रही है। नेट सेवा नहीं होने से उपस्थिति दर्ज कराने में भी समस्या हो रही है। शिक्षा विभाग की ओर से भी आनेवाली कोई भी सूचना नहीं मिल पा रही है। स्कूलों में भी शिक्षकों को भी अपना प्रोजेक्ट कार्य करने में समस्या आ रही है।

### राशन उठाव में परेशानी

फरवरी माह का राशन के लिए राशन डीलर को समस्या आ रही है। 15 फरवरी से राशन आने के कारण लोगों को अंगुठा लगाने का कार्य शुरू किया जाता है। लेकिन नेट सेवा नहीं रहने से लाभुक का अंगुठा का निशान नहीं लग रहा है। लाभुक को निराश हो कर वापस जाना पड़ रहा है। अब अगले सप्ताह में ही राशन वितरण होने का कार्य होने की संभावना है।

### सोशल मीडिया से दूर हैं लोग

नेट नहीं होने से युवा सोशल मीडिया से दूर हो गये हैं। जिसके कारण युवा बहुत ज्यादा परेशान हैं। वाटशॉअप, फेसबुक, रिल्स जैसे गतिविधियां नहीं होने से युवकों को बेचैनी भी लग रहा है। वहीं कई अविभावक को संतुष्टि भी है कि नेट सेवा बंद होने से युवा पढ़ाई का कार्य कर रहे हैं।

NEWS इन ब्रीफ

## हत्या के मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार, जेल



**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के मोंटगवा गांव निवासी सुरेंद्र सिंह की 17 वर्षीय नाबालिग लड़की की हत्याकांड के आरोपी को केतार पुलिस ने शुक्रवार को न्यायिक हिरासत भेज दिया।इस हत्याकांड में शामिल अंजनिया गांव निवासी विकास कुमार सिंह पिता सुदामा सिंह और विजय कुमार गुप्ता पिता स्वर्गीय बिरझू साह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत गढ़वा भेज दिया गया है। गौरतलब है की मोंटगवा गांव निवासी सुरेंद्र सिंह की लड़की का शव विगत रविवार को मिर्च के खेत में मिला था। इसके बाद सुरेन्द्र सिंह ने केतार थाना में आवेदन देकर विकास कुमार सिंह पर अपनी लड़की का हत्या करने का आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज कराई थीं। गुरुवार की देर थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि,एसआई उस्मान सेख ने छापेमारी कर विकास कुमार सिंह और विजय कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया।

## महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर में तैयारियां पूरी

**भवनाथपुर।** 18 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर प्रखंड के शिव मंदिर में तैयारी पूरी हो चुकी है। प्रखंड के सरईया स्थित शिव पहाड़ी गुफा मंदिर, शिवा ढोढा मंदिर, पहाड़ी शिव मंदिर, टाउनशिप शिव मंदिर, थाना परिसर में शिव मंदिर, कड़िया बाबा मंदिर मैं तैयारी पूरी हो चुकी है। शिवरात्रि बाबा भोलेनाथ का विशेष पर्व माना जाता है, श्रद्धालु अपनी कामना के लिए बाबा भोले नाथ का जलाभिषेक करते है। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर हर ओर श्रद्धालुओं में उत्साह नजर आ रहा है। प्रमुख मंदिरों से लेकर छोटे मंदिरों में कमेटी एवं अन्य लोग तैयारी कर चुके हैं। शिव पहाड़ी गुफा मंदिर में दो दिवसीय मेला का आयोजन किया जा रहा है, कड़िया बाबा मंदिर परिसर में 12 घंटे का अखंड कीर्तन एवं बिरहा का आयोजन किया जा रहा है।

## डीएमओ ने चिमनी ईंट भट्ठा ध्वस्त



**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के परसोडीह गांव में वर्षों से अवैध रूप से संचालित चिमनी ईंट भट्ठा को शुक्रवार को डीएमओ नंद देव बैठा ने ध्वस्त कर दिया।इस सम्बन्ध में डीएमओ नंद देव बैठा ने कहा की सुचना मिली थी की अवैध तरीके से चिमनी ईंट भट्ठा संचालित किया जा रहा था।जिसका चिमनी ध्वस्त कर दिया गया है। पुनः ईट भट्ठा संचालन करने पर संचालक पर करवाई किया जायेगा। गौरतलब है की परसोडीह गांव के ईंट भट्ठा में जर्जर टिना का चिमनी बनाकर ईट भट्ठा संचालित किया जा रहा था। मौके पर एसडीएम आलोक कुमार, बीडीओ मुकेश मछुआ, थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## दो अलग-अलग मामलों में दो अभियुक्त गिरफ्तार, जेल

**धुरकी।** धुरकी थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग कांड संख्या में नामजद अभियुक्त को शनिवार के दिन धुरकी पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार किए गए अभियुक्त अकलेश प्रजापति 22/ 23 दिनांक 19.01.2023 धारा 376/506 भा. द. वि. के प्राथमिकी दर्ज है वही दूसरे अभियुक्त को धुरकी थाना कांड संख्या25/023 दिनांक 17/02/023 धारा 379/414/34 भा0द0वि0 अभि0 आशीष जयसवाल घघरी थाना धुरकी जिला गढ़वा के दोनो नामजद अभियुक्त को को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत गढ़वा जेल भेजा गाय। व वही जानकारी देते थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि पिछले कई दिनों से छापेमारी की जा रही थी. गुप्त सूचना के आधार पर इन्हें पकड़ा गया है छापेमारी दल में सभी सशस्त्र बल शामिल थे।

# नप अध्यक्ष ने की सोलरयुक्त जलमीनार 5 का शिलान्यास और 3 का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या एक,दो,तीन,पांच व पंद्रह में लगभग 50 लाख की लागत से पांच सोलरयुक्त जलमीनार का शिलान्यास तथा तीन सोलरयुक्त जलमीनार का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी,सम्बंधित वार्ड पार्षद, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे व विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ ने संयुक्त रूप से शिलापट्ट का अनावरण कर व नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि मैं नगर पंचायत क्षेत्र के समुचित विकास के लिए संकल्पित हूं। उन्होंने कहा कि सोलर युक्त जल मीनार से जलापूर्ति कर प्रत्येक घरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि पांच जलमीनार का शिलान्यास व तीन का उद्घाटन किया गया है। प्रत्येक जल मीनार से 30 घरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। हमने इसकी रूपरेखा तैयार कर गर्मी से पहले नगर पंचायत क्षेत्र के लगभग घरों को पेयजल आपूर्ति करा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह



सब आपके विश्वास के प्रति हमने दृढ़ संकल्प के साथ सभी योजनाओं को पारदर्शिता के साथ धरातल पर उतारा है। पीसीसी पथ, आरसीसी नाली, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना, महिला समूह, नगर उंटारी में कार्यरत भेणडर लोगो के बीच प्रमाण पत्र का वितरण कर उन लोगों को नगर पंचायत से मिलने वाली प्रधानमंत्री ऋण योजना के तहत लगभग 70 व्यक्तिगत लोगों को ऋण प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि राम नवमी के अवसर पर नगर पंचायत क्षेत्र में लगभग 60 लाख की लागत सेओपन पार्क जिम का शिलान्यास किया जायेगा जिससे नगर पंचायत क्षेत्र वासियों को इसका लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र को अग्रणी पंक्ति में शामिल कराना मेरा मुख्य उद्देश्य है। मौके पर सदर तौहिद खान, वार्ड 5के पार्षद सामूअल तिर्की, वार्ड 3 के पार्षद शकील अहमद उर्फ गुल्लू ,नसरुल्ला खान, अनिल गुप्ता, संतु दुबे ,कमलेश महतो, मिंटू कुमार, प्रो महमूद आलम, पप्पू खान, गायत्री देवी, शकुंतला देवी, प्रमिला देवी, कबूतरी देवी ,मालती देवी सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## नप अध्यक्ष ने महामहिम राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने महामहिम राज्यपाल को पत्र प्रेषित कर कहा है कि आजादी के अमृत काल में भी पलामू प्रमंडल गुमनाम है।तत्कालीन बिहार प्रदेश कि शान एवं शोहरत बटोरने वाली पलामू प्रमंडल झारखंड नवनिर्माण के 22 साल बाद भी गुमनाम है। उन्होंने कहा है कि वह पलामू जहां का नेतरहाट विद्यालय, राजहरा का विश्वविख्यात सर्वश्रेष्ठ कोयले की खदान, जपला का सीमेंट कारखाना तथा एशिया का सबसे बड़ा क्रशर प्लांट भवनाथपुर के टाउनशिप में एवं डोलोमाइट माइंस जहां दूसरे प्रदेशों व जिले के लाखों लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध कराता था ,तब जब आज के समय में पलामू की आबादी इसकी आधी थी। अब कारखाने दुगने होने चाहिए थे परंतु पलामू संसदीय क्षेत्र सहित सभी विधानसभा में कल कारखाने के लिए पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर के बावजूद सरकार एवं जनप्रतिनिधियों के उदासीन रवैया की वजह से आज पलामू के लाखों लोग अन्य प्रांतों में अपने नौनिहाल बच्चों एवं बूढ़े मां बाप तथा



खूबसूरत गांव परिवार को छोड़कर दो जून की रोटी के लिए गिड़गिड़ाते नजर आ रहे हैं। 80 के दशक में पलामू प्रमंडल में लगभग 10 बड़े डैम का निर्माण कराया गया था, वही भालकों के द्वारा सैकड़ों लिफ्ट इरिगेशन के माध्यम से खेतों की सिंचाई हो रही थी। अब जहां सिंचाई के साधन तीव्र गति से बढ़ना चाहिए था वहीं पुरानी व्यवस्था भी ध्वस्त होती गई, नतीजा लोग पलायन को मजबूर हो गए। पर्यटन के दृष्टिकोण से भी पलामू प्रमंडल पूरे प्रदेश में अपनी शोहरत के लिए प्रसिद्ध था। यहां का नेतरहाट विद्यालय, पलामू किला, बेतला नेशनल पार्क, सतबहिनी, सुखलदरी, सहित कई झरने, विश्वविख्यात बंशीधर मंदिर ,गढ़ देवी मंदिर, मां उग्रतारा मंदिर हैदर नगर ,एवं केतार भगवती मंदिर सहित कई मंदिर विख्यात है ।यहां प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक पहुंचते हैं इसके बावजूद भी इन क्षेत्रों का समुचित विकास नहीं हो पाने की वजह से आज पलामू प्रमंडल के लोग गरीबी और पलायन का दंश झेलने को मजबूर हैं। आज पलायन की पोल खुल चुकी है, पलामू के लाखो लाल अन्य प्रांतों में रह रहे हैं और हजारों लोग आज भी बाहर में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। पलामू प्रमंडल के शिक्षित वर्ग के लोग, पत्रकार बंधु, समाजसेवी, जनप्रतिनिधियों, सरकार के उच्च अधिकारियों के सामने यह यक्ष प्रश्न है कि इतने संसाधनों, इंफ्रास्ट्रक्चर और व्यवस्था के बावजूद लोग बाहर क्यों जाते है? क्या उन्हें यहां व्यवस्था नहीं दी जा सकती है, आखिर कब तक? उन्होंने महामहिम राज्यपाल से गुमनाम पलामू को नया पलामू बनाने का अनुरोध किया है। उन्होंने इस आशय की प्रति केंद्रीय कैबिनेट सचिव राजीव गौबा व पलामू प्रमंडल के आयुक्त को भी प्रेषित किया है।

### पांकी की घटना के बाद प्रशासन सख्त

# महाशिवरात्रि पर एसडीओ ने की मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
महाशिवरात्रि को लेकर पलामू के पांकी में हुई साम्प्रदायिक तनाव को लेकर श्री बंशीधर नगर अनुमंडल क्षेत्र में भी प्रशासन सजग है। महाशिवरात्रि को लेकर किसी तरह का कोई विवाद उतपन्न ना हो इसके लिए एसडीओ ने मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की है। एसडीओ ने कहा कि पांकी की घटना को लेकर विधि व्यवस्था में कोई बाधा उतपन्न ना हो साथ ही किसी भी तरह के अफवाह पर नजर रखने के लिए मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। नगर उंटारी थाना सुरक्षित के लिए अंचल निरीक्षक दुखन राम, राजा पहाड़ी शिव मंदिर के लिए सिटी मैनेजर रवि कुमार





और जेई रणधीर कुमार, बंशीधर मंदिर के लिए जेई उदय कुमार, आशुतोष मंदिर पालहेकला के लिए पंचायती राज समन्वयक कौशल किशोर, भवनाथपुर थाना सुरक्षित के लिए जेई चन्दन कुमार रजक, शिव पहाड़ी शिव गुफा मंदिर सरैया जेई विजय शंकर राय, कैलान मंदिर जेई प्रेमचंद गुप्ता, शिव मंदिर राजी जेई कुमार वरुण, सूर्य मंदिर सिसरी जेई नीतीश कुमार, बजरमरवा स्थित पहाड़ी मंदिर जेई वसीम अंसारी, मां चतुभुर्जी मंदिर केतार जेई राजीव कुमार, विसुनपुरा थाना सुरक्षित के लिए जेई मनोज कुमार, रमना थाना सुरक्षित के लिए सहायक अभियंता कुश कुमार केशरी, सगमा सुरक्षित जेई अविनाश कुमार और धुरकी थाना सुरक्षित के लिए बीपीओ चंद्रशेखर चौबे को मजिस्ट्रेट के रूप प्रतिनियुक्त किया गया है।

वही एसडीओ ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि पर्याप्त संख्या में महिला व पुरुष पुलिस बल की तैनाती करना सुनिश्चित करेंगे। वही अनुमंडलीय अस्पताल उपाधीक्षक व सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया है की उक्त त्यौहार आयोजन पर प्रयाप्त चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए मुख्य जगहों पर चिकित्सा दलों की प्रतिनियुक्ति करेंगे।

# लोगों के शिकायत पर बीडीओ ने डीलर के दुकान की जांच की

### जांच के क्रम में डीलर व लाभुकों के बीच जम कर हुआ तू-तू, मैं-मैं

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
प्रखण्ड क्षेत्र के सरईया के चम्पा महिला स्वयं सहायता समूह के डीलर सुनर देवी के खिलाफ राशन कार्ड धारियों के आवेदन के आलोक में बीडीओ सह एमओ जयपाल महतो ने किया जांच। जांच के क्रम में डीलर एवं लाभुकों के बीच जम कर तू-तू, मैं-मैं हुआ। लाभुक मुना प्रसाद गुप्ता, काई साह, विरमानी देवी, उर्मिला देवी सहित सैकड़ों लाभुक ने बात ने बताया कि डीलर द्वारा हमलोगों को दिसम्बर,जनवरी का राशन नही दिया गया है,पूछे जाने पर बोला जाता है कि गोदाम से राशन नही मिला है। पूर्व में भी अगस्त माह का राशन हमलोगों को नही दिया गया है। डीलर सुनर देवी के द्वारा हमलोगों से गोदाम से राशन मिलने से पहले ही अंगूठा लगा लिया जाता है, ग्रामीणों ने बीडीओ से मांग किया उसी समूह से कोई दूसरा डीलर बनाया जाए जब से सुनर देवी बनी तब से ही हमलोगों को परेशानी होता है। डीलर ने बताया कि दिसम्बर माह का 9 किवंटल अनाज कट गया है इस वजह से हम नही बांटे हैं।



#### डीलर के मृत सास-ससुर भी उठा रहे हैं राशन

लाभुकों एवं डीलर के बीच तू-तू, में-में एक दूसरे के का कमियों के उजागर कर रहे थे, उसी दौरान लाभुकों ने बताया कि डीलर के ससुर काई साह का मृत्यु तीन साल पहले एवं सास मानमती की मृत्यु दो साल पूर्व ही हो गया है बावजूद डीलर द्वारा राशन उठाया जा रहा है।

#### बीडीओ ने कहा

इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि डीलर का शिकायत मिला था। जांच करने पर पाया कि लाभुकों के साथ गलत किया जाता है लाभुकों ने मांग किया है, डीलर को बदलने का लाभुकों से आवेदन की मांग किए है आवेदन मिलने के बाद डीलर बदलने का कारवाई कोया जाएगा।

## होली पर हास्य-व्यंग्य कवि सम्मेलन 26 को

### यूपी, एमपी सहित देश के विभिन्न शहरों से कवियों का होगा जमावड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
गढ़वा की अग्रणी साहित्यिक संस्था सृजन साहित्यिक मंच एक बैठक शुक्रवार की शाम में दानरो नटी तट स्थित मेलोडी मंडल में संपन्न हुई। बैठक में होली के अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी हास्य-व्यंग्य कवि सम्मेलन का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इसमें राष्ट्रीय स्तर के नामचीन कवियों को आमंत्रित करने का निर्णय लेते हुये कवियों की सूची बनायी गयी। कवियों से परामर्श के बाद 26 फरवरी को मेलोडी मंडप में शाम सात बजे से राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसकी जानकारी देते हुये मंच के सचिव सतीश कुमार मिश्र ने बताया कि कवि सम्मेलन में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों से कई नामचीन कवियों के आने की सहमति मिल चुकी है। कुछ और कवियों से संपर्क किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कवि सम्मेलन हर साल की तरह पूरी तरह से होली के रंग में डूबा हुआ नये उत्साह के साथ आयोजित किया जा रहा है। इसमें सभी विधा के कवियों को बुलाया जा रहा है, ताकि श्रोताओं को सभी रस के कविताओं का आनंद मिल सके। मंच के अध्यक्ष विनोद पाठक की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में उपाध्यक्ष राजमणि राज, विजय पांडेय, संगठन सचिव राजकुमार मधेशिया, संयोजक राकेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, मीडिया प्रभारी दयाशंकर गुप्ता, प्रचार प्रमुख शशिशेखर गुप्ता, विजय पांडेय, राजकमल तिवारी आदि उपस्थित थे।

## कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनायी

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
खरौंधी में शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उनके प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। जिसमें झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा की जननायक कर्पूरी ठाकुर सादगी ईमानदारी के प्रतिमूर्ति थे। कहा जाता है कि मुख्यमंत्री रहते हुए जननायक कर्पूरी ठाकुर सरकारी गाड़ी का उपयोग ना करके रिक्शा की सवारी करते थे। दो-दो बार मुख्यमंत्री रहने के बावजूद उन्होंने सादगी नहीं त्यागी। वे राज्य और राष्ट्र के प्रति इतने समर्पित थे। सरकारी राशि का कभी दुरुपयोग नहीं किया। समाज में उनके योगदान को कभी नहीं भूलाया जा सकता। जननायक कर्पूरी ठाकुर ने मैट्रिक तक की शिक्षा को मुफ्त किया। साथ



ही साथ अंग्रेजी की अनिवार्यता को खत्म किया। वे पिछड़े, अति पिछड़े, दलित, महादलित सहित कमजोर वर्गों के सर्वांगीण विकास को तत्पर रहते थे। इन वर्गों के उत्थान के लिए शिक्षा के क्षेत्र में अविस्मरणीय काम किया। उन्होंने पिछड़े वर्गों के लिए 27 फीसद आरक्षण को लागू किया। हम सभी को उनके आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। जिला परिषद सदस्य सह झामुमों नेता धर्मराज पासवान ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर का जीवन सादगी भरा था।आम आदमी के हितों की रक्षा के लिए अपने आपको उन्होंने कुर्बान किया। हम सभी को उनके पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए गौरव महसूस हो रहें है कि ऐसे महापुरुष हमारे समाज के साथ साथ सभी के हितों की रक्षा की। इस मौके पर उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, झामुमों नेता विनोद यादव, हिफाजत अंसारी, चंदनी पंचायत के मुखिया रामगहन मेहता, प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर,मिथलेश राम, सूर्यदेव चौधरी, अंतु पटेल, रामसुभाग राम, सोमनाथ यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पशु क्रूरता अधिनियम के तहत तीन आरोपितों को पुलिस ने भेजा जेल

**चिनीया।** चिनीया पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पशु क्रूरता अधिनियम झारखंड गोवंशीय पशु वध प्रतिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिक तीन अभियुक्तों को पकड़ कर शुक्रवार को जेल भेज दीया है। इसकी जानकारी देते हुए चीनिया थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि चिनिया थाना कांड संख्या 11 बटा 23 दिनांक -16.02.2023 धारा 414/34 भादवी तथा पशु क्रूरता अधिनियम 1960 एवं झारखंड गोवंश पशु वध प्रतिषेध अधिनियम 2005 के प्राथमिक अभियुक्त महमूद अंसारी उम्र 45 वर्ष, रहमत अली अंसारी उम्र 52 वर्ष, दोनों पीता भूखू अंसारी, तथा आशिक अंसारी उम्र 42 वर्ष पिता इस्लाम अंसारी, जो तीनों मेराल थाना क्षेत्र के पेंदली गांव के निवासी है उक्त तीनों 15 गोवंशीय पशु को तस्करी के लिए गढ़वा ले जा रहे थे जिन्हें गुप्त सूचना के आधार पर खूरी गांव से गिरफ्तार किया गया है। तथा उक्त पकड़े गए 15 गोवंश पशु को खूरी गांव से ही बरामद कर स्थानीय ग्रामीणों को जीमेनामा पर दे दिया गया है। तथा उक्त तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में उपासना के लिए भेज दिया गया है।

## शिक्षक और कर्मचारी एक दिवसीय हड़ताल पर रहे, पठन-पाठन प्रभावित

**खरौंधी(गढ़वा)।** शुक्रवार को वित रहित संयुक्त संघर्ष मोर्चा के अहवहन पर हाई स्कूल खरौंधी के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर तथा कर्मचारी एक दिवसीय सामूहिक हड़ताल पर थे। प्रधानाध्यापक नंदकिशोर पाठक ने बताया संघ के अहवाहन पर विद्यालय के सभी शिक्षक एक दिवसीय हड़ताल पर है। सभी शिक्षको का मुख्य मांग प्रस्वीकृति एवं राज्य सरकार से स्थापना अनुमति प्राप्त उच्च विद्यालय, इंटर कॉलेज, संस्कृत विद्यालय, तथा मदरसा का अधिग्रहण जल्द करने, साथ ही स्कूल कॉलेज की जांच प्रावधान के अनुरूप करने, जैक बोर्ड का गठन करने व होली से पूर्व अनुदान देना सहित कई मांग सामिल है। वही सभी शिक्षको का सामूहिक हड़ताल पर चले जाने से विद्यालय का पठन पाठन प्रभावित हो गया था। शुक्रवार को सभी छात्र विद्यालय आए थे। लेकिन विद्यालय में ताला बंद रहने के कारण निराश होकर सभी छात्र वापस घर चले गए। हड़ताल पर रहने वाले शिक्षक उदय प्रताप, चंपा जायसवाल, सुदामा साह, हीरालाल चद्रवंशी, उमेश बैठा, चंद्रदेव प्रजापति, जितेंद्र कुमार, विद्यानंद यादव, नूरे आलम, उदित साह का नाम शामिल है।

## ब्रजेश कुमार सिंह को मिला श्रेष्ठ प्रधानाचार्य का सम्मानित पुरस्कार

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर विद्या भारती झारखंड प्रांत के सीबीएसई बोर्ड अंतर्गत आने वाले विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ प्रधानाचार्य के रूप में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर टाउनशिप के प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार सिंह को सम्मानित किया गया। झारखंड प्रांत के सीबीएसई विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ प्रधानाचार्य के रूप में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर टाउनशिप के प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार सिंह को अखिल भारतीय मंत्री (विद्या भारती) ब्रह्माजी राव जी के द्वारा पुरस्कृत किया गया । उन्हे यह सम्मान विद्यालय में निरंतर विकास लाने और 2020 से विद्यालय को ले कर समाज में एक अलग पहचान बनाना,विद्या भारती का संदेश समाज में फैलाना ऐसे बहुत से कारणों को देखते हुए बरगंडा गिरिडीह में आयोजित 28वें प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्या भारती के संगठन मंत्री ख्यालीराम, प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, अखिल भारतीय मंत्री (विद्या भारती) ब्रह्माजी राव, क्षेत्रीय सचिव नकुल शर्मा, केविएस शख्य (राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित) की उपस्थित थे। प्रधानाचार्य की इस उपलब्धि के लिए प्रधानाचार्य ने विद्यालय की कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष शंकर सुमन श्रीवास्तव, सचिव अरविंद प्रताप सिंह सेंगर, सहित समिति के सभी सदस्यों, सभी आचार्यों, अभिभावकों को धन्यवाद किया क्योंकि उन सब के साथ के बिना सम्भव नहीं था ।

**शिविर** पीएमसी में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

# 11वें स्थापना दिवस पर 600 की जांच

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
स्थानीय प्रभात मेडिकल सेंटर के प्रांगण में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया इसका उद्घाटन गणों सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार सिंह एवं पूर्व आर डी डी एच डॉक्टर उमेश्वरी कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध लेप्रोस्कोपी सर्जन डॉक्टर कुमार निशांत सर्जन डॉक्टर संजय कुमार पूर्व सिविल सर्जन डॉक्टर इनके रजक सहित कई चिकित्सक व गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रभात मेडिकल सेंटर के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज प्रभात की उपलब्धि से पूरा गढ़वा जिला गौरा गीत है वक्ताओं ने कहा कि





डीएम कार्डियोलॉजी की पढ़ाई पूरी करने वाले गढ़वा पलामू के इकलौते चिकित्सक डॉक्टर प्रतिक प्रभात है। अब वक्ताओं ने कहा कि दिल की बीमारियों से जुड़ी विभिन्न प्रकार के इलाकों के अलावा पेसमेकर इन ज्योग्राफी आदि के इलाज के लिए अब गढ़वा के मरीजों को बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। वक्ताओं ने कहा कि पहले दिल का दौरा पड़ने पर या दिल के गम गंभीर बीमारी होने पर लोगों को परेशानी होती थी और रांची बनारस अथवा बड़े शहरों में जाना पड़ता थ। स्थिति गंभीर के होने के स्थिति में कई मरीजों की असमय मौत रास्ते में ही हो जाती थी। लेकिन अब प्रभात मेडिकल सेंटर सभी सुविधाएं उपलब्ध हो गई है। यह गढ़वा जिले के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में मील का पत्थर साबित होगा। वक्ताओं ने कहा कि गढ़वा जिले में एक दशक पूर्व स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बेहतर नहीं थी। जैसे तैसे लोगों का इलाज होता था। अधिकतर मरीज बड़े शहरों की ओर इलाज के लिए जाते थे। लेकिन अब परिस्थितियां बदली है गढ़वा में हृदय रोग के अलावा कई विभिन्न जटिल रोगों के सर्जन और महिला चिकित्सक उपलब्ध है। यह गढ़वा जिला वासियों के लिए सुखद अनुभूति से कम नहीं है।

गढ़वा में सुपर स्पेशलिटी की सुविधा देने का है उद्देश्य हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पंकज प्रभात ने कहा कि पढ़ाई करने के बाद उन्हें कई बड़े अस्पतालों व शहरों से ऑफर मिला। लेकिन गढ़वा में ही जन्मे हैं और गढ़वा में ही रह कर लोक लोगों की सेवा करने का संकल्प लिया है। उन्होंने आने वाले समय में बच्चों के दिल के अंदर होने वाली बीमारी का सफलतापूर्वक इलाज प्रभात मेडिकल सेंटर में हो सकेगा। इसके अलावा पेसमेकर लगाने का काम किया गया। इन जियोग्राफी और प्लास्टिक का कार्य भी यहां अब होगा। इसके लिए मरीजों को बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा।

#### मौके पर ये थे उपस्थित

इस अवसर पर डॉक्टर प्रतिमा कुमारी, डॉक्टर रूबी प्रभात, डॉ प्रशांत प्रमोद, डॉक्टर जियाउल हक, नागदा पतंजलि केसरी, अलखनाथ पांडे, ज्ञान प्रकाश केसरी, विनोद कमलापुरी, विनय कुमार चौबे, डॉक्टर विनोद, डॉक्टर शमीम अंसारी, डॉक्टर निसार अहमद, बी पी सिंह, दिनेश प्रसाद मौजूद थे।

# गणेश-शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



## बरवाडीह पंचमुखी शिव मंदिर में भक्तिमय माहौल

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड मुख्यालय के पंचमुखी शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद गुरुवार से कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय गणेश शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू हुआ। वहीं महायज्ञ के दूसरे दिन भक्तों की भीड़ है। महायज्ञ प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह पंचमुखी शिव मंदिर परिसर से मंदिर के मुख्य पुरोहित राकेश मिश्रा द्वारा मुख्य यजमान के रूप में मंदिर निर्माण समिति के अजय चंद्रवंशी, गीता देवी, विनय कुमार उनकी पत्नी समेत शामिल अन्य भक्तो को बाहर से आए हुए पंडित दिलीप कुमार वैद्य, रविंद्र नाथ मिश्रा, अजय मिश्रा ,मुकेश मिश्रा, के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच बेदी पूजन, अन्ना अधिवास, फलधिवास, पुष्पाधिवास आदि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वहीं कार्यक्रम में महायज्ञ में पूरे दिन अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिससे पूरा प्रखंड भक्तिमय माहौल में कायम रहा। इसके साथ ही भजन कीर्तन एवं प्रवचन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया. कल महायज्ञ के समापन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा जिसमें रुद्राभिषेक, प्राण प्रतिष्ठा, हवन पूणार्हेतु व भव्यभंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पंचमुखी मंदिर पूजा कमेटी के सदस्यों ने प्रखंड एवं आसपास के सभी क्षेत्र के लोगों को भंडारा में शामिल होने की अपील किया गया है। कार्यक्रम के अंतिम दिन भंडारा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह मुख्य रूप से शामिल होंगे। आयोजित कार्यक्रम में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कार्यक्रम में मुख्य यजमान के अजय चंद्रवंशी, रविंद्र चंद्रवंशी, मनीष सोनी, विवेक कुमार सिंह, चंद्रशेखर प्रसाद चाचू, जगन नारायण मालाकार, विनय कुमार, राजेश कुमार, आनंद अग्रवाल, मंदिर निर्माण समिति के कई सदस्य व उनकी पत्नी समेत काफी संख्या में धार्मिक श्रद्धालु शामिल थे।

## लातेहार में श्रम मंत्री का कार्यक्रम स्थगित

**लातेहार।** झारखंड में महामहिम नए राज्यपाल के आगमन को लेकर झारखंड सरकार के श्रम नियोजन कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता का कार्यक्रम लातेहार में स्थगित कर दिया गया है। उक्त जानकारी राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव ने दी। उन्होंने बताया कि 17 फरवरी को मनिका प्रखंड के बरवही गांव में अमर शहीद वीर बुधु भगत जयंती समारोह में श्रम नियोजन कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता को लेकर कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया था परंतु झारखंड में नए महामहिम राज्यपाल के आगमन होने के कारण अमर शहीद वीर बुधु भगत की जयंती समारोह में मंत्री शामिल नहीं हुए।

## स्प्लेंडर प्लस बाइक की चोरी, लगाई गुहार

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन स्थित डुरुवा सप्ताहिक बाजार से गुरुवार शाम को तरवाडीह निवासी चंदन कुमार का मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस जेएच 29बी 7686 की चोरी हो गई। इस संबंध में भुक्तभोगी ने लातेहार सदर थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। वही भुक्तभोगी ने बताया कि मैं साप्ताहिक बाजार डुरुवा रेलवे स्टेशन लातेहार में अपने मोटरसाइकिल से सब्जी खरीदने के लिए गया था गाड़ी का हैंडिल लॉक करके सड़क किनारे लगाकर सब्जी खरीदने चला गया, लौटने के पश्चात उस स्थान पर से मेरा मोटरसाइकिल गायब है, अगल-बगल में लोगों से पूछने पर पता चला कि कोई अज्ञात युवक हेलमेट पहने हुए मोटरसाइकिल को जल्दबाजी में लेकर भाग निकला, काफी खोजबीन के बाद भी मोटरसाइकिल का कोई पता नहीं चल पाया। भुक्तभोगी ने इस संबंध में सदर थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाते हुए उक्त मोटरसाइकिल की जानकारी किसी को होने पर मोबाइल नंबर 6201800106 पर सूचित करने की अपील लोगों से की है।

## केड मार्ग में चलाया गया वाहन जांच अभियान



**बरवाडीह।** जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में छिपादोहर क्षेत्र के केड मार्ग में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों वाहनों के कागजात, इंश्योरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गई। सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करते पकड़े गए 10 वाहन चालक को चेतावनी देकर छोड़ा गया। मौके पर दो पहिया वाहन चालकों से वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने एवं यातायात नियमों का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया। इस अभियान में मुख्य रूप से थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के साथ साथ सब इंस्पेक्टर रंजीत राम व पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## आईसर ट्रैक्टर मेगा सर्विस कैंप आयोजित



**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आईसर ट्रैक्टर शोरूम (मुर्पा मोड़) परिसर में मेगा सर्विस कैंप किसान कृषि यंत्र चतरा के बालूमाथ शाखा संचालक अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजन किया गया। मौके पर आइसर कंपनी डीलर जय प्रकाश सिंह एवं स्याम किशोर सिंह ने बतलाया की मेगा सर्विस कैंप बीते 13 फरवरी से 17 फरवरी तक चतरा, टंडवा, बालूमाथ आदि जगह पर निःशुल्क लगाया गया। और पार्ट्स, ऑयल आदि में 15 प्रतिशत का कंपनी की ओर से छूट दी गई है। यह कैम्प वर्ष में दो से तीन बार आयोजन किया जाता है। जिसका वाहन मालिक निशुल्क सर्विस का लाभ उठाएं और अपने गाड़ियों को सुरक्षित रखने की बात कही।इस दौरान इंजीनियर अजित शर्मा के देखरेख में एक दर्जन से अधिक ट्रैक्टर प्रशिक्षित मैकेनिक के द्वारा सर्विसिंग किया गया। मौके पर इंजीनियर ने गाड़ी संचालक एवं उपस्थित वाहन मालिक को गाड़ी के रखरखाव को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। और समय पर गाड़ी का सर्विसिंग कराने की आग्रह की। मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे एरिया इंचार्ज अभिषेक मिश्रा सहित वर्कर बिरेन्द्र सिंह,रूपेश सिंह,रमेश, प्रमोद,योगेंद्र सिंह, सुमन,अनुज सहित वाहन मालिक एवं चालक उपस्थित रहे।

## जिप सदस्य ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**बालूमाथ।** प्रखंड के बसिया में पिछले चार महीने से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी के प्रयास से आज बिजली विभाग के द्वारा नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिप सदस्य प्रियंका कुमारी के द्वारा विधिवत पूजा कर एवं फीता काट कर उद्घाटन किया गया। नया ट्रांसफार्मर लग जाने से लोग खुश दिखे। ग्रामीणों ने एक दूसरे को मिठाई खिला अपने खुशी का इजहार किया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार के अलावा जावेद, अजय चौधरी, प्रसाद चौधरी आदि मौजूद थे।

**NEWS इन ब्रीफ**

## बालूमाथ में बाइक से गिरकर युवक घायल

**बालूमाथ ।** प्रखंड क्षेत्र में घटना दुर्घटना होना आम हो गया है आए दिन यहां छोटी वाहने बड़ी वाहनों की चपेट मैं आ दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं ।ताजा मामला यह है कि बृहस्पतिवार देर शाम को तेज रफ्तार हाईवा के चकमे से मकईयाताड़ बड़की नदी के पास एक बाइक सवार गिर घायल हो गया। घायल की पहचान धनेश्वर गंझु (25 वर्ष) पिता दारा गंझु घर अमरवाडीह गोलीकांड का रहने वाला है ।बताया जाता है कि धनेश्वर अपने ससुराल नगर से वापस गोलीताड़ घर जा रहा था कि इसी दौरान थाना क्षेत्र के मकईयाताड़ बड़की नदी के पास हाईवा के चकमे से अपाची चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और गिर गया । जिससे उसे सर और कई अन्य जगह पर गंभीर चोटें आई हैं। जिसे ग्रामीणों के सहयोग से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ अमरनाथ प्रसाद के देखरेख में इलाज की गई । वही इस घटना से परिजन का रो रो कर बुरा हाल है।

## लातेहार में पोक्सो एक्ट को लेकर बच्चों को किया जागरूक

**लातेहार ।** झारखंड काउंसिल फॉर एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग (जीसीईआरटी) एवं झारखंड शिक्षा परियोजना की अगुवाई एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (सी-3) के तकनीकी सहयोग से विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के कई सरकारी विद्यालयों में बच्चों को ह्रबाल यौन शोषण संरक्षण अधिनियम, 2012ह्व (पोक्सो एक्ट) के बारे जागरूकता किया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी आर्यन गर्ग ने बताया कि कई सरकारी विद्यालय में बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण, यौन उत्पीड़न को लेकर जागरुक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बाल यौन शोषण सिर्फ बलात्कार ही नहीं, बल्कि बच्चों के किसी भी अंग को गलत तरीके से छूना, निजी अंगों पर टिप्पणी करना, गलत तस्वीर दिखाना व अन्य वैसे सभी प्रकार के शारीरिक संपर्क जिससे बच्चे असहज महसूस करें। बाल यौन शोषण की श्रेणी में आते हैं। बाल यौन शोषण से संबंधित मामलों पर त्वरित कार्रवाई एवं केस के निष्पादन हेतु प्रत्येक जिले में सरकार के द्वारा विशेष पोक्सो कोर्ट की स्थापना की गयी है।

## नावाडीह पैक्स का चुनाव संपन्न दिनेश्वर बने अध्यक्ष

**पत्थलगडा(चतरा)।** शुक्रवार को जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत के चोथा गांव स्थित पैक्स कार्यालय में पैक्स अध्यक्ष का चुनाव शांतिपूर्ण माहोल में सम्पन्न हो गया। चुनाव में 162 मत प्राप्त कर चोथा गांव निवासी दिनेश्वर दांगी ने जीत हासिल की। इसकी जानकारी निर्वाचन पदाधिकारी सह बीसीओ श्याम सुन्दर राम ने देते हुए बताया कि 320 मतदाताओं में से 273 ने अपने मत का प्रयोग किया। वहीं अध्यक्ष पद के लिए चार लोग चुनाव मैदान में थे। जिसमें दिनेश्वर दांगी को 162 मत, शंकर दांगी को 89 मत, प्रमोद दांगी को 19 मत व कामदेव दांगी को शून्य मत प्राप्त हुवे। जीत की घोषणा होते ही मौके पर उपस्थित समर्थकों ने नए अध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया।

# कल से राजकीय इटखोरी महोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी**
चतरा जिले के प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ स्थल इटखोरी स्थित माता भद्रकाली मंदिर में आयोजित होने वाले 19 फरवरी से तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारी जोरों पर है। कार्यक्रम स्थल पर ब्रेकेटिंग का कार्य भी लगभग अंतिम चरण पर है। स्टेज बनाने का कार्य भी युद्ध स्तर पर चल रहा है। दिन-रात मेहनत कर कारीगरों के द्वारा स्टेज को तैयार किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार तीन दिवसीय महोत्सव में कई नामचीन गायक समेत कलाकार को भी बुलाया गया है। इस बार की तैयारी जिला प्रशासन द्वारा स्वयं की जा रही है। प्रबंधन समिति एवं ग्रामीणों का सहयोग भी इस बार प्रशासन के द्वारा नही लिया जा रहा है। महोत्सव स्थल के सड़क के तरफ भी ब्रेकेटिंग कर पर्दा डालने की तैयारी की जा रही हैं। जिससे बाहर में खड़े पब्लिक को देखने में परेशानी हो सकती है। मंदिर परिसर में रंग-रोगन का कार्य भी पूर्ण हो चुका है।

## वनांचल कालेज के शिक्षकेतर कर्मियों का हड़ताल समाप्त

**टंडवा (चतरा)।** शुक्रवार को टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित वनांचल महाविद्यालय में वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर आहूत शिक्षकेतर कर्मी शैक्षणिक हड़ताल पर रहे। जिससे महाविद्यालय में पठन-पाठन का कार्य बाधित रहा। कर्मियों ने अनुदानित स्कूल कॉलेजों को तत्काल अनुदान देने एवं झारखंड के सरकारी एवं वित्त रहित शिक्षक संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच भेदभाव को समाप्त करने के समर्थन में महाविद्यालय के मुख्य गेट पर तालाबंदी कर जमकर नारेबाजी की।

# खेतों में ड्रोन से दवा का छिड़काव



**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड्ढा**
कृषि विज्ञान केन्द्र चतरा के द्वारा पत्थलगड़ा प्रखंड के कुब्बा गांव में किसानों के खेतों में ड्रोन के माध्यम से कीटनाशी दवा का छिड़काव शुक्रवार को किया गया। इस दौरान किटनाशी, ब्याधिनाषी एवं सुक्ष्म पोशक तत्वों का प्रत्यक्षण सह प्रशिक्षण भी किसानों को दिया गया। कृषि वैज्ञान केंद्र के अभिजीत घोष, नवल कुमार, नेपाली कुमार व बसंत कुमार ने किसानों को बताया कि पारंपरिक खेती के बजाय आधुनिक और तकनीकी खेती का विस्तार हो। खेती की बढ़ती लागत और प्राकृतिक आपदाओं के कारण भी किसानों को खेती से नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में ड्रोन जैसी टेक्नोलॉजी के जरिए की गई प्रिसिजन फार्मिंग देश के किसानों को बेहतर विकल्प दे सकती है। ड्रोन के इस्तेमाल से किसान के लागत में कमी और समय का बचत होगा। मौके पर बरवाडीह उपमुखिया संगीता देवी, विधायक प्रतिनिधि अरविंद ठाकुर, महादेव दांगी, जनसेवक, असलम आलम, बीटीएम राजीव रमण, कृषक मित्र राजकुमार दांगी सहित अन्य शामिल थे।

## लीगल लिटरेसी क्लास का आयोजन

**चतरा।** शुक्रवार को झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वाधान में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में व सचिव प्रज्ञा बाजपेई के निर्देशानुसार बालिका उच्च विद्यालय व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में लीगल लिटरेसी क्लास का आयोजन किया गया। सिविल कोर्ट से डेप्युटी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अशोक कुमार सिंह द्वारा कस्तूरबा आवासीय विद्यालय लिटरेसी क्लास का आयोजन कर नौवीं और ग्यारहवीं के छात्राओं को भारतीय संविधान में वर्णित मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई।

चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता अभियान

# कानून के प्रति जागरूक होना जरूरी : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लातेहार के निर्देशानुसार शुक्रवार को चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता वाहन बरवाडीह प्रखंड परिसर पंहुच कर लोगो को कानून के प्रति जागरूक करते हुई लोगो के बीच में जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के एलडीसी सदस्य राहुल कुमार, अधिवक्ता खुर्शीद आलम, बीडीओ राकेश सहाय पीएलबी दीपक कुमार मुख्य रूप से शामिल थे। जागरूकता वाहन द्वारा अधिवक्ता खुर्शीद आलम ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार न्याय से वंचित व्यक्तियों को न्याय दिलाने के लिए प्रयासरत है एवं अपने प्रयासों के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए पूर्णरूपेण प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि अपने आसपास किसी भी तरह की घटना होने पर इसकी प्राथमिकी आवश्यक रूप से संबंधित थाना में दर्ज कराएं तभी इसका कानूनी लाभ लोगो को मिल सकता है। बीडीओ ने लोगो को मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए जागरूक किया।

## ग्रामीणों ने अनाज लदे वाहन को किया जब्त पुलिस को सौंपा

**चतरा।** बीते देर रात जनवितरण प्रणाली के चावल लदे पिकअप वाहन को सदर थाना क्षेत्र के गेरी गांव के ग्रामीणों ने जब्त कर पुलिस को सौंप दिया। जब्त चावल डीलर मंजू देवी के दुकान की बताई जा रही है, जिसे पिकअप में लोड कर कालाबाजारी के लिए बाहर भेजा जा रहा था। पिकअप में 40 प्लास्टिक के बोरा में चावल लोड़ था। बीडीओ गणेश रजक ने बताया कि बरामद चावल मंजू देवी के दुकान का ही है, जिसे बोरा बदलकर बाहर भेजा जा रहा था। पुलिस इस मामले में जल्द ही डीलर के विरुद्ध कारवाई करने की तैयारी में है।

## नौ दिवसीय महा रुद्र यज्ञ का 21 से

**हंटरगंज(चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के बलूरी में नवनिर्मित शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा सह महा रुद्र यज्ञ का आयोजन 21 फरवरी से किया जाएगा। यज्ञ समिति बलूरी द्वारा आयोजित नौ दिवसीय महा यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा से किया जाएगा। नौ दिनों तक चलने वाले इस महा यज्ञ के दौरान शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का कार्य किया जायेगा।

# बीएस डीएवी स्कूल में प्रमाण पत्र का वितरण




**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
स्थानीय भोला शरण डीएवी पब्लिक स्कूल, लातेहार में शैक्षणिक सत्र 2022- 23 के अंतिम दिन विद्यालय के प्रार्थना सभागार में विद्यार्थियों के बीच 'को -कैरिकुलर एक्टिविटीज' सी सी ए के विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हर बच्चे में अपना एक विशेष कला का हुनर होता है ,जिसको छुपी प्रतिभा भी कहा जाता है। ऐसे सभी बच्चों को विद्यालय में समय-समय पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं में अवश्य भाग लेना चाहिए, जिससे उनकी छिपी हुई प्रतिभा निखर कर बाहर आती है। वहीं विद्यालय के परीक्षा प्रभारी श्री राकेश रंजन तिवारी ने सभी बच्चों को आगामी 20 फरवरी से शुरू हो रहे वार्षिक परीक्षा के लिए कई तरह के सुझाव और सामान्य निदेर्शों को बताया । तत्पश्चात विद्यालय के एडमिशन इंचार्ज श्री सूरज कुमार मिश्रा ने जानकारी दी कि नए शैक्षणिक सत्र 2023 -24 के लिए विद्यालय में आगामी 19 फरवरी 2023 दिन रविवार को एडमिशन टेस्ट तय किया गया है।

**भविष्य अंधेरे में** | गोयरा राजकीय प्राथमिक विद्यालय का हाल

# शिक्षक नियमित नहीं आते स्कूल




**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
प्रखंड अंतर्गत अक्सी पंचायत के ग्राम गोयरा राजकीय प्राथमिक विद्यालय जहां मास्टर मनमर्जी स्कूल जाते है, शिक्षक की अनुपस्थिति में गांव के ही रसोईया विद्यालय खोलती है, बच्चे आते है, मध्याह्न भोजन बनता है, फिर भोजन खिलाकर बच्चों का छुट्टी कर दिया जाता है। शुक्रवार को महुआडांड़ राजद प्रखंड अध्यक्ष रामनाथ यादव ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय गोयरा का दौरा किया, जहां विद्यालय में नियमित शिक्षक नही आने की शिकायत बच्चो ने अध्यक्ष से किया, छात्र प्रिंयासी तिर्की, रजामत अंसारी, चांदनी किण्डो ने कहा कि स्कूल में एक ही शिक्षक है, जो कि रोज स्कूल नही आते है, सप्ताह में एक या दो दिन आते है, मध्याह्न भोजन रोज मिलता है, लेकिन पढ़ाई नही होता है, रामनाथ यादव ने कहा कि गोयरा जैसे अति सुदुर क्षेत्र में शिक्षा विभाग को विशेष ध्यान देना चाहिए, लेकिन शिक्षक का नियमित स्कूल नहीं आने से गरीब और आदिवासी बच्चो का भविष्य अंधकार की ओर धकेला जा रहा है। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी घनश्याम चौबे ने कहा कि इसकी जांच की जाएगी, पूरी जानकारी प्राप्त करने के बाद दोषी पाए जाने पर शिक्षक में निश्चित कार्रवाई की जायेगी।

# इन्दिरा गांधी आवासीय विद्यालय में 10वीं के छात्रों को दी गई विदाई




**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
शहर के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय में शुक्रवार को दशम कक्षा के छात्र-छात्राओं को समारोह आयोजित कर भावपूर्ण विदाई दी गई। सर्वप्रथम विद्यालय के अष्टम एवं नवम वर्ग के बच्चों द्वारा दशम के छात्रों को तिलक लगा कर और पुष्प का वर्षा कर स्वागत किया गया। उसके बाद नवम वर्ग के छात्रों ने बुके भेंट किया। दशम के छात्रों ने अपने दस वर्षों का अनुभव को बता भावुक हो गए। उसके बाद दशम के छात्रों को उपहार दे भेंट कर भवपूर्ण विदाई दी गई। इस दौरान मर्म स्पर्शी विदाई गीत गाकर विदाई दी गई। प्रधानाध्यापक आनंद कुमार सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट रास्ता नहीं है, बेहतर तरीके से परीक्षा की तैयारी करना ही आपको बेहतर परीणाम दिला सकता है। साथ ही श्री सिंह ने सोसल मीडिया से दूर रह कर मेहनत करने और सफलता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। शिक्षक शाहनवाज आलम ने भी बच्चों को मेहनत करके जीवन में आगे बढ़ने और नाम रौशन करने को कहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक राजू कुमार दांगी, पूनम सिंह, मनोज कुमार लहरीग, प्रज्ञा पाठक आदि ने अहम भूमिका निभाई।

NEWS इन ब्रीफ

## सड़क दुर्घटना से बचाव को लेकर चला जागरूकता अभियान



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय में दुर्घटना से बचाव को लेकर बोलबा पुलिस द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान। इस मौके पर पुलिस द्वारा बोलबा प्रखंड मुख्यालय के समसेरा मोड़, शंख नदी मोड़ के पास एवं कई दुर्घटना संभवित स्थानों पर स्पीड ब्रेकर के लिए ड्रम एवं बोर्ड लगाया गया है। ताकि लोग अधिक स्पीड में नहीं जाएं और दुर्घटना से बच सकें। इस मौके पर पुलिस द्वारा सभी प्रकार के वाहनों की भी जांच की गई। इस मौके पर थाना प्रभारी अरुनिस रोशन ने बताया कि दुर्घटना से बचने के लिए हेलमेट आवश्यक रूप से लगाना है। साथ में कागजात भी साथ में लेकर चलना है। इस मौके पर एएसआई सुमन कुमार एवं पुलिस बल मौजूद थे।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजित

**सेन्हा।** सेन्हा प्रखंड परिसर स्थित प्रांगण में भारत सरकार द्वारा संचालित पशुधन योजना के तहत पशु सखी महिलाओं के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से जिला पशुपालन पदाधिकारी अनूप कुमार उपस्थित हो योजना से लाभ एवं कार्य करने की शैली पर प्रकाश डालते हुए महिलाओ को भारत सरकार की योजना में हाथ बटाने तथा रोजगार से जुड़ने की जानकारी 38 महिला पशु सखी को दिया गया। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि 38 महिला पशु सखी द्वारा इस कार्य को किया जा रहा है जिसमें लगभग 25 ऐसे महिला पशु सखी है जो छोटे पशु को टीकाकरण का कार्य कर रहीं है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रखंड भ्रमण शील पशु चिकित्सक पदाधिकारी डॉ0 रोहित कुमार के अलावे बाबू साहब सिंह, शशि कुमार महतो सहित पशु सखी महिला उपस्थित थे।

## नर्सिंग प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**बानो।** जिले के बानो प्रखंड अंतर्गत मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नर्सिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के एएनएम प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष तथा जीएनएम की छात्राएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रदर्शनी के माध्यम से फर्स्ट एड, न्यूट्रीशन डाइट, हृदय, पाचन तंत्र एवं यूरिनरी तंत्र की संरचना, आंगनबाड़ी, सामुदायिक एवं प्राइमरी स्वास्थ्य केन्द्र, वैक्सीनेशन, मासिक चक्र एवं फैमिली प्लानिंग के साथ साथ स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रदर्शनी का आयोजन विभिन्न स्टाल लगाकर किया गया है। संस्थान के निदेशक डॉ प्रह्लाद मिश्रा ने बताया कि विभिन्न विद्यालयों से हजारों की संख्या में छात्र, छात्राएं इस नर्सिंग प्रदर्शनी को देखने तथा सीखने पहुंचे जिससे उनलोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी। नर्सिंग प्रदर्शनी का उद्घाटन डॉ. के.के. शर्मा, डॉ.शशि शेखर, नगर परिषद् अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू, जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का समापन सभी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया।

## वीर बुधु भगत की मनायी गयी जयंती

**लोहरदगा।** 1832 के लरका आंदोलन के प्रणेता शहीद वीर बुधु भगत की 192वीं जयंती मैना बगीचा स्थित प्रतिमा स्थल पर मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत थे। कार्यक्रम की शुरूआत में परंपरागत ढंग से पूजा-अर्चना से की गई। समारोह को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा कि वीर बुधु भगत देश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने 1832 में ही अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया और अपने दोनों बेटों हल्धर और गिरधर के साथ शहादत दी। वीर बुधु भगत आज भी हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम के दौरान गांव के खोड़ा दल ने नृत्य प्रस्तुत किया।

# लोहरदगा में चादरपोशी के साथ उर्स का उत्साह चरम पर

### कृषि मंत्री बादल पत्रलेख और राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने बाबा दुखन शाह के मजार पर किया चादरपोशी



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** शहर के थाना रोड बड़ी मस्जिद परिसर में स्थित बाबा दुखन शाह (रहमत अलैह) के मजार पर कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, मंत्री पुत्र रोहित उराव उर्स के दौरान चादर पोशी किया चादरपोशी कर राज्य और जिले की उन्नति की कामना करते हुए लोगो में आपसी भाईचारा कायम रहे इसके लिए मन्नते मांगी गई। मौके पर लोहरदगा अंजुमन इस्लामिया के ओहदेदार सभी को पगड़ी पोशी कर सम्मानित किए। इससे पूर्व हजरत बाबा दुःखन शाह के मजार जाने वाले बुलंद दरवाजा का कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू तथा वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र रोहित उरांव के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया गया।

मौके पर कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा की झारखंड के तमाम जनता की खुशहाली शांति और विकास के लिए हजरत बाबा दुखन शाह से से कामना है। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा दुःखन बाबा लोहरदगा के शांति के अग्रदूत हैं। बाबा के मजार पर सामाजिक समरसता का संदेश प्रति वर्ष पुरुष के माध्यम से जाता है। बाबा दुखन शाह की कृपा से भविष्य में भी लोहरदगा में शांति, सौहार्द, भाईचारा, व खुशहाली का वातावरण बना रहेगा। चादरपोशी में मुख्य रूप से उपस्थित सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी अफसर कुरैशी, सेक्रेटरी सफदर आलम, नाजीमें आला अब्दुल जब्बार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# आज महाशिवरात्रि, मंदिरों में महादेव व पार्वती की आराधना

## विशेष पूजा, अलौकिक श्रृंगार और भंडारा का होगा आयोजन

### शिव बारात बनेगा आकर्षण का केंद्र





**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** महाशिवरात्री का त्योहार शनिवार को जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में पूरी श्रद्धा और उमंग के साथ मनाया जाएगा। अहले सुबह से स्थानीय शिवालयों एवं देवालयों में शिवभक्तों की भीड पूजा अर्चना के लिए उमड़नी शुरू हो जाएगी। महाशिवरात्री को लेकर शिवालयों में रुद्राभिषेक, जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और पूजा अर्चना भव्य तरीके से किया जाएगा। शिवरात्रि को लेकर स्थानीय प्रमुख शिवालयों में भक्तों का मेला लगा रहेगा। शिवरात्री के मौके पर भगवान शिव के विभिन्न मन्दिरों में अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा और शाम में शहर के महादेव आश्रम स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर से शिवभक्तों और गणों के साथ शिव बारात निकाली जाएगी। शिव बारात में शिव प्रतिमा को दुल्हें के रूप में श्रृंगार कर बिराजमान कर शहर में बारात निकाली जाएगी। बारात में शामिल शिवभक्त गणों की वेषभूषा धारण कर सड़क पर नाचते गाते चलेंगे। स्थानीय महादेव आश्रम से शिव बारात निकल कर तिवारी दुरा हटिया गार्डेन, चन्द्रषेखर आजाद चौक, थाना चौक, गुदरी बाजार होते हुए इस्ट गोला रोड होते हुए देवी मण्डप पहुंचेगी। देवी मण्डप परिसर में शिव बारातियों का स्वागत सत्कार किया जाएगा। रात्रि में शिव आराधना, शिव पार्वती विवाह के कार्यक्रम आयोजित किये जाएगे। शिवरात्री पर महादेव आश्रम स्थित बुढ़ुवा महादेव मंदिर, ठाकुरबाडी शिव मंदिर, भण्डरा के अखिलेष्वर धाम, खखपरता का ऐतिहासिक तांत्रिक शिव मंदिर, कोराम्बे को ऐतिहासिक शिव मंदिर, सलगी चांपी का ऐतिहासिक महादेव मण्डा मंदिर सहित शहर के विभिन्न शिवालय को विशेष तरीके से सजाया गया है। शिवालयों की साज सजावट एवं भक्तिमय स्वर लहरियों से पूरी तरह वातावरण भक्तिमय बना रहा है। पुरोहितो ने बताया कि फाल्गुन मास में कृष्ण चतुर्दशी को महाशिवरात्रि व्रत मनाया जाता है। एक बार सभी देवताओं ने मिलकर शिवजी से प्रार्थना की तब आशुतोष भगवान शंकर ने कृपा करके भूतल पर पापों का नाश करने के लिए और मोक्ष प्राप्त करने के लिए महाशिवरात्रि व्रत करने को कहा। उन्होंने कहा कि मान्यता यह है कि महाशिवरात्रि का व्रत रखने से धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि व्रत रखने वाले श्रद्धालु अगर सुबह के पहले पूजन के दौरान शिवलिग का ध्यान करते हुए जो भी मुराद मांगते हैं, तो उसकी मुराद पूरी होती है। उन्होंने बताया कि सुबह पहले पूजन के साथ ही शिवलिग के व्रत की शुरूआत होती है। इस दौरान शिवलिग पर पंचामृत, बेलपत्र, गंगाजल से अभिषेक करें। इसके बाद तीन पहर की पूजा करें और चौथे पहर यानि सुबह के समय शिवलिंग का पूजन करके व्रत की समाप्ति होगी। इस दौरान व्रत रखने वाले श्रद्धालु फल आदि का सेवन कर सकते हैं।

## गिरदा ओपी में शांति समिति की बैठक आयोजित

**बानो।** बानो सर्किल के गिरदा ओपी थाना में शांति समिति की बैठक हुई।बैठक में थाना प्रभारी सत्यप्रकाश उपाध्याय ने ग्रामीणों से कहा कि क्षेत्र में शांति बनाये रखने में आप लोगो का सहयोग अति आवश्यक है। आस पास कोई घटना हो तो जल्द प्रशासन को या जनप्रतिनिधियों को जानकारी दे ताकि समय पर कार्य हो सके। वाहन चालकों को हेलमेट पहनना जरूरी है। बिना हेलमेट पकड़े जाने पर जुमार्ना हो सकता है।इसी तरह चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगा कर चले। साथ गाड़ी के कागजात दुरुस्त रखें और साथ मे रखें। नशा पान कर व तीन व्यक्ति बैठ कर मोटरसाइकिल पर न चले। बार बार समझने के बावजूद लोग गलती करते है ऐसे में फाइन करना जरूरी हो जाता है। इस समय साइबर क्राइम शहर से गांव तक पहुंच गया है। किसी के बहकावे न आएं। कभी ट्रेक्टर मिलने, कभी लेपटॉप मिलने कह कर लोगों को ठगा जा रहा है। अधिक पैसा मिलने की बात कह कर आपको झांसे में लेते है और लोग फंसते चले जाते हैं। हमारा हुरदा, गिरदा क्षेत्र में भी मानव तस्कर सक्रिय हैं। जानकारी मिलने पर तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दे। आपके गांव घर के बच्चे बच्चीयों को बहला फुसलाकर शहरों में बेच दिया जाता है। गांव में सजग रहे।

## बसतपुर में महाशिवरात्रि के अवसर पर शंख नदी से निकली कलश यात्रा

**पाकरटांड।** महाशिवरात्रि के अवसर बसतपुर स्थित शिव मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन प्रारंभ हो गया। इस दौरान सर्वप्रथम शंख नदी से कलश यात्रा निकली गई। कलश यात्रा में लाल पीले वस्त्र से सुसज्जित 551 महिलाओं व बालिकाओं ने भाग लिया। बसतपुर शिव मंदिर से रंग बिरंगे लाल पीले वस्त्रों में सुसज्जित महिलाएं व युवतियां कलश लेकर शंख नदी घाट पर पहुंची। जहां पुरोहित वीरेंद्र पंडा द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश पूजन व जलाभिषेक कराया गया। तत्पश्चात श्रद्धालु महिलाएं एवं युवतियां कलश में जल भरकर विभिन्न मार्ग से होते हुए बसंतपुर शिव मंदिर पहुंची । जहां पुनः पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूरे विधि विधान से कलश स्थापित कराते हुए पूजा-अर्चना की गई। शनिवार को मंदिर परिसर पर भव्य अष्ट प्रहरी अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया है। वहीं रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शिवरात्रि को लेकर बसतपुर में शिवालय को श्रद्धालुओं - शिव भक्तों द्वारा केसरिया झंडा लगाकर सजाया गया है। कलश यात्रा कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष मनिंदर बिंझिया पंचायत के उप मुखिया महादेव सिंह गांव के गणमान्य व्यक्ति क्या लाभ है भारी संख्या में श्रद्धालु भारी संख्या में श्रद्धालु भाग लिए।

## झिरकामुण्डा मेले में उमड़ी भीड़

**कुरडेग।** प्रखंड में माघ महिने में लगने वाला जतरा मेला में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। मेला का आयोजन माईकल किन्डो स्टेडीयम कुरडेग में किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों से मेला देखने वालों का तांता लगा हुआ है। मेले को आकर्षक ढ़ंग से सजाया गया है। मेले में विभिन्न प्रकार के खेल तमाशे के अलावा सभी प्रकार की दुकाने लगाई गई है। मौत का कुआँ , ब्रेक डांस झुला , ड्रेगन झुला,बच्चों का रेल एवं झुला मेले का मुख्य आकर्षण है। मेले में बच्चों की खुशी देखने लायक है।खिलौने , बर्तन , कपड़े मिठाई, श्रृंगार सहित सैकड़ो किस्म की दुकान कतारबद्ध तरीके से सजा कर लगाई गई है। जिसमें खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मेले में कई तरह के व्यंजन चाट,चाउमीन के भी स्टॉल लगें हैं। लोग परिवार और मित्रों संग मेले का आनंद उठा रहे हैं ।वहीं मेले में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये कुरडेग पुलिस प्रशासन पुरी तरह मुश्तैद है। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हो जिसे देखते हुए मेले में लगातार गश्त कर रही है। महिला पुलिस की भी अच्छी उपस्थिति मेले में है। गौरतलब हो कोविड-19 के कारण पिछले दो वर्ष तक मेले का आयोजन नही हुआ था। जिससे इस वर्ष मेले में अत्यधिक भीड़ उमड़ी है यह मेला रविवार 19 फरवरी तक चलेगा।

## कृषि शुल्क के खिलाफ व्यवसायियों ने सरकार के नीतियों का किया विरोध

**कोलेबिरा।** कृषि शुल्क के विरोध में कोलेबिरा के किराना गल्ला व्यवसायियों कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्यमी चेंबर ऑफ कॉमर्स सिमडेगा जिला के अध्यक्ष मोतीलाल अग्रवाल की अगुवाई में अपनी मांगों को लेकर अपनी आवाज को बुलंद करते हुए आंदोलन को तेज किया। कोलेबिरा के सभी किराना व्यापारियों ने कृषि शुल्क के खिलाफ अपना दुकान बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। चेंबर ऑफ कॉमर्स सिमडेगा के अध्यक्ष मोतीलाल अग्रवाल ने कहा कि यह कानून व्यापारियों के लिए और जनहित के लिए सही नहीं है कृषि शुल्क को लेकर शुरूआत में कहा गया था कि जीएसटी के बाद कोई दूसरा टैक्स नहीं लगेगा लेकिन सरकार एक और टैक्स हम व्यापारियों के ऊपर लगा रही हैसाथी चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सरकार का यह काला कानून जब तक वापस नहीं होता है तब तक किराना गल्ला व्यवसाई संघ अपनी-अपनी दुकानें अनिश्चितकालीन समय तक बंद रखेंगे मौके पर अंकित करोड़िया, दिनेश प्रसाद, धनंजय झा, प्रकाश कुमार, प्रमोद कुमार, रमेश कुमार, दिवाकर कुमार, कमेश कुमार, सुदर्शन प्रसाद, राजेश प्रसाद के अलावा व्यापारी संघ के सदस्य उपस्थित थे।

# तालिमी मुजाहिरा का हुआ आयोजन

### तिलावत में मआज, नात में मुस्तफा व तकरीर में इम्तियाज अव्वल



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** मदरसा इस्लामियां तजविदुल कुरआन में पढ़ने वाले बच्चों के लिए गुरूवार की रात तालिमी मुजाहिरा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मदरसा के बच्चों के लिए कई प्रतियोगिताओ का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत तिलावते कुरआन पाक के साथ हुई। इसके बाद बच्चों के लिए तिलावते कुरआन पाक,नात,तकरीर आदि प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। कुरआन पाक के तिलावत में मो मआज को प्रथम,सोएब को द्वितीय और मो साजिद को तृतीय स्थान दिया गया। इसी तरह नात ए पाक में मो मुस्तफा,मो वशीम और मो. जकी और तकरीर में मो इम्तियाज, इम्तियाज आलम और मो.पीर को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान दिया गया। कार्यक्रम में मदरसा के माहतमिम मुफ्ती इस्त्राफिल ने कहा कि तालिम इंसान का सबसे बड़ा हथियार है। इससे लिए हर बच्चे को मेहनत से तालिम हासिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कि मदरसा में पढ़ने वाले बच्चों के लिए साल में रमजान से पहले तालिमी मुजाहिरा का आयोजन किया जाता है। इसी के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कई बच्चों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि मदरसा में दीनी और दुनियावी दोनों तालिम दी जाती है। बच्चे मेहनत से पढ़ाई कर अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं। कार्यक्रम का समापन दुआओ के साथ किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मौलाना मोख्तार, मौलाना साकिब, हाफिज अमानत सहित कई लोगों का योगदान रहा।

## सेन्हा में बस की चपेट में आने मां-बेटा घायल

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा चौक के समीप तेज रफ्तार बस की चपेट में आकर मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार लोहरदगा से घाघरा की ओर जा रही बसंत बस जे एच 01 सी जी 9822 ने कोराम्बे की ओर से आ रही बाइक जे एच 07 एफ 1207 को कंडरा चौक स्थित कोराम्बे मोड़ में टक्कर मारते हुए लक्ष्मण उरांव के घर में जा घुसा। जिससे बाइक सवार महिला व पुरुष घायल हो गये। वहीं खपरैल मकान क्षतिग्रस्त हो गया। घायल की पहचान सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत भुरसो बेंगवा टोली निवासी स्वर्गीय सुखदेव उरांव के पुत्र संजीत उरांव एवं घायल की मां गन्दौरी देवी के रूप में किया गया। बताया जाता है कि संजीत उरांव अपने बाइक जे एच 07 एफ 1207 से घाघरा अस्पताल इलाज करवाने जा रहा था। इसी बीच कंडरा चौक में सड़क दुर्घटना हुआ जिसमें मां बेटा गम्भीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार बस चालक काफी बचाने का भी प्रयास किया था।

# दीदी कैफे के लिए स्थल का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के द्वारा शुक्रवार को कुडू प्रखंड में नीति आयोग के अवार्ड मनी से चयनित दीदी कैफे के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण प्रखण्ड के कुडू चौक और हेंजला में किया गया। उपायुक्त द्वारा प्रखंड मुख्यालय में संचालित पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया गया और प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को आवश्यक निदेश दिये गये। टाटी पंचायत में लघु सिंचाई प्रमण्डल द्वारा कार्यान्वित चेकडैम की योजना का भी निरीक्षण उपायुक्त द्वारा किया गया और आवश्यक निदेश कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा को दिये गये। इस मौके पर जिला योजना पदाधिकारी, पीपीआईए फेलो, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई समेत अन्य उपस्थित थे।

## लोहरदगा से 44 युवतियां प्लेसमेंट के लिए चेन्नई रवाना

**उपायुक्त** डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने शुक्रवार को जिला कौशल विभाग, लोहरदगा की ओर से संचालित 'हुनर है तो कदर है' योजनांतर्गत जिला के 44 युवतियों को चेन्नई (तमिलनाडु) सेलिब्रिटी फैशन लिमिटेड के लिए रवाना किया गया। उपायुक्त द्वारा हटिया स्टेशन तक के लिए बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इन युवतियों का प्लेसमेंट स्किल सेंटर, सेन्हा में प्रशिक्षणोपरांत किया गया है। बस को रवाना करने से पूर्व उपायुक्त द्वारा युवतियों को जॉब ऑफर लेटर भी प्रदान किया गया। इस मौके पर जिला कौशल विकास पदाधिकारी दिनेश भगत सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## नियोजनालय परिसर में भर्ती कैंप का आयोजन 20 को

**20 फरवरी** 2023 को 'कार्यालय' जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस कैम्प में नैश इंडस्ट्रीज, चेन्नई भाग लेगी। इसमें फैक्टरी हेल्पर व असिस्टेंट के कुल 100 पद हैं। अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं पास/12वीं पास/ स्नातक/ किसी भी ट्रेड में आईटीआई रखा गया है। भ्यर्थियों की उम्र 18 से 30 वर्ष होनी चाहिए। योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharkhandrojgar.nic.in/www.ncs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपी, फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों। साक्षात्कार सुबह 11:30 बजे से होगी। कोविड-19 को देखते हुए समाजिक दूरी एवं मास्क का इस्तेमाल अनिवार्य होगा। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तो के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है। उक्त जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी अश्विनी कुमार सिंह ने दी।

**प्रतिभा खोज परीक्षा** नौवीं कक्षा की छात्रा गुण पांडेय बनी स्टेट टॉपर

# झारखंड राज्य में मिला प्रथम स्थान





**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के नवम कक्षा की छात्रा गुण पांडेय को विद्या भारती प्रतिभा खोज परीक्षा में पूरे झारखंड प्रांत में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इसके लिए बहन गुण पांडेय को पुरस्कार के रुप में 5000 और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्रतिभा खोज परीक्षा में ही मयंक कुजुर, अभिषेक कुमार साहू को सांत्वना पुरस्कार के रूप में एक-एक हजार रुपए की नकद राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। इसके साथ ही प्रतिभा चयन परीक्षा में शौर्य पांडेय को भी सांत्वना पुरस्कार के रुप में 1000 एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ। साथ ही प्रांतीय निबंध प्रतियोगिता में बहन आयुषी कुमारी को सांत्वना पुरस्कार के रुप में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन में विद्या मंदिर, लोहरदगा को अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में बाह्य विद्यालयों को उल्लेखनीय रूप से सम्मिलित कराने के लिए विशेष पुरस्कार के रुप में स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। निर्धारित मानकों के अनुसार प्रांतीय योजनाओं को गति देने के लिए विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास को झारखंड प्रांत केश्रेष्ठ प्रधानाचार्य का पुरस्कार प्राप्त हुआ। विद्या मंदिर लोहरदगा के इन बहुआयामी उपलब्धियों पर गौरव एवं हर्ष प्रकट करते हुए विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल सहित समिति के सभी माननीय सदस्यों ने हार्दिक बधाई देते हुए आगामी सत्र में और अधिक उपलब्धि प्राप्त करने का सुझाव दिया है। विद्यालय की वंदना सभा में उपस्थित भैया बहनों के अभिभावकों ने विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए यहां दी जाने वाली सर्वांगीण विकास की शिक्षा को भैया बहनों के व्यक्तित्व विकास के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि विद्या मंदिर में भारतीय संस्कृति के आधार पर जो शिक्षा दी जाती है वह अत्यंत सराहनीय है। इससे विषय निष्ठ शिक्षा के साथ भैया बहनों का सर्वांगीण विकास होता है। पुरस्कार वितरण के इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने अपना विचार रखते हुए कहा कि- विद्या मंदिर के सभी आचार्यों के मार्गदर्शन एवं भैया बहनों के परिश्रम से विद्यालय को पूरे प्रांत में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त हुई है। आगामी सत्र में भी सभी के लक्ष्य निष्ठ परिश्रम से निश्चित ही अपना विद्या मंदिर उत्तरोत्तर चतुर्दिक विकास करेगा। इस मौके पर शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय, अभिभावक बंधु भगिनी, सभी आचार्य आचार्या एवं भैया बहन उपस्थित थे।

## वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** झारखंड राज्य पेंशनर समाज सिमडेगा जिला इकाई के कार्यालय में शुक्रवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से चल रहे वित्तीय जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम के तहत पेंशनरों के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरबीआई के उप महाप्रबंधक प्रवीण सोरेंग, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सिमडेगा के मुख्य शाखा प्रबंधक सुभाष होरो उपस्थित रहे। उप महाप्रबंधक ने बताया कि ग्राहक साइबर फ्रॉड से बचें किसी को भी अपने बैंक खाते की जानकारी साझा नहीं करें, अंजान व्यक्तियों द्वारा भेजी गई किसी भी प्रकार का ओटीपी पासवर्ड नहीं बताएं, किसी भी प्रकार के अनजान ई-मेल आदि से अपने आप की सुरक्षा करें और अपने बैंक खाते में जमा राशि की सुरक्षा करें। आपकी छोटी सी एक गलती आपकी गाढ़ी कमाई का नुकसान कर सकता है इसलिए आप इन सभी चीजों को विस्तृत रूप से जानकारी हासिल रखें और किसी भी प्रकार के साइबर ठगी होने से खुद को भी बचाएं और आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। एसबीआई सिमडेगा के मैनेजर सुभाष होरो ने ग्राहकों को बताया कि जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय जागरूकता सप्ताह 13 से 17 फरवरी तक चलाया गया जिसमें अलग-अलग जगहों पर जाकर लोगों को जागरूक करने का काम किया गया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया हमेशा से अपने ग्राहकों को सुरक्षित और सही तरीके से बैंकिंग प्रणाली के बारे में जानकारी देती है ताकि उन्हें किसी प्रकार का दिक्कत ना हो। मौके पर झारखंड राज्य पेंशनर समाज सिमडेगा इकाई के अध्यक्ष सचिव सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# ऑर्डर के बाद एयर इंडिया ने निकाली भर्ती



**एजेंसी। नई दिल्ली**

एयर इंडिया ने हाल ही में अबतक की सबसे बड़ी डील पूरी करते हुए 470 विमानों का ऑर्डर अमेरिकी फर्म बोइंग को दिया था। अब इन विमानों को चलाने के लिए कंपनी ने वैकेंसी निकाली है। 470 विमान को चलाने के लिए 6,500 पायलटों की आवश्यकता है। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, एयर इंडिया आने वाले समय में अपने बेडे में और 370 विमान जोड़ सकती है। ऐसे में कुल 840 विमान एयर इंडिया के खरीदने की संभावना है। टाटा ग्रुप की एयरलाइंस एयर इंडिया की ओर से बोइंग को दी गई यह किसी भी एयरलाइन द्वारा सबसे बड़ा विमान ऑर्डर है। अब इन विमानों को चलाने के लिए बड़े पैमाने पर पायलट और अन्य कर्मचारियों की भर्ती की जा सकती है। अभी एयर इंडिया के पास 1,600 पायलट हैं, जो 113 एयरक्रॉफ्ट का संचालन करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एयलाइंस टू सब्सिडरी एयर इंडिया एक्सप्रेस और एयर एशिया इंडिया के पास कुल 850 पायलट हैं और ये 54 प्लेन की उड़ान भरते हैं। इसके अलावा, इसकी ज्वाइंट वेंचर विस्तारा के पास 600 से ज्यादा के पायलट हैं और ये 53 एयक्रॉफ्ट का संचालन करते हैं। कुल मिलाकर देखें तो 3,000 पायलट 220 एयरक्रॉफ्ट को ऑपरेट करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एयर इंडिया इन 40 अ350 को 16 घंटे से ज्यादा समय तक चलने वाली उड़ानों के लिए खरीद रही है। एयरलाइन को हर विमान पर 30 पायलटों, 15 कमांडरों और 15 फर्स्ट ऑफिसर की आवश्यकता होगी, जिसका मतलब सिर्फ ए 350 एस के लिए करीब 1,200 पायलट हैं। 26 पायलट बोइंग 777 के लिए चाहिए। अगर ऐसे 10 प्लेन खरीदती है तो 260 पायलट की आवश्यकता होगी। 20 बोइंग 787 के लिए 400 पायलट की आवश्यकता होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 30 बड़े आकार के बोइंग विमानों को शामिल करने के लिए कुल 660 पायलटों की जरूरत होगी। एवरेज में प्रत्येक संकरे आकार के विमान, चाहे वह एयरबस ए 320 परिवार हो या बोइंग 737 मैक्स को 12 पायलटों की आवश्यकता होती है, जिसका मतलब है कि बेड़े में ऐसे 400 विमानों को अपने संचालन के लिए कम से कम 4,800 पायलटों की आवश्यकता होगी।

## नील मोहन होंगे यूट्यूब के नए सीईओ

**नयी दिल्ली।** भारतीय मूल के नील मोहन दुनिया के सबसे बड़े वीडियो शेयरिंग मंच यूट्यूब के अगले मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) होंगे। इसके साथ ही अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों के शीर्ष पद पर भारतीय मूल का एक और शख्स काबिज हो जाएगा। यूट्यूब का स्वामित्व रखने वाली कंपनी गूगल के सीईओ के पद पर भी भारतीय मूल के सुंदर पिचाई ही हैं। माइक्रोसॉफ्ट के प्रमुख सत्या नडेला, आईबीएम के प्रमुख अरविंद कृष्ण और एबोड के प्रमुख शांतनु नारायण के भी संबंध भारत से जुड़े हुए हैं। वर्ष 2008 में गूगल से जुड़ने वाले मोहन को वर्ष 2015 में यूट्यूब का मुख्य उत्पाद अधिकारी नियुक्त किया गया था।

## क्रैश जोखिम के चलते कारों को अपडेट करेगी टेस्ला

**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**

टेस्ला लगभग 363,000 वाहनों में 'क्रैश रिस्क' पर फुल सेल्फ-ड्राइविंग (एफएसडी) बीटा नामक अपने ड्राइवर असिस्ट सॉफ़्टवेयर को अपडेट करेगा। टेस्ला आने वाले हफ्तों में ग्राहक के लिए बिना किसी लागत के एक ओवर-द-एयर (ओटीए) सॉफ्टवेयर अपडेट लाएगा जो कि एफएसडी बीटा द्वारा ड्राइविंग पर बातचीत करने के तरीके में सुधार करेगा। यूएस नेशनल हाईवे ट्रैफिक सेफ्टी एडमिनिस्ट्रेशन (एनएचटीएसए) के एक निर्देश के अनुसार जिन वाहनों को 'रिकॉल' किया जाना है, वे मॉडल एस, मॉडल एक्स, मॉडल 3 और मॉडल वाई सीरीज हैं। एलन मस्क ने 'रिकॉल' के बारे में ट्वीट करते हुए कहा कि टेस्ला किसी भी कार को वापस नहीं ले रही है। उन्होंने पोस्ट किया, ₹एक ओवर-द-एयर सॉफ़्टवेयर अपडेट के लिए 'रिकॉल' शब्द ठीक नहीं है। एनएचटीएसए के अनुरोध में पहचानी गई समस्याओं को ठीक करने के लिए टेस्ला बस एक ओटीए सॉफ्टवेयर अपडेट जारी करेगा। एनएचटीएसए कई वर्षों से टेस्ला की ड्राइवर-सहायता तकनीक की जांच कर रहा है। एफएसडी बीटा एक ड्राइवर सपोर्ट फीचर है जो कुछ ऑपरेटिंग सीमाओं के तहत ड्राइवर को स्टीयरिंग और ब्रेकिंग/एक्सीलरेशन सपोर्ट प्रदान कर सकता है। 7 फरवरी को, टेस्ला ने स्वैच्छिक 'रिकॉल' करने का फैसला किया था।

## गुगल ने 453 भारतीय कर्मचारियों को बाहर किया




**एजेंसी। नई दिल्ली**

दुनिया पर मंदी के साये के बीच छंटनी का सिलसिला लगातार जारी है और फेसबुक, ट्विटर, अमेजन समेत कई बड़ी फर्मों से कर्मचारियों को निकाले जाने के बाद हाल ही में गुगल भी इस रेस में शामिल हुआ था, अब एक बार फिर कंपनी ने बड़े पैमाने पर छंटनी की है और ये भारतीय यूनिट्स से की गई है। बताया जा रहा है कि गूगल ने भारत में अपने 453 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। बिजनेस टुडे पर छपी बिजनेसलाइन की रिपोर्ट की मानें तो इन 453 भारतीय कर्मचारियों के निकाले जाने की कार्रवाई गुरुवार रात की गई और मेल के जरिए जानकारी दी गई है। इस मेल को गूगल इंडिया के कंट्री हेड और वाइस प्रेसिडेंट संजय गुप्ता की ओर से भेजा गया है। इस मेल में छंटनी के फैसले पर गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट के सीईओ भारतीय मूल के सुंदर पिचाई की सहमति का जिक्र भी किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कई कारणों की वजह से गूगल में छंटनी का फैसला लिया गया है और सुन्दर पिचाई इन सभी फैसलों की पूरी जिम्मेदारी लेने के लिए सहमत हो गए हैं। साल की शुरूआत यानी जनवरी 2023 में ही गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई द्वारा भेजे गए नोट में उन्होंने दावा किया था कि अमेरिका के बाहर गुगल के निकाले गए कर्मचारियों को स्थानीय नियमों के मुताबिक सपोर्ट मिलेगा। जहां एक ओर गूगल ने भारत में 453 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया है।

# 12 दिनों के बाद अडाणी ग्रीन में आई तेजी




**एजेंसी। नई दिल्ली**

आखिरकार 12 दिनों की गिरावट के बाद अडानी ग्रीन के शेयर हरे निशान में नजर आ ही गए। अडानी ग्रीन के शेयरों में शुक्रवार को चार फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। अडाणी ग्रीन के शेयरों में तेजी रायटर्स की उस रिपोर्ट्स के बाद नजर आई, जिसमें कहा गया है कि अडानी ग्रुप की ये कंपनी की रिफाइनेंसिंग प्लान पर काम कर रही है और इसका खुलासा चालू वित्त वर्ष की समाप्ति के बाद होगा। समूह के एक कार्यकारी ने गुरुवार को एक कॉल पर अडानी ग्रीन के बॉन्डहोल्डर्स को इस संबंध में सूचित किया किया है। इस खबर के बाद बीएसई पर अडाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर 3. 63 प्रतिशत बढ़कर 638.85 रुपये पर पहुंच गए। 16 फरवरी को यह शेयर 591 रुपये के निचले स्तर पर आ गया था। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद से अडाणी ग्रुप के शेयरों में जोरदार गिरावट देखने को मिली है। अडाणी ग्रीन भी इनमें से एक है। अडानी ग्रीन के शेयर बीएसई पर आज अडाणी ग्रीन के शेयर बीएसई पर आज 628 रुपये पर ओपन हुए और 639 रुपये का इंट्राडे हाई बनाया। अडाणी ग्रीन का शुक्रवार का लो लेवल 620.00 रुपये रहा है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद से अडाणी ग्रीन के शेयर तेजी से टूटे हैं। इस वजह से अडाणी ग्रीन के मार्केट कैपिटलाइजशन में 50 फीसदी से अधिक की गिरावट आई है। 24 जनवरी से लेकर 15 फरवरी तक अडाणी ग्रीन का मार्केट कैप 68 फीसदी घटा है। पिछले एक महीने में अडाणी ग्रीन के शेयर 70 फीसदी से अधिक टूटे हैं। अडाणी ग्रीन का 52 वीक का हाई 3,050 रुपये रहा है। गिरावट की तूफान में फंसने के बाद कंपनी ने रिफाइनेंसिंग का प्लान बनाया है। बॉन्ड निवेशकों के साथ कॉल की व्यवस्था करने के लिए कंपनी ने बैंकों को हायर किया है। अडाणी ग्रीन एनर्जी प्रतिबंधित समूह और अडाणी ग्रीन एनर्जी ग्रुप की उन चार कंपनियों में शामिल हैं, जिनके लिए मूडीज ने 'नेगिटिव' रेटिंग दी थी। अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के चलते अपने शेयरों में आई गिरावट के बाद अडाणी ग्रुप निवेशकों का भरोसा जीतने की कोशिश में जुटा है। अडाणी समूह ने हिंडनबर्ग रिसर्च के दावों को खारिज करने के लिए अपनी कुछ कंपनियों के स्वतंत्र ऑडिट के लिए अकाउंटेंसी फर्म ग्रांट थॉर्नटन को नियुक्त किया है। 24 जनवरी को आई हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद अडानी ग्रुप ने अपने बचाव के लिए पहली बड़ी कोशिश की है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से अडाणी ग्रुप के शेयर इस कदर टूटे हैं कि कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन 50 फीसदी से अधिक घट गया है।

## सेंसेक्स 340.89 अंक और निफ्टी 92.20 अंक तक टूटा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

वैश्विक बाजार में बिकवाली से एक दिन की बढ़त के बाद घरेलू शेयर बाजार फिर दबाव में दिख रहा है। हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को बाजार में कमजोर शुरूआत हुई है। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 340.89 अंक और निफ्टी 92.20 अंक तक टूटा। फिलहाल बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 166.01 अंक यानी 0.27 फीसदी लुढ़कर 61,153.50 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 45.00 अंक यानी 0.25 फीसदी फिसलकर 17,990.85 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। आज वैश्विक बाजार में आई गिरावट का असर घरेलू निवेशकों के सेंटिमेंट पर भी दिख रहा है। कारोबार की शुरूआत में मुनाफावसूली से कई शेयरों में बढ़त है। बाजार में स्थिति थोड़ी सुधरने और खरीदारी बढ़ने से शुरूआती नुकसान की कुछ हद तक भरपाई हुई है। निवेशकों ने ट्रेडिंग के दौरान बीपीसीएल, अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और टाटा स्टील जैसी कंपनियों के शेयरों पर जमकर दांव लगाया, जिससे ये टॉप गेनर की सूची में आ गए हैं। वहीं, दूसरी ओर नेस्ले इंडिया, हीरो मोटोकॉर्प, एचसीएल टेक, सिप्ला और टेक महिंद्रा जैसी कंपनियों के शेयरों में खूब बिकवाली हुई, जिससे ये स्टॉक टॉप लूजर बन गए हैं। उल्लेखनीय है कि बीएसई का सेंसेक्स 44.42 अंक यानी 0.072 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ 61,319.51 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, एनएसई का निफ्टी 20 अंक यानी 0.11 फीसदी की मजबूती के साथ 18,035.85 के स्तर पर बंद हुआ था।

# स्टील का उत्पादन 300 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष किया जाएगा : मंत्री



**एजेंसी। नई दिल्ली**

इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को कहा कि 2030 तक इस्पात उत्पादन को मौजूदा 15 करोड़ टन से दोगुना करके 30 करोड़ टन प्रतिवर्ष करने के लिए बड़े पैमाने पर वृद्धि की जाएगी। ग्लोबल जिंक समिट को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) जंग मुक्त स्टील के उत्पादन के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ₹इस्पात उत्पादों में ऑक्सीकरण को रोकने के लिए जंग-रोधी विशेषताओं और गुणवत्ता के साथ, जस्ता में नवीकरणीय ऊर्जा और ग्रामीण विद्युतीकरण जैसे क्षेत्रों के लिए जबरदस्त विपणन क्षमता है। गैल्वनाइज्ड स्टील हमारी लंबी तटरेखा के साथ-साथ मौजूद बुनियादी ढांचे को लंबा जीवन देगा। मंत्री ने कहा कि भारत इस समय दुनिया में जस्ता का चौथा सबसे बड़ा उत्पादक है और भारत में उत्पादित जस्ता का 80 प्रतिशत घरेलू स्तर पर खपत होता है। सिंधिया ने कहा कि भारत पहले ही दुनिया में दूसरे सबसे बड़े इस्पात उत्पादक के रूप में उभरा है और इसकी प्रति व्यक्ति इस्पात खपत पिछले नौ वर्षो के दौरान 57 किलोग्राम से बढ़कर 78 किलोग्राम हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने विशेष इस्पात के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत 26 कंपनियों द्वारा प्रस्तुत 54 आवेदनों को सम्मानित किया है। जुलाई 2021 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत में विशेष इस्पात के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 6,322 करोड़ रुपये की पीएलआई योजना को मंजूरी दी थी। यह प्रतिवर्ष 2.6 करोड़ टन की उत्पादन क्षमता बढ़ाने और 55,000 लोगों के लिए रोजगार सृजन के साथ 30,000 करोड़ रुपये के निवेश में मदद करेगा। मंत्री ने कहा कि सरकार ने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 10 लाख करोड़ रुपये के बड़े पूंजीगत खर्च की घोषणा की है, जिससे सभी क्षेत्रों में निवेश के जबरदस्त अवसर खुले हैं।

## 9 इथेनॉल ब्लेंडिंग परियोजनाओं की मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने अपनी इथेनॉल ब्याज सबवेंशन योजना के तहत नौ और इथेनॉल परियोजनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं से लगभग 35 करोड़ लीटर की अतिरिक्त क्षमता बढ़ने की उम्मीद है। इन नौ परियोजनाओं में से पांच परियोजनाएं अनाज आधारित हैं और तीन परियोजनाएं गुड़ आधारित हैं और एक परियोजना दोहरे फीड स्टॉक पर आधारित है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि इन परियोजनाओं में लगभग 1,034 करोड़ रुपये का निवेश लाने की क्षमता है और इससे संबंधित स्थानों में रोजगार के सैकड़ों अवसर पैदा होंगे। 22 अप्रैल, 2022 से इथेनॉल ब्याज सबवेंशन योजना की नई विंडो के तहत, लगभग 1,481 करोड़ लीटर की अनुमानित क्षमता वाली 299 परियोजनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है।

# रलवे और डाक विभाग ने डोर-टू-डोर पार्सल ट्रेन सेवा शुरू की




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रेलवे और भारतीय डाक विभाग ने संयुक्त रूप से रेल पोस्ट गति शक्ति एक्सप्रेस कार्गो सेवा के तहत अपनी पहली पार्सल ट्रेन सेवा शुरू की है। रेलवे के अनुसार ग्राहकों को डोर-टू-डोर पार्सल सेवा प्रदान करके यह सेवा पार्सल के परिवहन में गेम-चेंजर हो सकती है। दिल्ली के आईसीओडी ओखला से रेल पोस्ट गति शक्ति एक्सप्रेस कार्गो सर्विस को गुरुवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यह भारतीय रेलवे और भारतीय डाक के बीच सहयोग बजट घोषणा 2022-23 का एक हिस्सा है। गुरुवार को यह चार सेक्टरों दिल्ली से कोलकाता, बेंगलुरु से गुवाहाटी, सूरत से मुजफ्फरपुर और हैदराबाद से हजरत निजामुद्दीन के बीच शुरू हो गई है। हालांकि, पहले चरण में कुल 15 क्षेत्रों को शामिल करने की योजना बनाई गई है। इस सेवा के मुख्य आकर्षण डोर स्टेप पिकअप और डिलीवरी, समयबद्ध ट्रेन सेवा, सस्ती टैरिफ, मोबाइल एप्लिकेशन, पैलेटाइजेशन ढके हुए और सीलबंद बक्सों के माध्यम से परिवहन, सेमी-केनाइज्ड हैंडलिंग, नुकसान के लिए कार्गो के घोषित मूल्य का 0.05 प्रतिशत पर बीमा क्षति सुविधा दी गई है। रेलवे के अनुसार ग्राहकों की पार्सल खेप को सुरक्षित रूप से संभालने के लिए, यह पहल पार्सल के अर्ध-यांत्रिक संचालन पर जोर देती है। इसके अलावा, आवश्यकता के अनुसार, तापमान नियंत्रित पार्सल वैन को उन खेपों के परिवहन के लिए उपलब्ध कराया जाएगा जिन्हें तापमान समायोजन की आवश्यकता होती है। रेल पोस्ट गति शक्ति एक्सप्रेस कार्गो सेवा रेणिगुंटा से हजरत निजामुद्दीन तक सप्ताह में चार बार (सोमवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार) नियमित रूप से संचालित होगी और काचीगुडा, नागपुर, भोपाल और तुगलकाबाद से होकर गुजरेगी। मार्गस्थ स्टेशनों पर भी लदान और उतराई की सुविधा है।

## हाई-प्रोफाइल इन्वेस्टमेंट बैंकर लापता

**नई दिल्ली।** चीन के सबसे हाई-प्रोफाइल निवेश बैंकरों में से एक लापता हो गए हैं। उसकी कंपनी ने यह जानकारी दी है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार को मार्केट अपडेट में फर्म ने कहा कि चाइना रेनेसां होल्डिंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बाओ फैन हाल के दिनों में संपर्क में नहीं हैं। बाओ चीन में एक प्रमुख डीलब्रोकर हैं जिसके ग्राहकों में शीर्ष तकनीकी कंपनियां दीदी और मीटुआन शामिल हैं। उनकी फर्म की घोषणा ने व्यापार और तकनीकी लीडरों पर बीजिंग की संभावित कार्रवाई की चिंताओं को फिर से बढ़ा दिया है। शेयर बाजार में कंपनी के नोटिस के बाद शुक्रवार को चीन के पुनर्जागरण के शेयरों में हांगकांग के कारोबार में 50 प्रतिशत की गिरावट आई, जिसमें कहा गया था कि यह 'बाओ फैन से संपर्क करने में असमर्थ' होने के कारण था।

**शोध** कोरोना का प्रभाव: गोल्स प्रीपेयर्डनेस का खुलासा

# वित्तीय सुरक्षा जीवन का लक्ष्य बना




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रमुख निजी जीवन बीमाकर्ता, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने शुक्रवार को अपने प्रतिष्ठित सर्वेक्षण बजाज आलियांज लाइफ इंडियाज लाइफ गोल्स प्रिपेयर्डनेस सर्वे 2023 का दूसरा संस्करण जारी किया। इस सर्वेक्षण में भारतीयों के जीवन लक्ष्यों और आकांक्षाओं को चिह्नित किया गया है। इसे भारत के जीवन लक्ष्यों, आकांक्षाओं, प्रभावकारी कारकों और इन लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में तत्परता की पूरी तस्वीर लेने के लिए डिजाइन किया गया है। इस व्यापक अध्ययन में 40 से अधिक जीवन लक्ष्यों को शामिल किया गया है और यह मूल्यांकन किया गया है कि भारतीय इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए खुद को कैसे तैयार कर रहे हैं। महामारी के बाद परिवार के लिए वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना भारतीयों के लिए शीर्ष जीवन लक्ष्य के रूप में उभरा है। 71% भारतीयों ने इसे अन्य लक्ष्यों के मुकाबले अधिक प्राथमिकता दी है। बजाज आलियांज लाइफ इंडिया के लाइफ गोल्स प्रिपेयर्डनेस सर्वे 2023 में पाया गया है कि रिटायरमेंट प्लानिंग, संतुलित जीवन शैली अपनाना और बच्चों की शिक्षा प्रदान करना जीवन के शीर्ष लक्ष्यों में शामिल है। नए फोकस क्षेत्र जैसे कॅरियर में उन्नति, विदेश यात्रा और वृद्ध माता-पिता की पर्याप्त देखभाल सुनिश्चित करना भी भारतीयों के लिए महत्वपूर्ण जीवन लक्ष्य के रूप में उभर रहा है। दिलचस्प बात यह है कि लक्ष्यों की औसत संख्या 2019 के मुकाबले 5 से बढ़कर 2023 में 11 हो गई। लाइफ गोल्स प्रिपेयर्डनेस इंडेक्स, जो व्यक्ति के जीवन लक्ष्यों के लिए वित्तीय नियोजन की दिशा में आत्मविश्वास, ज्ञान और की गई कार्रवाई का एक कार्य है, उसकी संख्या 47 रही क्योंकि महामारी के बाद भारतीयों के जीवन लक्ष्यों में वृद्धि हुई है। सर्वेक्षण के निष्कर्षों को जारी करते हुए, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, तरुण चुघ ने कहा, यह देखना दिलचस्प है कि भारतियों का लक्ष्य अपने परिवार को वित्तीय रूप से सुरक्षित करने और संतुलित जीवन जीने के साथ-साथ जीवन में और अधिक करने की आकांक्षा जैसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों को पूरा करने का मिश्रण हैं। यह भारत की विकास अर्थव्यवस्था के मजबूत सिद्धांतों और भारतीयों में बढ़ते आत्मविश्वास को दर्शाता है।

## अब 99 की जगह देने होंगे 199

**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने क्रेडिट कार्ड यूज करने वाले ग्राहकों को झटका दिया है। अगर आप क्रेडिट कार्ड यूज करते हैं तो अब आपको रेंट पेंमेट करने पर ज्यादा चार्ज देना पड़ेगा। कंपनी ने रेंट पेमेंट पर प्रोसेसिंग फीस को बढ़ा दिया है। यूजर्स को भेजे गए एक एसएमएस में जानकारी दी गई है कि अब इस सर्विस के दौरान उन्हें 99 रुपये और टैक्स की जगह 199 रुपये और टैक्स देना होगा।

इसका मतलब है कि अगर आप एसबीआई के क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हुए रेंट पेमेंट करते हैं तो आपको रेंट पेमेंट के साथ पहले से 100 रुपये ज्यादा प्रोसेसिंग फीस देना पड़ेगा। वर्तमान समय में ग्राहकों को 99 रुपये प्लस टैक्स का भुगतान करना होता है। ये नया चार्ज यूजर्स पर 15 मार्च 2023 से लागू होगा। एसबीआई ने इससे पहले भी प्रोसेसिंग फीस को बढ़ाया था। एसबीआई ने नवंबर 2022 के दौरान इस चार्ज को बढ़ाकर 99 रुपये प्लस टैक्स कर दिया था।

# बिक गया राज कपूर का बंगला गोदरेज के साथ हुई बड़ी डील



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के दिवंगत अभिनेता राज कपूर का ऐतिहासिक बंगला बिक गया हैं। ये मुंबई के सबसे महंगे इलाकों में आने वाले चेंबूर में स्थित है। इस बंगले को गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने ही खरीदा है। हालांकि, बंगले का सौदा कितने में पूरा हुआ है, इस बात का खुलासा नहीं किया गया हैं। कंपनी ने शुक्रवार को नियामकीय फाइलिंग में इस जानकारी को शेयर किया हैं। बिजनेस टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, गोदरेज प्रॉपर्टीज ने फाइलिंग में बताया कि यह प्रॉपर्टी दिवंगत राज कपूर के कानूनी उत्तराधिकारी कपूर परिवार से खरीदी गई थी। गोदरेज प्रॉपर्टीज के एमडी और सीईओ गौरव पांडेय ने कहा कि राज कपूर का आइकनिक प्रोजेक्ट अब हमारे पोर्टफोलियो में शामिल हो गया है। हम बेहद खुश हैं कि कपूर परिवार ने हमें यह अवसर दियाी। राज कपूर का ये बंगला मुंबई के चेंबूर में देवनार फार्म रोड पर स्थित है, जो टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के ठीक बगल में है। चेंबूर मुंबई के सबसे प्रीमियम आवासीय इलाकों में से एक माना जाता है। इस लिहाज से ये बेहद महंगी रियल एस्टेट डील कही जा सकती है। इस बंगले का अधिग्रहण करने से पहले मई 2019 में गोदरेज प्रॉपर्टीज ने राज कपूर के आरके स्टूडियो को भी खरीदा थी। यह साइट ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे और ईस्टर्न फ्रीवे के करीब है, जो इस क्षेत्र को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई के मध्य और पश्चिमी उपनगरों, दक्षिण मुंबई, ठाणे और नवी मुंबई को सायन-पनवेल राजमार्ग से जोड़ता है। आरके स्टुडियो खरीदने के बाद वहां मिक्स्ड यूज प्रोजेक्ट गोदरेज आरकेएस डेवलप किया जा रहा है, जिसके इसी साल 2023 में पूरा होने की उम्मीद जताई की जा रही है।

**ज्ञान की बात**

**जीवन में दुख और सुख आते-जाते रहते हैं। किसी को सुख ज्यादा मिलता है तो दुख कम। किसी को दुख ज्यादा मिलता है तो सुख कम। दरअसल, ये सुख-दुख हमारे कर्मों का फल होते हैं। आप दुनिया के किसी भी महापुरुष को याद करें, सुख और दुख उनके साथ रहे ही हैं। इसलिए, दुख से दुखी और सुख से सुखी होने की बजाए एकरस में रहेंगे तो जीवन आनंद से बीतेगा।**
**-ठाकुर जी**

# सांप्रदायिकता व नक्सलवाद

*झारखंड* इन दिनों सांप्रदायिकता और नक्सलवाद की मार से बेजार हो रहा है। पलामू के पांकी में तोरणद्वार को लेकर जिस तरह से उपद्रव किया गया, वह सांप्रदायिक तनाव का एक नमूना भर है। ऐसे ही, 24 में से कोई जिला ऐसा नहीं, जहां नक्सली वारदात को अंजाम न देते हों। ये कोयले के कारोबारियों को धमकाते हैं, मारते-पीटते हैं, रंगदारी वसूल करते हैं और जब इन चीजों में विफल रहते हैं तो फिर गोली मार देते हैं। अब तो ये लोग पर्चा भी छोड़ने लगे हैं। बदनामी सरकार की होती है। ये बात अलग है कि बीते दिनों में बड़े नक्सलियों ने सरेंडर भी किया है पर उनकी हरकतों की तुलना में उनके सरेंडर की आमद बेहद कम है।

यह बात गौर करने योग्य है कि सांप्रदायिक तनाव जिस तरीके से हाल के दिनों में झारखंड में फैला है, वह अपने आपमें एक केस स्टडी है। 1984 में देश भर में दंगे हुए थे। तब बिहार का एक कस्बा था झुमरीतिलैया। सिखों को सबक सिखाने के लिए अनेक धर्मों-मतों के लोगों ने अलग-अलग तैयारियां की थीं। देश भर में मार-काट मचा था। उस तनाव में भी मोहन मेडिकल स्टोर के मोहन बाबू ने झंडा चौक पर अपनी दुकान खुली रखी थी। दंगाई आए। उन्होंने मोहन बाबू से कहा कि आप दुकान बंद करके घर चले जाएं नहीं तो दुकान में आग लगा दी जाएगी। मोहन बाबू ने उन दंगाइयों के सामने अपना सीना खोल दिया और कहा कि मारना है तो पहले मुझे मारो। इतना जरूर याद रखना कि अगर हम मर गए तो तुम लोगों को कोई दवा नहीं देगा। फिर तुम लोग रोज मरोगे। इसका असर हुआ और शहर में दंगा नहीं हुआ। कुछ घटनाएं घटीं, पर वो लूटपाट की थीं। उसी शहर में दो साल पहले हिंदू-मुसलमानों के बीच में दंगे भड़के। 84 में जो न हुआ, वह 2021 में हो गया।

**लोगों के हाथ में काम नहीं है। सरकारी महकमे में करप्शन कुंडली मार कर बैठ गया है। लोगों के काम नहीं हो रहे हैं। कोई नक्सली अपनी मां के पेट से पैदा नहीं होता। वक्त और हालात उसे बंदूक उठाने पर मजबूर करते हैं।**

दरअसल, अब लोगों में बर्दाश्त करने की क्षमता कम हो गई। अब होली-दीपावली अलग ही मूड में मनाए जाते हैं। पढ़ाई का स्तर गिरता जा रहा है। स्कूलों के नाम पर इमारतें तो आलीशन बन गईं पर उनमें पढ़ाने वाले सतही जानकारी के ही रहे। इस कारण जो नैतिक शिक्षा उन्हें देनी चाहिए थी, वो नहीं मिली। पहले और आज के दौर में नैतिकता का बड़ा महत्व था। अब यह किताबों में कैद होकर रह गया है। बेरोजगारी और आगे निकलने की होड़ में झारखंड पीछे चला गया। लोगों के हाथ में काम नहीं है। सरकारी महकमे में करप्शन कुंडली मार कर बैठ गया है। लोगों के काम नहीं हो रहे हैं। कोई नक्सली अपनी मां के पेट से पैदा नहीं होता। वक्त और हालात उसे बंदूक उठाने पर मजबूर करते हैं। सरेंडर कर मेनस्ट्रीम में आने वालों की क्या दशा है, यह देख कर रोंगटे खड़े हो जाएंगे। सरकार को चाहिए कि वह इन मुद्दों पर अध्ययन करवाए ताकि कोई नक्सली न पैदा हो।

एक राष्ट्र के लिए, विशेष रूप से भारत जैसे प्राचीन देश के लंबे इतिहास में, 75 वर्ष का समय बहुत छोटा प्रतीत होता है। लेकिन व्यक्तिगत स्तर पर यह कालखंड एक जीवन-यात्रा जैसा है। हमारे वरिष्ठ नागरिकों ने अपने जीवनकाल में अद्भुत परिवर्तन देखे हैं। वे गवाह हैं कि कैसे आजादी के बाद सभी पीढ़ियों ने कड़ी मेहनत की, विशाल चुनौतियों का सामना किया और स्वयं अपने भाग्य-विधाता बने। इस दौर में हमने जो कुछ सीखा है, वह सब उपयोगी साबित होगा, क्योंकि हम राष्ट्र की यात्रा में एक ऐतिहासिक पड़ाव की ओर आगे बढ़ रहे हैं। हम सब 2047 में स्वाधीनता के शताब्दी उत्सव तक की 25 वर्ष की अवधि यानि भारत के अमृतकाल में प्रवेश कर चुके हैं।

# राष्ट्र सर्वोपरि की भावना सबसे अहम





प्रोफेसर संजय द्विवेदी

हमारे स्वाधीनता संग्राम ने एक राष्ट्र के तौर पर भारत की नई यात्रा की रूपरेखा तैयार की थी। हमारा स्वाधीनता संग्राम उन संघर्षों और बलिदानों की अविरल धारा था, जिसने आजाद भारत के लिए कितने ही आदर्शों और संभावनाओं को सींचा था। पूज्य बापू ने हमें स्वराज, स्वदेशी, स्वच्छता और सत्याग्रह द्वारा भारत के सांस्कृतिक आदर्शों की स्थापना का मार्ग दिखाया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस, सरदार पटेल, बाबा साहेब आंबेडकर, भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू, चंद्रशेखर आजाद जैसे अनगिनत स्वाधीनता सेनानियों ने हमें राष्ट्र के स्वाभिमान को सर्वोपरि रखने की शिक्षा दी। रानी लक्ष्मीबाई, रानी वेलु नचियार, रानी गाइदिन्ल्यू और रानी चेन्नम्मा जैसी अनेकों वीरांगनाओं ने राष्ट्ररक्षा और राष्ट्रनिर्माण में नारीशक्ति की भूमिका को नई ऊंचाई दी। संथाल क्रांति, पाइका क्रांति से लेकर कोल क्रांति और भील क्रांति ने स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी योगदान को और सशक्त किया। सामाजिक उत्थान एवं देश-प्रेम के लिए ह्यधरती आबाह्ल भगवान बिरसा मुंडा जी के बलिदान से हमें प्रेरणा मिली।

**एक भारत-श्रेष्ठ भारत हो लक्ष्य**

एक संसदीय लोकतंत्र के रूप में 75 वर्षों में भारत ने प्रगति के संकल्प को सहभागिता एवं सर्व-सम्मति से आगे बढ़ाया है। विविधताओं से भरे अपने देश में हम अनेक भाषा, धर्म, संप्रदाय, खान-पान, रहन-सहन, रीति-रिवाजों को अपनाते हुए एक भारत-श्रेष्ठ भारत के निर्माण में सक्रिय हैं। आजादी के 75वें वर्ष के अवसर पर आया ये अमृतकाल भारत के लिए नए संकल्पों का कालखंड है। भारत आज हर क्षेत्र में विकास का नया अध्याय जोड़

**आजादी के 75वें वर्ष के अवसर पर आया ये अमृतकाल भारत के लिए नए संकल्पों का कालखंड है। भारत आज हर क्षेत्र में विकास का नया अध्याय जोड़ रहा है। कोरोना का जिस तरीके से सामना किया इस देश ने, वह शानदार है...**

**इन दिनों**

रहा है। कोरोना महामारी के वैश्विक संकट का सामना करने में भारत ने जिस तरह का सामर्थ्य दिखाया है, उसने पूरे विश्व में भारत की साख बढ़ाई है। हम हिंदुस्तानियों ने अपने प्रयासों से न सिर्फ इस वैश्विक चुनौती का सामना किया, बल्कि दुनिया के सामने नए मापदंड भी स्थापित किए, जिसमें भारत का कोरोना वैक्सीन की 200 करोड़ डोज लगाने का कीर्तिमान भी शामिल है। इस पूरी लड़ाई में भारत के लोगों ने जिस संयम, साहस और सहयोग का परिचय दिया, वो एक समाज के रूप में हमारी बढ़ती हुई शक्ति और संवेदनशीलता का प्रतीक है। भारत ने इन मुश्किल हालात में न केवल खुद को संभाला, बल्कि दुनिया की मदद भी की। कोरोना महामारी से बने माहौल में, आज दुनिया भारत को नए विश्वास से देख रही है। आज देश में स्वास्थ्य, शिक्षा और अर्थव्यवस्था तथा इनके साथ जुड़े अन्य क्षेत्रों में जो अच्छे बदलाव दिखाई दे रहे हैं, उनके मूल में सुशासन पर विशेष बल दिए जाने की प्रमुख भूमिका है। जब ह्यराष्ट्र सर्वोपरिह्न की भावना से कार्य किया जाता है, तो उसका प्रभाव प्रत्येक निर्णय एवं कार्यक्षेत्र में दिखाई देता है। यह बदलाव विश्व समुदाय में भारत की प्रतिष्ठा में भी दिखाई दे रहा है। दुनिया की आर्थिक स्थिरता के लिए, सप्लाई चेन की सुगमता के लिए, और वैश्विक शांति के लिए दुनिया को भारत से बहुत उम्मीदें हैं। इसी का परिणाम है कि भारत अपनी अध्यक्षता में ऋ20 ग्रुप की मेजबानी भी कर रहा है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी कहा करते थे कि देश के युवा जब आगे बढ़ते हैं, तो वे सिर्फ अपना ही भाग्य नहीं बनाते, बल्कि देश का भी भाग्य बनाते हैं। आज हम इसे सच होते देख रहे हैं। 'वोकल फॉर लोकल' से लेकर डिजिटल इंडिया तक हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा आज का भारत विश्व के साथ कदम से कदम मिला कर औद्योगिक क्रांति 4.0 के लिए पूरी तरह तैयार है। रिकॉर्ड संख्या में बन रहे स्टार्ट-अप्स में, नए-नए इनोवेशन में, दूर-सुदूर क्षेत्रों में डिजिटल टेक्नोलॉजी की स्वीकार्यता में भारत के युवाओं की बड़ी भूमिका है। भारत ने जिस तरह महिला सशक्तिकरण के लिए निर्णय लिए हैं, नीतियां बनाई हैं, उससे भी एक नई शक्ति का संचार हुआ है।

**बोधि वृक्ष**

## आईए सुनें भगवान विश्वकर्मा की कथा

**(गतांक से आगे)**

तब ब्रह्मा के बताये हुए और पक्के सुख के उपाय को सुनकर विश्वामित्र मुनि मन को प्रसन्न करने वाले वचन कहने लगे। विश्वकर्मा मुनि बोलेः हे मुनियों। आप लोग वरिष्ठ जी के कथन को सुनो। वस्तुतः यह बात निश्चित ही है कि ब्रह्मा ही सब दुखों का उपाय है, इसलिए हमें इसके लिए कुछ अधिक सोच विचार की आवश्यकता नहीं। सारे पापों को दूर करने वाला और दुःखों को हटाने वाला एक ही ब्रह्मा हैं। सूत जी बोले - ऋषि लोंगों ने ध्यानपूर्वक सुना और गद्गद वाणी से कहने लगे कि विश्वकर्मा मुनि ने ठीक ही कहा है कि ब्रह्मा की ही शरण जाना उपसुक्त है। ऐसा सुन सब ऋषि-मुनियों ने स्वर्ग को प्रस्थान किया वह राक्षसों से हुई अपनी दुर्दशा ब्रह्मा को सुना सकें। मुनियों के इस प्रकार कष्ट को सुनकर ब्रह्मा जी को बडां आश्चर्य हुआ, उसी समय ब्रह्मा तेज से प्रकाशित अपनी आखों को मूंदकर विचारमग्न हुए। इस प्रकार राक्षसों द्वारा की गई सारी दुर्दशा को समझ ब्रह्मा जी जो बडे तेजस्वी थे मन को आनन्द देने वाले वचन कहने लगे। ब्रह्मा जी कहने लगे कि हे मुनियों। राक्षसों से तो स्वर्ग मे रहनें वाले देवता को भी भय लगता रहता है। फिर मनुष्यों का तो कहना ही क्या जो बुढापे और मृत्यु के दुखों में लिप्त रहतें हैं। सुनों । उन राक्षसों को नष्ट करने में महातेजस्वी विश्वकर्मा ही है जो सब प्रकार के बलों से युक्त और सारे विश्व में प्रसिद्ध है। उसी की पूजा से तुम लोग राक्षसों को नष्ट करने मे समर्थ हो सकते हो । इस वास्ते उसी दयालु विश्वकर्मा की शरण में जाओ। **(समाप्त)**

# मानवता के पुजारी थे रामकृष्ण परमहंस


रमेश सर्राफ धमोरा

स्वामी रामकृष्ण परमहंस भारत के सुप्रसिद्ध संत, महान विचारक व मानवता के पुजारी थे। स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने सभी धर्मों को एक बताते हुए उनकी एकता पर जोर दिया था। उनका मानना था कि सभी धर्मों का आधार प्रेम है। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति की। अपनी साधना से रामकृष्ण इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं है। वे ईश्वर तक पहुंचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं। इनका जन्म पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में कामारपुकुर नामक गांव में 18 फरवरी 1836 को एक निर्धन निष्ठावान ब्राहमण परिवार में हुआ था। इनके जन्म पर ही ज्योतिषियों ने रामकृष्ण के महान भविष्य की घोषणा कर दी थी। ज्योतिषियों की भविष्यवाणी सुन इनकी माता चन्द्रा देवी तथा पिता खुदिराम अत्यन्त प्रसन्न हुए। 1843 में इनके पिता का देहांत हो गया तो परिवार का पूरा भार इनके बड़े भाई रामकुमार पर आ पड़ा था। रामकृष्ण जब नौ वर्ष के हुए इनके यज्ञोपवीत संस्कार का समय निकट आया। उस समय एक विचित्र घटना हुई। ब्राह्मण परिवार की परम्परा थी कि नवदिक्षित को इस संस्कार के पश्चात अपने किसी सम्बंधी या किसी ब्राह्मण से पहली शिक्षा प्राप्त करनी होती थी। एक लुहारिन जिसने रामकृष्ण की जन्म से ही परिचर्या की थी। बहुत पहले ही उनसे प्रार्थना कर रखी थी कि वह अपनी पहली भिक्षा उसके पास से प्राप्त करे। लुहारिन के सच्चे प्रेम से प्रेरित हो बालक रामकृष्ण ने वचन दे दिया था।

अतः यज्ञोपवीत के पश्चात घर वालों के लगातार विरोध के बावजूद इन्होने ब्राह्मण परिवार में प्रचलित प्रथा का उल्लंघन कर अपना वचन पूरा किया और अपनी पहली भिक्षा उस लुहारिन से प्राप्त की। यह घटना सामान्य नही थी। सत्य के प्रति प्रेम तथा इतनी कम उम्र में सामाजिक प्रथा के इस प्रकार उपर उठ जाना रामकृष्ण की आध्यात्मिक क्षमता और दूरदर्शिता को ही प्रकट करता है।

रामकृष्ण का मन पढ़ाई में न लगता देख इनके बड़े भाई इन्हे अपने साथ कलकत्ता ले आये और अपने पास दक्षिणेश्वर में रख लिया। यहां का शांत एवं सुरम्य वातावरण रामकृष्ण को अपने अनुकूल लगा। 1858 में इनका विवाह शारदा देवी नामक पांच वर्षीय कन्या के साथ सम्पन्न हुआ। जब शारदा देवी ने अपने अठारहवें वर्ष मे पदार्पण किया तब श्री रामकृष्ण ने दक्षिणेश्वर के अपने कमरे में उनकी षोड़शी देवी के रुप में आराधना की। यही शारदा देवी रामकृष्ण संघ में माताजी के नाम से परिचित हैं।

रामकृष्ण के जीवन में अनेक गुरु आये पर अन्तिम गुरुओं का उनके जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। एक थी भैरवी जिन्होने उन्हे अपने कापालिक तंत्र की साधना करायी और दूसरे थे श्री तोतापुरी उनके अन्तिम गुरु। गंगा के तट पर दक्षिणेश्वर के प्रसिद्ध मंदिर में रहकर रामकृष्ण मां काली की पूजा किया करते थे। गंगा नदी के दूसरे किनारे रहने वाली भैरवी को अनुभुति हुई कि एक महान संस्कारी व्यक्ति रामकृष्ण को उसकी दीक्षा की आवश्यकता हैं। गंगा पार कर वो रामकृष्ण के पास आयी तथा उन्हे कापालिक दीक्षा लेने को कहा।

रामकृष्ण,भैरवी द्वारा बतायी पद्धति से लगातार साधना कर मात्र तीन दिनों में ही सम्पूर्ण क्रिया में निपुण हो गये। रामकृष्ण के अन्तिम गुरु तोतापुरी थे जो सिद्ध तांत्रिक तथा हठ योगी थे। उन्होने रामकृष्ण को दीक्षा दी। रामकृष्ण को दीक्षा दी गई परमशिव के निराकार रुप के साथ पूर्ण संयोग की। पर आजीवन तो उन्होने मां

**रामकृष्ण,भैरवी द्वारा बतायी पद्धति से लगातार साधना कर मात्र तीन दिनों में ही सम्पूर्ण क्रिया में निपुण हो गये। रामकृष्ण के अन्तिम गुरु तोतापुरी थे जो सिद्ध तांत्रिक तथा हठ योगी थे। उन्होंने रामकृष्ण को दीक्षा दी।**

**जयंती विशेष**

काली की आराधना की थी। वे जब भी ध्यान करते तो मां काली उनके ध्यान में आ जाती और वे भावविभोर हो जाते। जिससे निराकार का ध्यान उनसे नहीं हो पाता था। तोतापुरी को अनुभव हुआ कि रामकृष्ण के ध्यान में मां काली प्रतिष्ठित हैं।

उन्होंने शक्ति सम्पात के द्वारा रामकृष्ण को निराकार ध्यान में प्रतिष्ठित करने के लिये बगल में पड़े एक शीशे के टुकड़े को उठाया और उसका रामकृष्ण के आज्ञाचक्र पर आघात किया जिससे रामकृष्ण को अनुभव हुआ कि उनके ध्यान की मां काली चूर्ण-विचूर्ण हो गई हैं। वे समाधिस्थ हो गये। तोतापुरी ने रामकृष्ण की समाधी टूटने पर कहाः मैं पिछले 40 वर्षो से समाधि पर बैठा हूं पर इतनी लम्बी समाधी मुझे कभी नही लगी।

**फोटो की दुनिया**




**ट्वीट-ट्वीट**

ANI_HindiNews
@AHindinews
संसद में जब हमारे अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अडानी स्टॉक क्रैश जैसे गंभीर मुद्दे को उठाया तो उन्होंने उसे एक्सपंज कर दिया। संसद की एक मर्यादा होती है कि क्या एक्सपंज हो सकता है और क्या नहीं: कांग्रेस MLA सचिन पायलट, बेंगलुरु

**फेसबुक वॉल से**

Pramod Beria
4 h

इतने बड़े
देश में
मेरी क्या
बिसात
ना हिंदू,
ना मुसलमां
ना ही कोई जात ॥

खाकसार

# कथावाचकों की तो मौज है जनता का जो हो सो हो


बृजेश राजपूत

सोचा नहीं था कि बागेश्वर धाम के बाद किसी नये धाम की कथा भी लिखनी पड़ेगी मगर ये टीवी पत्रकारिता ही है जो नई जगह नये नजारे दिखाती है। सुबह जब भोपाल से चले तो थे सोचा था शाम तक आ जायेंगे मगर सीहोर से आगे बढ़ते ही हालात का अंदेशा हो गया था। सीहोर रेलवे स्टेशन से पैदल सिर पर गठरी, कंधे पर लटके बैग और चक्के वाले सूटकेस लिए हजारों लोगों की भीड़ दिखने लगी थी। ये सब भक्ति भाव में नारे लगाते चले जा रहे थे हालांकि दो तीन किलोमीटर बाद ही तेज धूप में थकान होते ही पूछने लगते थे कि वो धाम अभी कितना दूर है।

भोपाल-इंदौर के बीच का हाईवे एक तरफ से बंद कर इन पैदल चलने वालों के लिये छोड़ दिया गया था क्योंकि इतने लोगों के बाद वाहनों को चलने की जगह ही नहीं बचती थी। ऐसा लग रहा था कि लोग चले ही आ रहे हैं और इन आने वालों में बड़े बुजुर्ग बच्चे और ज्यादातर महिलाएं थीं। ये श्रद्धालु एमपी के अलावा छत्तीसगढ़ उड़ीसा महाराष्ट्र गुजरात और बिहार जैसे दूर के राज्यों से भी आ रहे थे। दरअसल ये धार्मिक चैनलों का प्रताप है कि अपनी पैन इंडिया पकड़ के चलते पूरे देश में कथावाचकों का बडा दर्शक मंडल पैदा हो गया है और जो उसे घर के टीवी और हाथ के मोबाइल पर देखकर उसके एक बुलावे पर दौड़ पड़ते हैं। तो सीहोर जिले के चितावलिया हेमा गांव में रहने वाले कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने जब टीवी पर कहा कि लोग महाशिवरात्रि पर्व मनाने उनके गांव में बने कुबेरेश्वर धाम आयें वहां सात दिन ठहरें, उनकी कथा सुनें, भोजन-प्रसाद पायें और लौटते में वो रुद्राक्ष भी ले जाएं जो अभिमंत्रित है जिसकी महिमा वो अपने प्रवचनों में लगातार बताते हैं तो क्या चाहिये धर्म में डूबी जनता को। आम के आम गुठली के दाम। सारी मनोकामना पूरी करने वाले रुद्राक्ष लेकर आने की चाह में ये सब चले आ रहे थे गाड़ियों में भरकर ट्रेनों में लटक कर और बसों में ठूंस कर। मगर ये क्या? यहां तो पुलिस ना तो गाड़ियों को ना आटो को कुबेरेश्वर जाने दे रही थी जिसके बारे में कथा में कहा जा रहा था कि सिहोरा स्टेशन से मुफ्त आटो आपको धाम छोड जायेगा मगर यहां तो पैसा भी आटो वाले का मुंहमांगा दे रहे हैं और आधे रास्ते में ही छोड़ रहा है। टीवी के चमकते प्रवचनों की सच्चाई से ठीक उलट जब ये लोग तेज धूप में नौ किलोमीटर पैदल चल रहे थे तो सोच रहे थे महाराज जी के इंतजाम ठीक नहीं है मगर कुछ ऐसे भी थे तो इसी बात पर संतोष जता रहे थे कि चलो ऐसी जगहों पर ऐसा तो होता ही है। उधर हम हमारे कैमरामैन मुन्ना भाई और नितिन के साथ इस भीड़ में धर्म के अखंड रंग में रंगी जनता और जाम में फंसे लोगों की नाराजगी के बीच जगह बनाते चले जा रहे थे। गाड़ी को तो हमें भी संजय के भरोसे सीहोर जोड पर ही छोड़नी पड़ी। कुबेरेश्वर धाम का गांव अभी भी कई किलोमीटर दूर था मगर अब गांव से लौटने वाले टकराने लगे थे और माइक कैमरा देख ये सब बोलने को बेताब थे। भक्ति भाव से गांव की ओर जा रहे लोगों से अलग ये लौट रहे इन लोगों के पास पंडित जी के आयोजन की अव्यवस्थाओं की शिकायतों की लंबी लिस्ट थी। पूरे गांव में पीने का पानी का कोई इंतजाम नहीं है। तीस से चालीस रुपये में पानी की बोतल मिल रही है। रुकने-ठहरने की बात तो दूर छांह का भी इंतजाम नहीं है। और तो और रुद्राक्ष भी नहीं बांटे जा रहे। हम तो रुद्राक्ष के लिये आये थे, ये बता रहे थे छत्तीसगढ की धमतरी से परिवार के साथ आये ताराचंद

**टीवी के चमकते प्रवचनों की सच्चाई से ठीक उलट जब ये लोग तेज धूप में नौ किलोमीटर पैदल चल रहे थे तो सोच रहे थे महाराज जी के इंतजाम ठीक नहीं है मगर कुछ ऐसे भी थे तो इसी बात पर संतोष जता रहे थे कि चलो ऐसी जगहों पर ऐसा तो होता ही है।**

साहू। नेटवर्क जाम होने से फोन लग नहीं रहे थे किसी तरह रोड के किनारे पेड़ की छांव में बैठीं थीं। महाराज जी प्रवचन तो अच्छा करते हैं मगर इंतजाम नहीं कर पाये। बहुत मुश्किल से गांव गये और उससे ज्यादा मुश्किल से गांव से निकले अब जाम हटे तो अपने गांव निकलें। खाना पानी सबकी दिक्कत हो रही है और रुद्राक्ष भी नहीं मिला। हमने पूछा मिल जाता तो क्या हो जाता तो सुनंदा तारे बोलीं यहां आना सफल हो जाता अडोस पडोस के लोगों ने भी बुलवाया था हम क्या बतायेंगे। जिसे देखो वो इस अफरा तफरी से परेशान था। हम भी किसी तरह कुबेरेश्वर धाम के सामने बसे गांव गुड भेला तक पहुंचे तो गांव में अलग ही नजारा था। इस गांव की सड़क की दुकानों के सामने लोग आलथी पालथी मारकर बैठे और लेटे थे।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# शिवरात्रि आज, हर-हर महादेव से गूंजेंगे नगर के शिवालय

**हिन्दू धर्म में महाशिवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन भगवान शिव और माता पार्वती का मिलन अर्थात विवाह हुआ था। हिन्दू पंचांग के अनुसार प्रत्येक वर्ष फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित महाशिवरात्रि व्रत रखा जाता है। इस वर्ष यह पर्व आज मनाया जाएगा। बता दें कि इस वर्ष महाशिवरात्रि पर्व के दिन अत्यंत शुभ और फलदाई सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। मान्यता है कि इस शुभ योग में धार्मिक कार्य करने से कई गुना अधिक फल प्राप्त होता है।**

## महाशिवरात्रि की कथा

महाशिवरात्रि की कथा का वर्णन शिव पुराण में मिलता है। इस कथा के अनुसार, पुरातन काल में एक शिकारी था, जिसका नाम चित्रभानु था। यह शिकारी एक साहूकार का कर्जदार था। कर्ज न दे पाने के की स्थिति में साहूकार ने उसे एक शिवमठ में बंदी बना दिया। संयोग से जिस दिन से बंदी बनाया उस दिन महाशिवरात्रि थी। साहूकार ने इस दिन अपने घर में पूजा का आयोजन किया। पूजा के बाद कथा का पाठ किया गया। शिकारी भी पूजा और कथा में बताई गई बातों को बातों को ध्यान से सुनता रहा। शिकारी ने साहूकार से ऋण चुकाने का वाद किया पूजा कार्यक्रम समाप्त होने के बाद साहूकार ने शिकारी को अपने पास बुलाया और उससे अगले दिन ऋण चुकाने की बात कही। इस पर शिकारी ने वचन दिया। साहूकार ने उसे मुक्त कर दिया। शिकारी जंगल में शिकार के लिए आ गया। शिकार की खोज में उसे रात हो गई। जंगल में ही उसने रात बिताई। शिकारी एक तालाब के किनारे एक बेल के पेड़ पर चढ़ कर रात बीतने लगा। बेलपत्र के पेड़ नीचे एक शिवलिंग था, जो बेलपत्रों से ढक चुका था। इस बात का शिकारी को कुछ भी पता नहीं था। आराम करने के लिए उसने बेलपत्र की कुछ शाखाएं तोड़ीं। इस प्रक्रिया में कुछ बेलपत्र की पत्तियां शिवलिंग पर गिर पड़ीं। शिकारी भूखा प्यास उसी स्थान पर बैठा रहा। इस प्रकार से शिकारी का व्रत हो गया। तभी गर्भिणी हिरणी तालाब पर पानी पीने के लिए आई। हिरणी को शिकारी ने जाने दिया। शिकारी ने धनुष पर तीर चढ़ाकर हिरणी को मारने की जैसी ही कोशिश की वैसे ही हिरणी बोली मैं गर्भ से हूं, शीघ्र ही बच्चे को जन्म दूंगी। तुम एक साथ दो जीवों की हत्या करोगे? यह उचित नहीं होगा। मैं अपने बच्चे को जन्म देकर शीघ्र ही तुम्हारे पास आ जाऊंगी। तब तुम मेरा शिकार कर लेना। शिकारी ने तीर वापिस ले लिया। हिरणी भी वहां से चली गई। धनुष रखने में कुछ बिल्व पत्र पुनः टूटकर शिवलिंग पर गिर गए। इस प्रकार उससे अनजाने में ही प्रथम प्रहर की पूजा पूर्ण हो गई। कुछ देर बाद एक ओर हिरणी उधर से निकली। पास आने पर शिकारी ने तुरंत ही धनुष पर तीर चढ़ा कर निशाना लगा दिया। हिरणी ने शिकारी से निवेदन किया कि मैं थोड़ी देर पहले ऋतु से निवृत्त हुई हूं। कामातुर विरहिणी हूं। अपने प्रिय को खोज रही हूं। मैं अपने पति से मिलकर तुम्हारे पास आ जाऊंगी। शिकारी ने इस हिरणी को भी जाने दिया। शिकारी विचार करने लगा। इसी दौरान रात्रि का आखिरी प्रहर भी बीत गया। इस बार भी उसके धनुष से कुछ बेलपत्र शिवलिंग पर जा गिरे, इस प्रकार उसके द्वारा दूसरे प्रहर की पूजन प्रक्रिया भी पूर्ण हो गई। इसके बाद तीसरी हिरणी दिखाई दी जो अपने बच्चों के साथ उधर से गुजर रही थी। शिकारी ने धनुष उठाकर निशाना साधा। शिकारी तीर को छोड़ने वाला ही था कि हिरणी बोली मैं इन बच्चों को इनके पिता को सौंप कर लौट आऊंगी। मुझे अभी जानें दें। शिकारी ने ऐसा करने से इनकार कर दिया। उसने बताया कि दो हिरणी को मैं छोड़ चुका हूं। हिरणी ने कहा कि शिकारी मेरा विश्वास करों, मै वापिस आने का वचन देती हूं। शिकारी को जब हिरणी पर दया आ गई। उसे भी जाने दिया। उधर भूखा प्यासा शिकारी अनजाने में बेल की पत्तियां तोड़कर शिवलिंग पर फेंकता रहा। सुबह की पहली किरण निकली तो उसे एक मृग दिखाई दिया। शिकारी ने खुश होकर अपना तीर धनुष पर चढ़ा लिया। तभी मृग ने दुखी होकर शिकारी से कहा कि यदि तुमने मुझसे पूर्व आने वाली तीन हिरणियों और बच्चों को मार डाला है, तो मुझे भी मार दो। देर न करो क्योंकि मैं यह दुख सहन नहीं कर सकता हूं। मैं उन हिरणियों का पति हूं। यदि तुमने उन्हें जीवनदान दिया है तो मुझे भी छोड़ दो। मैं अपने परिवार से मिलकर वापस आ जाऊंगा। शिकारी ने उसे भी जाने दिया। सूर्य पूरी तरह से निकल आया था और सुबह हो चुकी थी। शिकारी से अनजाने में ही व्रत, रात्रि-जागरण, सभी प्रहर की पूजा और शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी। भगवान शिव की कृपा से उसे इसका फल तुरंत प्राप्त हुआ। भगवान शिव की कृपा से शिकारी का हृदय बदल गया। शिकारी का मन निर्मल हो गया। कुछ देर बाद ही शिकारी के सामने संपूर्ण मृग परिवार मौजूद था ताकि शिकारी उनका शिकार कर सके। लेकिन शिकारी ने ऐसा नहीं किया और सभी को जाने दिया। महाशिवरात्रि के दिन शिकारी द्वारा पूजन की विधि पूर्ण करने के कारण उसे मोक्ष प्राप्त हुआ। शिकारी की मृत्यु होने पर यमदूत उसे लेने आए तो शिवगणों ने उन्हें वापिस भेज दिया। शिवगण शिकारी को लेकर शिवलोक आ गए। भगवान शिव की कृपा से ही अपने इस जन्म में राजा चित्रभानु स्वयं के पिछले जन्म को याद रख पाए और महाशिवरात्रि के महत्व को जान कर उसका अगले जन्म में भी पालन कर पाए।

## महाशिवरात्रि 2023 शुभ योग



इस साल महाशिवरात्रि इसलिए भी महत्वपूर्ण होगी क्योंकि, इस दिन एक तरफ प्रदोष व्रत और शनिवार होगा तो वहीं कई शुभ योग भी रहेंगे। महाशिवरात्रि पर सायंकाल 5:40 के उपरांत श्रवण नक्षत्र प्रारंभ होगा और शाम 5:40 तक उत्तराषाढ़ा नक्षत्र स्थित रहेगा। उत्तराषाढ़ा का अंतिम चरण और श्रवण नक्षत्र का प्रथम चरण विशेष रूप से अभिजित नक्षत्र को जन्म देते हैं। श्रवण नक्षत्र आने पर स्थिर योग उत्पन्न होगा और सिद्धि योग बनेगा। ऐसी स्थिति में भगवान शिव की उपासना करना अत्यंत फलदायी रहेगा।

### महाशिवरात्रि का महत्व

शिव और शक्ति के मिलन के महापर्व को महाशिवरात्रि के नाम से जाना जाता है। जगत में प्रकृति और पुरुष के बीच के संबंध को परिभाषित करता है और इससे हमें यह प्रेरणा लेनी चाहिए कि हमें अपनी प्रकृति को तनिक भी नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। क्योंकि वह माता स्वरूप होकर जीवन में हमारा पालन-पोषण करती हैं। शिव पुराण के अनुसार, जो भक्त महाशिवरात्रि पर जीवधारी जितेंद्रिय रहकर और निराहार बिना जल ग्रहण किए शिव आराधना करते हैं, उन्हें समस्त सुखों की प्राप्ति होती है। महाशिवरात्रि के व्रत से कई गुना पुण्यफल की प्राप्ति होती है। देवों के देव महादेव और माता पार्वती के मिलन का यह दिन अत्यंत ही पवित्र और पावन होता है। इस दिन निराहार रहकर भगवान शिव की उपासना करने का महत्व है। भगवान शिव ने ही जगत की रक्षा के लिए हलाहल का पान किया था और वह नीलकंठ हो गए थे। शिव और शक्ति के एकात्म रूप अर्धनारीश्वर की अवधारणा हमें अपने जीवन में आत्मसात करनी चाहिए।

शिवरात्रि के पर्व को भगवान शिव और माता पार्वती के विवाहोत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। परम कल्याणकारी सदाशिव और परम कल्याणकारिणी मां पार्वती के पवित्र मिलन को परिभाषित करता महाशिवरात्रि का त्योहार हमें जीवन में सबकुछ प्रदान करने का सामर्थ्य को दशार्ता है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की एकसाथ पूजा करने से जन्म जन्मांतर के कष्टों से मुक्ति मिलती है।

## महाशिवरात्रि पूजा का शुभ मुहूर्त और पारण का समय

वैसे तो महाशिवरात्रि की पूजा पूरे दिन और चारों पहर होती है लेकिन इस दिन निशीथ काल में पूजा का समय रात्रि 12:10 से रात्रि 1:01 तक रहेगा। वहीं व्रत का पारण अगले दिन 19 फरवरी को सुबह 6:57 से दोपहर 3:25 तक किया जा सकेगा। यदि आप प्रहर के आधार पर पूजा करना चाहते हैं तो, प्रथम प्रहर सायंकाल 6:14 से रात्रि 9:25 तक रहेगा। द्वितीय प्रहर रात्रि 9:25 से मध्य रात्रि 12:36 तक रहेगा। तृतीय प्रहर मध्य रात्रि 12:36 से प्रातः काल 3:47 तक रहेगा और चतुर्थ प्रहर 3:47 बजे से 6:57 बजे तक रहेगा।

## महाशिवरात्रि के दिन बनाएं मखाना खीर

इस साल 18 फरवरी, शनिवार को महाशिवरात्रि का पावन पर्व है। भगवान शिव के भक्तों के बीच इस दिन को लेकर एक अलग ही उत्साह होता है। भोलनाथ के रंग में हर कोई डूबना चाहता है। मान्यता है कि महाशिवरात्रि के जिन माता पर्वती संग भगवान शिव का विवाह हुआ था। हिन्दू धर्म में इस दिन को बहुत पवित्र माना जाता है। महाशिवरात्री के दिन पूजा-अर्चना के साथ लोग व्रत भी रखते हैं। कहा जाता है कि इस व्रत में अन्य व्रत की तरह सेंधा नमक या सफेद नमक का सेवन नहीं करना चाहिए। आप फलहारी व्रत कर सकते हैं या फिर मीठा खा सकते है। आइए महाशिवरात्रि व्रत की रेसिपी जानते हैं। महाशिवरात्रि व्रत के दौरान आप दूध और मखाना से बनी रेसिपी का सेवन कर सकते हैं। इसके लिए ज्यादा कुछ सामग्री की भी जरूरत नहीं है। इसके लिए आधा किलोग्राम दूध, 2 कप मखाने, 2-2 चम्मच चीनी और देसी घी की चाहिए होगा। इन सामग्री की मदद से आप आसानी से मखाने की खीर तैयार कर सकेंगे।



सीमावर्ती राज्य

# हिंदू राष्ट्र पर नीतीश ने कहा, यह संभव नहीं

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की कई धर्म गुरुओं की मांग को नकारते हुए कहा कि यह संभव नहीं है। उन्होंने यहां तक कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की बात को छोड़कर किसी और की बात नहीं सुनी जानी चाहिए। पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि यहां हर धर्म और संप्रदाय के लोग रहते हैं। अगर कोई भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहता है तो यह संभव नहीं है। देश को नष्ट करना चाहता है। उन्होंने कहा कि हमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की कही बातों का पालन करना चाहिए। हमलोग गांधीजी के बताए रास्ते पर चल रहे हैं। उन्होंने पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह द्वारा किसानों के लिए कुछ नहीं किए जाने पर भड़कते हुए कहा कि कोई क्या बोलते हैं नहीं बोलते हैं, उससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। राज्य में कृषि के क्षेत्र में बहुत काम हुआ है। सब लोगों को मालूम है। हमारी सरकार किसानों के लिए समर्पित है। हमलोग हमेशा किसानों के लिए ही काम करते रहे हैं। जिसको पता नहीं है वो कुछ भी बोलते रहे। उन्होंने आगे कहा कि पूरे गांव में कहीं कोई मकान दिखता था, आज देखिए। लोग बोलेंगे तो ही हमारे काम को वैल्यू मिलेगा।

उन्होंने आगे कहा कि कोई कुछ भी बोल रहा है तो उसे बोलने दीजिए। मुझे इस बात की थोड़ी सी भी परवाह नहीं है कि कौन क्या बोलता है।

### राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने ली बिहार राज्यपाल पद की शपथ



**बिहार** के नवनियुक्त राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने शुक्रवार को राज्यपाल पद की शपथ ली। बिहार के राजभवन में आयोजित एक सादे समारोह में पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने अर्लेकर को बिहार के राज्यपाल पद की शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी सहित कई अन्य नेता और अधिकारी मौजूद रहे। इससे पहले अर्लेकर शुक्रवार को पटना पहुंचे। पटना पहुंचने पर जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका भव्य स्वागत किया गया। बिहार के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री सहित मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों ने उनका स्वागत किया।

# यूपी बोर्ड : पहले ही दिन 4 लाख परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**एजेंसी। प्रयागराज**

यूपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के पहले ही दिन चार लाख से ज्यादा छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा गुरुवार से शुरू हुई। यूपी बोर्ड मुख्यालय को 75 जिलों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कुल पंजीकृत 31,14,224 में से 2,18,189 छात्रों ने पहली पाली में परीक्षा छोड़ दी। पहली पाली में अनुपस्थित रहने वालों में हाई स्कूल के 31,08,584 में से 2,17,702 और इंटरमीडिएट के 487 छात्र शामिल हैं। दूसरी पाली में भी, कुल पंजीकृत 25,80,544 में छात्रों में से इंटरमीडिएट के



1,83,865 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। इस प्रकार कुल 4,02,054 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी। बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने कहा कि राज्य सरकार के आदेश पर नकल विरोधी कड़े कदम उठाए जाने के कारण पहले ही दिन चार लाख छात्र परीक्षा में शामिल नहीं हुए। पहले दिन गाजीपुर में पांच और मथुरा, जौनपुर, बुलंदशहर और लखनऊ में एक-एक फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गए। बोर्ड के अधिकारियों ने कहा, इन नौ व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। पहले दिन की परीक्षा में 11 छात्र नकल करते पकड़े गए। अधिकारियों ने कहा कि हाई स्कूल के सात छात्र और तीन छात्राएं और इंटरमीडिएट का एक छात्र पकड़ा गया। पहली पाली में परीक्षा में अनुचित साधनों के प्रयोग को सुविधाजनक बनाने के आरोप में गाजीपुर के सुचित नंदन इंटर कॉलेज, विशनपुरा के प्राचार्य योगेंद्र यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी।

कार्यक्रम

भारतीय जन संचार संस्थान में 'शुक्रवार संवाद' का आयोजन

# छत्रपति शिवाजी सर्वश्रेष्ठ सम्राट : माहुरकर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वरिष्ठ पत्रकार एवं भारत सरकार के सूचना आयुक्त उदय माहुरकर का कहना है कि पिछले एक हजार वर्षों के दौरान भारत में अगर कोई सर्वश्रेष्ठ सम्राट हुआ, तो वो सिर्फ छत्रपति शिवाजी ही थे। उनका साम्राज्य महाराष्ट्र के अलावा दक्षिणी गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना, मध्य प्रदेश और चेन्नई, पुणे से पेशावर और दिल्ली से काबुल तक फैला था। लेकिन इतिहासकारों ने कभी उनका सही मूल्यांकन नहीं किया। माहुरकर शुक्रवार को भारतीय जन संचार संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'शुक्रवार संवाद' को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर आईआईएमसी के




महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी, डीन (अकादमिक) प्रो. गोविंद सिंह, प्रो. वीके भारती तथा सभी केंद्रों के संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

'छत्रपति शिवाजी और उनका सुशासन' विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उदय माहुरकर ने कहा कि इतिहासकार हमेशा छत्रपति शिवाजी को राजा के रूप में ही चित्रित करते रहे हैं, जबकि साम्राज्य की सीमाओं, समाज में योगदान, भविष्य की पीढ़ियों पर प्रभाव, प्रशासन की गुणवत्ता जैसी उन सभी कसौटियों पर वे खरे उतरते थे, जो किसी को सम्राट मानने के लिए निर्धारित होती हैं। राजस्व, भाषा, सामाजिक समरसता, युद्ध नीति जैसे कई क्षेत्रों में छत्रपति शिवाजी ने ऐसे अनेक काम किए, जो उन्हें एक महान सम्राट सिद्ध करते हैं।

माहुरकर ने कहा कि छत्रपति शिवाजी इतिहास के पहले ऐसे शासक थे, जिन्होंने किसानों के लिए राजस्व की एक आदर्श व्यवस्था निर्धारित की। उन्होंने इसके लिए देश को वर्षा के हिसाब से अलग-अलग क्षेत्रों में बांटा और उसके हिसाब से राजस्व निर्धारित किया। जहां अधिक वर्षा होती थी, वहां लगान अधिक होता था, कम वर्षा वाले क्षेत्रों में कम और जिन इलाकों में बहुत ज्यादा वर्षा की वजह से फसल का नुकसान होता था, वहां भी लगान कम कर दिया जाता था। माहुरकर ने कहा कि शिवाजी की यह न्यायप्रियता उनके भूमि सुधार संबंधी फैसलों में भी झलकती है। उन्होंने देखा कि किस प्रकार जागीरदार और जमींदार अपनी जमीन पर खेती करने वालों का शोषण करते हैं। शिवाजी महाराज ने उन्हें इससे बचाने के लिए अपने सैन्य अधिकारियों को वेतन या उपहार में जमीन देने की बजाय, उन्हें नगद राशि देना शुरू किया। भाषा सुधार के लिए छत्रपति शिवाजी के कार्यों का स्मरण करते हुए माहुरकर ने बताया कि उन्होंने मराठी भाषा के शुद्धिकरण के लिए भी काफी कार्य किया। इसके लिए उन्होंने मराठी को फारसी के प्रभाव से मुक?त कराने के लिए एक अष्टप्रधान मंडल बनाया और उसके सुझावों के आधार पर फारसी शब्दों के स्थान पर भारतीय शब्द निर्धारित किए। शिवाजी ने शासन और प्रशासन में प्रचलित बहुत सारे पदों के नाम बदलकर उनका भारतीयकरण किया।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण अंग्रेजी पत्रकारिता विभाग की पाठ्यक्रम निदेशक प्रो. संगीता प्रणवेन्द्र ने दिया। संचालन डिजिटल मीडिया विभाग की पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. रचना शर्मा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन आईआईएमसी, ढेंकनाल कैंपस में सहायक प्रोफेसर डॉ. भावना आचार्य ने दिया।

# कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष वितरण पर रोक



**एजेंसी। सीहोर**

मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में स्थित कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष महोत्सव में हिस्सा लेने के लिए उमड़ी भीड़ ने सारी व्यवस्थाओं को तार-तार कर दिया। अब कथा वाचक प्रदीप मिश्रा ने रुद्राक्ष वितरण के कार्यक्रम को रोक दिया है। कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के कुबेरेश्वर धाम में गुरुवार से रुद्राक्ष महोत्सव चल रहा है। इस दौरान रुद्राक्ष का भी वितरण करने का ऐलान किए जाने से लाखों लोग कुबेरेश्वर पहुंच गए। बुधवार और गुरुवार को रुद्राक्ष का वितरण भी किया गया, मगर भारी भीड़ के चलते व्यवस्थाएं प्रभावित हुई। रुद्राक्ष वितरण के लिए काउंटर भी बनाए गए थे।

इंदौर-भोपाल मार्ग पर तो गुरुवार को घंटों जाम रहा और आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ, परंतु शुक्रवार को स्थितियां वैसी नहीं है। पं प्रदीप मिश्रा ने रुद्राक्ष वितरण का काम रोक दिया है मगर कुबेरेश्वर पहुंचने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, वहीं दूसरी ओर कई श्रद्धालु अपने घरों को भी लौटने लगे हैं। कुबेरेश्वर पहुंच रही भारी भीड़ के चलते भोपाल का भी जनजीवन प्रभावित हो रहा है और रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड से गुजरने वाले मार्गों पर आवागमन बाधित हो रहा है।




NEWS इन ब्रीफ

### हिमाचल में सरकारी क्षेत्र में होगा ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ड्रोन प्रौद्योगिकी के उपयोग से जन-सुविधाओं को त्वरित और सुगम बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। बेहतर परिणाम और समय की बचत के दृष्टिगत ड्रोन टेक्नोलॉजी का सरकारी क्षेत्र में व्यापक इस्तेमाल किया जाएगा। मुख्यमंत्री गुरुवार देर शाम शिमला में ड्रोन प्रौद्योगिकी से संबंधित आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के इस युग में सरकारी क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का उपयोग नितांत आवश्यक है।

### जम्मू-कश्मीर में हल्की तीव्रता का आया भूकंप

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शुक्रवार को रिक्टर पैमाने पर 3.6 तीव्रता का भूकंप आया, हालांकि कहीं से भी किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने कहा कि भूकंप का केंद्र जम्मू के कटरा शहर से 97 किलोमीटर पूर्व में था और यह सुबह 5.01 बजे महसूस किया गया। अधिकारियों ने कहा कि अभी तक कहीं से भी किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है।

### कूनो अभ्यारण्य में चीतों को छोड़ा जाएगा

**भोपाल/श्योपुर।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों को कूनो पालपुर अभ्यारण्य में छोड़ा जा रहा है। अब शनिवार को इन चीतों को अभ्यारण्य में छोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चीता प्रोजेक्ट की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा है कि कूनो पालपुर अभयारण्य में 18 फरवरी को चीता छोड़ने का कार्यक्रम व्यवस्थित और बेहतर हो। इस बीच खबर मिली है दक्षिण अफ्रीका से आने वाले 12 चीतों की यात्रा शुरू हो गई है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को ट्वीट कर ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सी-17 ग्लोबमास्टर शनिवार को 12 चीतों को भारत पहुंचा देगा। सब कुछ सही रहा तो इन चीतों को शनिवार को इनके बाड़े में पहुंचा दिया जाएगा। अभी इन्हें कम से कम 15 दिनों तक क्लोज निगरानी में रखा जाएगा ताकि यह पता चल सके कि ये माहौल में ढल रहे हैं या नहीं।

# संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास 'धर्म गार्जियन' की शुरुआत

## जापान में शुरू हुआ भारत के साथ संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण

**संयुक्त अभ्यास से दोनों सेनाओं को एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जानने का मिलेगा मौका**

**सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से जंगी कार्रवाई के दौरान हासिल अनुभवों को किया जाएगा साझा**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

जापान में शिगा प्रांत के कैंप इमाजू में शुक्रवार से भारत और जापान की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन' शुरू हुआ, जो 02 मार्च तक चलेगा। यह अभ्यास मौजूदा वैश्विक हालातों में दोनों देशों के लिए सामना की जाने वाली सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर अत्यंत महत्वपूर्ण और सार्थक है। इस अभ्यास के चौथे संस्करण में जंगल और अर्ध शहरी, शहरी इलाकों में सैन्य गतिविधियों के लिए प्लाटून स्तर का संयुक्त प्रशिक्षण शामिल किया गया है।

विभिन्न देशों के साथ भारतीय सेना के सैन्य प्रशिक्षण अभ्यासों की शृंखला में एक्सरसाइज 'धर्म गार्जियन' जापान के साथ वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है। इस अभ्यास में भारतीय सेना की गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंट के सैनिक और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेजीएसडीएफ) में मिडिल आर्मी की एक इन्फैंट्री रेजिमेंट भाग ले रही है। इस दौरान योजना बनाने तथा क्रियान्वयन में पारस्परिकता बढ़ाने के उद्देश्य से जंगी कार्रवाई के दौरान हासिल अनुभवों को साझा किया जाएगा। प्रशिक्षण अभ्यास में शामिल होने के लिए भारतीय सेना की टुकड़ी 12 फरवरी को अभ्यास स्थल पर पहुंची थी, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

सैन्य प्रवक्ता के अनुसार यह संयुक्त अभ्यास दोनों सेनाओं के बीच अंतर-संचालनीयता,
मिलनसारिता, सौहार्द और मित्रता का भाव विकसित करेगा। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र शासनादेश के तहत सामरिक संचालन करने की रणनीति, तकनीक एवं प्रक्रियाओं में सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों को साझा करने में दोनों सेनाओं को सक्षम करेगा। यह प्रशिक्षण मुख्य रूप से उच्चस्तर की शारीरिक फिटनेस और सामरिक स्तर पर अभ्यास की गतिविधियों को आदान-प्रदान करने पर केंद्रित है।

### विभिन्न मिशनों में होंगे शामिल

अभ्यास के दौरान दोनों देशों के सैन्य कर्मी संयुक्त योजना बनाने, संयुक्त सामरिक अभ्यास, एकीकृत निगरानी ग्रिड स्थापित करने की मूल बातों को साझा करने तथा हवाई संपत्तियों की नियुक्ति सहित विभिन्न मिशनों में शामिल होंगे। संयुक्त अभ्यास से दोनों सेनाओं को एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जानने, अपने व्यापक अनुभव साझा करने और स्थितिजन्य जागरुकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह अभ्यास दोनों सेनाओं के बीच रक्षा सहयोग के स्तर को और बढ़ाएगा। इससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को आगे और बढ़ावा मिलेगा।

**चीन के 'पांडा पापा' का निधन**

**बीजिंग।** विशाल पांडा के पारिस्थितिक और जैविक अनुसंधान में चीन के अग्रणी, प्रोफेसर हू जिंचु, जिन्हें प्यार से 'पांडा पापा' के रूप में भी जाना जाता है, उनका 94 वर्ष की आयु में बीमारी से निधन हो गया।



### जम्मू-कश्मीर में बादल छाए रहने का अनुमान

**एजेंसी। श्रीनगर**

अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू और कश्मीर में आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ शुष्क मौसम का पूवानुर्मान है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा, अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर में आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ मुख्य रूप से शुष्क मौसम रहने की संभावना है। इस बीच, श्रीनगर में 2.8 डिग्री, पहलगाम में माइनस 0.9 और गुलमर्ग में 0.2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। लद्दाख क्षेत्र में, द्रास में न्यूनतम तापमान शून्य से 6.4 डिग्री, कारगिल में शून्य से 6.6 डिग्री और लेह में शून्य से 2.8 डिग्री नीचे दर्ज किया गया।

# भारत के लोकतंत्र को ध्वस्त करने की कोशिश कर रही विदेशी ताकतें : ईरानी

**केंद्रीय मंत्री ने अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस पर साधा निशाना**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस पर तीखा निशाना साधते हुए कहा है कि विदेशी ताकतें भारत के लोकतंत्र को ध्वस्त करने की कोशिश कर रही है। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए स्मृति ईरानी ने कहा कि जॉर्ज सोरोस का नंबर वन टारगेट भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं और वे मोदी सरकार को सत्ता से हटाकर देश में एक ऐसी सरकार लाना चाहते हैं जो उनके हितों की रक्षा करे। उन्होंने कहा कि जॉर्ज सोरोस ने भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को ध्वस्त करने के लिए फंड का ऐलान किया है और यह सबको पता है कि वो किसे फंडिंग देते हैं, किस-किस तक पैसा पहुंचाते हैं।

स्मृति ईरानी ने आगे कहा कि जॉर्ज सोरोस ने ऐलान किया है कि वो प्रधानमंत्री मोदी को अपने वार का मुख्य बिंदु बनाएंगे। सोरोस ने ऐलान किया है कि वो हिंदुस्तान में अपनी विदेशी ताकत के अंतर्गत एक ऐसी व्यवस्था बनाएंगे जो हिंदुस्तान नहीं बल्कि उनके हितों का संरक्षण करेगी। जॉर्ज सोरोस का यह ऐलान कि वो हिंदुस्तान में मोदी को झुका देंगे, हिंदुस्तान की लोकतांत्रिक तरीके से चुनी सरकार को ध्वस्त करेंगे उसका मुंहतोड़ जवाब देश के सभी नागरिकों, संगठन और राजनीतिक दलों के साथ-साथ हर हिंदुस्तानी को देना चाहिए। जॉर्ज सोरोस को हम एकसुर में यह जवाब दें कि लोकतांत्रिक परिस्थितियों में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार और हमारे प्रधानमंत्री ऐसे गलत इरादों के सामने सिर नहीं झुकाएंगे।

एक सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी की छवि को नुकसान पहुंचाने का षड्यंत्र तो पिछले कई वर्षों से हो रहा है, लेकिन जब से भारत दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था वाला देश बना है एवं अमेरिकी राष्ट्रपति, फ्रांसीसी राष्ट्रपति और इंग्लैंड के प्रधानमंत्री तक भारत और भारतीयों का आभार जता रहे हैं, तबसे भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को ध्वस्त करने की कोशिश की जा रही है।

### हरियाणा में जिंदा जलाए गए राजस्थान के दो युवक

**जयपुर/चंडीगढ़।** राजस्थान के भरतपुर से गाय तस्कर होने के संदेह में अगवा किए गए दो युवकों के जले हुए अवशेष पड़ोसी राज्य हरियाणा के भिवानी में एक एसयूवी में मिले। युवकों के परिजनों का आरोप है कि उन पर हमला करने वाले बजरंग दल के सदस्य और हरियाणा के पुलिसकर्मी थे। परिजनों का आरोप है कि बुधवार को युवकों का अपहरण कर लिया गया और 22 घंटे बाद गुरुवार को भरतपुर से 200 किलोमीटर दूर उनके कंकाल मिले। पुलिस ने उनकी पहचान जुनैद और नासिर के रूप में की।

## ब्रिटिश सिख महिला ने जीती पांच लाख पाउंड की कानूनी लड़ाई

**पति की वसीयत से वंचित थी महिला, दिवंगत पति ने पति और चार बेटियों के लिए नहीं छोड़ था कुछ**

**एजेंसी। लंदन**

83 वर्षीय एक सिख महिला, जिसके 66 वर्षीय दिवंगत पति ने उसे अपनी वसीयत से छोड़ दिया था, ने 1 मिलियन पाउंड (9.8 करोड़ रुपये) से अधिक की संपत्ति के हिस्से के लिए लंदन में उच्च न्यायालय में लड़ाई जीत ली है। द गार्जियन ने बताया, वर्ष 2021 में दिवंगत हुए करनैल सिंह ने पत्नी हरबंस कौर और चार बेटियों के लिए कुछ भी नहीं छोड़ा। उन्होंने अपनी 1.2 मिलियन पाउंड की संपत्ति अपने दो बेटों को सौंप दी। अदालत को बताया गया कि 1955 में सिंह से शादी करनेवाली कौर ने कुल संपत्ति 19 लाख पाउंड आंकी थी, लेकिन उनके एक बेटे ने इसकी कीमत 12 लाख पाउंड बताई। फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति पील ने कि कौर को संपत्ति के शुद्ध मूल्य का 50 प्रतिशत मिलना चाहिए। न्यायाधीश ने कहा कि यह स्पष्ट है कि विधवा के लिए उचित प्रावधान नहीं किया गया था।




### कुमार सानू का 'दिल भी रोने लगा' 90 के दशक का आकर्षण वापस लाया

*1990* के दशक के सबसे प्रतिष्ठित गायकों में से एक कुमार सानू ने एक नया ट्रैक जारी किया है और यह पुरानी दुनिया के आकर्षण से भरपूर है। 'दिल भी रोने लगा' शीर्षक वाला गीत प्यार, हार, याद और मानवीय संबंध के बारे में है। गाने के बारे में बात करते हुए, कुमार सानू ने कहाः यह एक सुंदर रोमांटिक धुन है, इसमें एक विशेष पुरानी दुनिया का आकर्षण है, जो आज हम अक्सर नहीं देखते और सुनते हैं। गीत के संगीत वीडियो में अली मर्चेंट और पार्वती नायर हैं और इसे युनाइटेड व्हाइट फ्लैग के लेबल के तहत जारी किया गया है, जिसके बोल कुमार द्वारा लिखे गए हैं। 'दिल भी रोने लगा' के बोल दिल को छू लेने वाले हैं और उस हताशा को प्रकट करते हैं जब वे किसी को खो देते हैं। अली मर्चेंट ने कहा कि 'दिल भी रोने लगा' यह बताता है कि प्यार किस तरह दोधारी तलवार है, जो बेहद दर्द देने के साथ-साथ ढेर सारी खुशियां भी ला सकता है।

### स्वरा भास्कर की शादी की तस्वीर देख कंगना रनौत ने किया ट्वीट



*कंगना* रनौत और स्वरा भास्कर बॉलीवुड में हमेशा बोल्ड और बोल्ड एक्ट्रेस के रूप में जानी जाती हैं। वह सामाजिक मुद्दों पर अपनी राय मजबूती से रखती हैं। इन सबकी वजह से उन्हें ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है, लेकिन वे कभी ट्रोलिंग में नहीं उलझते। हाल ही में स्वरा भास्कर ने शादी की है। उसके बाद कंगना ने स्वरा के लिए एक खास ट्वीट किया है। स्वरा भास्कर ने ट्विटर पर शादी की तस्वीरें शेयर कर अपने फैंस को खुशखबरी दी। अब कंगना ने स्वरा के ट्वीट को री-ट्वीट किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। 'तुम दोनों एक दूसरे के साथ खुश लग रहे हो। शादी दिल से की जाति है। कंगना ने ट्वीट किया कि बाकी सब औपचारिकताएं थीं। उनके ट्वीट ने सभी का ध्यान खींचा क्योंकि कंगना पॉजिटिव ट्वीट बहुत लोगों के लिए करती हैं। शादी के बाद स्वरा ने ट्वीट कर कहा कि अक्सर हम किसी ऐसी चीज की तलाश में रहते हैं जो हमारे करीब हो या मुझसे कहीं दूर हो। उन्होंने ट्वीट में कहा : पहले हमने दोस्ती की और फिर हम दोनों ने एक-दूसरे को ढूंढा '@फहद अहमद मैं आपका हार्दिक स्वागत करता हूं। मेरा दिल कंफ्यूज है, लेकिन वैसे भी यह तुम्हारा है, स्वरा फहद को टैग करती हैं और कहती हैं।

### शरद ने घर में नए सदस्य 'राया' का किया स्वागत



**अभिनेता** शरद केलकर ने अपने परिवार में एक नए सदस्य, राया नाम के एक कुत्ते का स्वागत किया। उसने अपनी छाती पर आराम कर रहे कुत्ते की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उसकी आंखें बंद थीं। अभिनेता ने दिल को छू लेनेवाली यह तस्वीर पोस्ट की और इसके कैप्शन में लिखाः मिलिए राया से, प्यारा, घर का नया सदस्य। जहां तक शरद की बात है, तो बहुमुखी कलाकार अमेजॅन ऑडिएबल के 'वेस्टलैंडर्स' के हिंदी रूपांतरण में 'वूल्वरिन' के रूप में अपनी आवाज देंगे। शरद रोहित शेट्टी की बहुप्रतीक्षित कॉप ड्रामा 'इंडियन पुलिस फोर्स' में शामिल हो गए हैं।

### प्रशंसकों को चौंकाते हुए अजय देवगन ने 'भोला' के गाने का ऑडियो क्लिप भेजा



**फिल्म** निर्माता-सुपरस्टार अजय देवगन ने अपनी आगामी एक्शन-एडवेंचर 'भोला' के पहले रोमांटिक ट्रैक के लॉन्च से ठीक पहले अपने प्रशंसकों को एक प्यारा सा सरप्राइज देने का फैसला किया, जो एक भावनात्मक कोर वाली फिल्म है। उन्होंने प्रशंसकों को अपने गीत का एक बत्तीस सेकंड का ऑडियो क्लिप भेजा है, जिससे यह प्रशंसकों के लिए आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा। देवगन को लगा कि यह हर किसी के सामने सुनने के योग्य है। जैसी कि उम्मीद थी, प्रशंसक 'नजर लग जाएगी' ट्रैक से हैरान रह गए। फैंस ने भी बदले में अजय को कुछ गिफ्ट करने का फैसला किया। उन्होंने ट्रैक के आसपास सोशल मीडिया पर वीडियो बनाए। फिल्म में तब्बू भी हैं। इसका निर्माण अजय देवगन फिल्म्स, टी-सीरीज फिल्म्स, रिलायंस एंटरटेनमेंट और ड्रीम वारियर पिक्चर्स द्वारा किया गया है। 'भोला' का निर्देशन लोकेश कनगराज कर रहे हैं।

**सख्ती** | खैबर पख्तूनख्वा के गोमल विवि का प्रबंधन सख्त

# कपल्स पर लगाया पूर्ण प्रतिबंध

**एजेंसी। पेशावर**

किसी भी 'अप्रिय घटना' से बचने के लिए, पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा के गोमल विश्वविद्यालय ने अपने परिसर में छात्र-छात्राओं के एक साथ जमा होने और कपल्स (पुरुष और महिला) पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, यह अधिसूचित किया जाता है कि विभाग के परिसर में कपल्स (पुरुष और महिला) का एक साथ रहना पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

जियो न्यूज ने बताया कि विश्वविद्यालय ने छात्राओं को सावधान रहने और खुद को अपनी कक्षाओं और विभाग के कॉमन रूम तक सीमित रखने का निर्देश दिया। विश्वविद्यालय ने चेतावनी दी, नियमों का उल्लंघन करनेवाले छात्र-छात्राओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक, इस फैसले से छात्राओं के लिए बेहतर और सुरक्षित माहौल मुहैया कराने में मदद मिलेगी।

### यूक्रेन को गोला बारूद मुहैया कराने की खबरों का किया खंडन



**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने उन खबरों का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया था कि इसने रूस के साथ युद्ध में यूक्रेन को गोला-बारूद मुहैया कराया है। स्थानीय मीडिया ने ये बात कही है। विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, पाकिस्तान द्वारा यूक्रेन को रक्षा उपकरणों की आपूर्ति के बारे में रिपोर्टिंग सही नहीं है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान द्वारा यूक्रेन को गोला-बारूद मुहैया कराने का दावा करने वाली रिपोर्टें पिछले साल के मध्य से नियमित रूप से मीडिया में सामने आई हैं। लेकिन इस्लामाबाद ने बहुत कम मौकों पर आधिकारिक तौर पर रूस-यूक्रेन संघर्ष में शामिल होने से इनकार किया है। फ्रांस 24 ने कुछ दिनों पहले रिपोर्ट दी थी कि गोला-बारूद की आपूर्ति कीव की एक बड़ी चिंता रही है। यूक्रेन ने गोला बारूद के लिए अपने सहयोगियों दक्षिण कोरिया और पाकिस्तान जैसे देशों से मदद मांगी है।

# जी-20: पदाधिकारियों से ब्रीफिंग की गई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दो मार्च को झारखंड में प्रस्तावित जी-20 समिट के दौरान विभिन्न देशों के डेलिगेट्स झारखंड भ्रमण पर रहेंगे। डेलिगेट्स को आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए लायसन आफिसर इनके साथ रहेंगे। शुक्रवार को डेलिगेट्स के साथ लायसन आफिसर के रुप में प्रतिनियुक्ति हेतु चिन्हित पदाधिकारियों की ब्रीफिंग की गयी। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त सभागार में डॉ. मनीष रंजन, सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड सरकार, राहुल कुमार सिन्हा, उपायुक्त, रांची, अंजली यादव, निदेशक, कला, संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग एवं श्री विशाल सागर, निदेशक, जैपआईटी ने लायसन आफिसर की प्रतिनियुक्ति हेतु चिन्हित पदाधिकारियों की ब्रीफिंग की। पीपीटी के माध्यम से सभी पदाधिकारियों को जी-20 समिट से संबंधित जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। ब्रीफिंग की शुरूआत में उपायुक्त



रांची राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि जी-20 सम्मेलन झारखंड में होना गर्व की बात है एवं इसके सफल संचालन के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों की सहभागिता महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लायसन आफिसर के तौर पर जिन पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की होगी, वो डेलिगेट्स के आगमन, भ्रमण, होटल में ठहरने और प्रस्थान के समय प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करेंगे। लायसन आफिसर के कार्य एवं दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उपायुक्त ने कहा कि सभी अपने कार्यों का सही तरीके से निर्वहन करेंगे। डॉ. मनीष रंजन, सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड सरकार ने पीपीटी के माध्यम के छं२ङ्गल्ल डाग्री१ की प्रतिनियुक्ति हेतु चयनित पदाधिकारियों को जानकारी दी। श्री मनीष रंजन ने डेलिगेट्स के सहयोग, व्यवहार और डूज एवं डोंट को लेकर चिन्हित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। अंजली यादव, निदेशक, कला, संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग द्वारा जी 20 समिट से संबंधित जानकारी देते हुए बताया गया कि जी 20 के लिए डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी नोडल विभाग हैं। जिसमें ज्यादातर डेलिगेट्स साइंस एंड टेक्नोलॉजी से होंगे। कुल 130-150 डेलिगेट्स झारखंड भ्रमण पर रहेंगे। जिसमें 60-70 जी-20 देशों के डेलिगेट्स, 50-60 भारतीय डेलिगेट्स तथा 30 एमईए/डीएसटी/सीएसआईआर के ऑफिशियल होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के लिए यह बड़ा आयोजन है, सभी पदाधिकारियों से गंभीरतापूर्वक अपने कार्य एवं दायित्व के निर्वहन की अपेक्षा है। विशाल सागर, निदेशक, जैपआईटी द्वारा की प्रतिनियुक्ति हेतु चिन्हित पदाधिकारियों को उनके पहनावा, व्यवहार आदि से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## तीन दिवसीय जेओएकोन का आगाज

**रांची।** रांची ओथोर्पेडिक सोसाइटी द्वारा झारखंड ऑथोर्पेडिक एसोसिएशन कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम का आगाज शुक्रवार से किया गया। कार्यक्रम का समापन रविवार को होगा। इस कॉन्फ्रेंस में देश के विभिन्न भागों से ओथोर्पेडिक चिकित्षकों ने भाग लिया। हिल व्यू अस्पताल में आईएलआईजेडएआरओवी पर वर्कशॉप आयोजित किया गया। जिसके संयोजक डॉ निर्मल कुमार और डॉ राकेश अग्रवाल थे। फैकल्टी में डॉ मिलिंद चौधरी, डॉ श्रीनिवास रेड्डी, डॉ अजित पाटिल और डॉ अमित मुखर्जी ने वर्कशॉप का सेशन लिया। जगन्नाथ अस्पताल में पीजी टीचिंग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके संयोजक डॉ मनीष राज और डॉ निलेश मिश्रा थे। फैकल्टी में डॉ सुधीर कुमार, डॉ ऐके पाल, डॉ डी पिभूषण ने सेशन लिया।

## आज महाशिवरात्रि पर 11 कन्याओं का होगा विवाह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व हिन्दू परिषद सेवा विभाग रांची महानगर इकाई के सहयोग से लायंस क्लब ऑफ रांची समर्पण द्वारा महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर 18 फरवरी शनिवार को प्रातः 8 बजे से श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर, सेवा सदन पथ, रांची में 11 कन्याओं का पाणिग्रहण संस्कार पूरे विधि-विधान से आशीर्वाद सामूहिक विवाह समारोह में सम्पन्न होगा। विहिप के उपाध्यक्ष सह बिरसा सेवा न्यास के अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत एवं विहिप सेवा विभाग के प्रांतीय प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर 11 कन्याओं का आशीर्वाद सामूहिक विवाह मे पालकोट, बसिया, गुमला, नगड़ी, कांके सहित अन्य प्रखंडों के वर- कन्या भाग ले रहे हैं, उन्होंने बताया कि रूढ़िवादिता परंपराओं के आर्थिक विषमता के कारण जिन कन्याओं का विवाह नहीं हो पाता है। उन्हें विवाह के बंधन मे जोड़कर समाज के मुख्य धारा में जोड़ा जा रहा है। आप सभी नगरवासी देवी स्वरूपा कन्याओं को इस पवित्र महाशिवरात्रि पर्व पर स्नेह आशीर्वाद के साथ पूजन करें। विश्व हिन्दू परिषद् झारखंड का सदैव प्रयास रहा है कि सनातन पर्वों जैसे तुलसी विवाह, राम-जानकी विवाह और महाशिवरात्रि पर्व (शिव-पार्वती विवाह) को सामाजिक पर्व के रूप में मनाकर आशीर्वाद सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाए. वर्ष 2016 से जो शुरूआत हुई वह अभी तक अनवरत चल रही है। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब ऑफ रांची समर्पण की अध्यक्ष आरती झा के अथक प्रयासों से यह कार्यक्रम हो पा रहा है।

### महाशिवरात्रि के शुभअवसर पर डीसी ने जारी की गाइडलाइन

# सोशल मीडिया पर रहेगी कड़ी नजर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण के लिए उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची का संयुक्तादेश जारी किया गया है। महाशिवरात्रि पर विधि-व्यवस्था एवं राज्य कार्यकारिणी समिति के आदेशों का पालन कराने के लिए दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्तियां दिनांक 18 मार्च 2023 के प्रातः 04:00 से पूजा समारोह के समाप्ति तक प्रभावी रहेगी। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को लगातार भ्रमणशील रहकर किसी भी प्रकार के जुलूस पर नजर रखने और विधि व्यवस्था संधारण का आदेश दिया गया है।

दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति निम्न रूप से की गई है : कोतवाली थाना, लालपुर थाना, लोअर बाजार, डेली मार्केट, हिंदपीढी थाना।



प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी-श्री अमित भगत, अंचल अधिकारी, शहर, रांची ◆प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी - पुलिस अवर निरीक्षक, उत्तक कुमार राय, लोअर बाजार ◆बरियातू थाना, सदर थाना, खेलगांव ओपी ◆प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी-विजय केरकेट्टा, अंचल अधिकारी, ओरमांझी ◆प्रतिनियुक्ति पुलिस पदाधिकारी - पुलिस अवर निरीक्षक, कमल किशोर पाण्डेय, सदर थाना अरगोड़ा थाना, एयरपोर्ट, जगन्नाथपुर थाना, डोरंडा थाना, पुनदाग ओपी, धुर्वा थाना ◆प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी-अरविंद कुमार ओझा, अंचल अधिकारी, अरगोड़ा ◆ प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी- पुलिस अवर निरीक्षक, असित कुमार लकड़ा, अरगोड़ा थाना ◆सुखदेवनगर थाना, गोंदा थाना, पण्डरा ओपी ◆प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी - ओम प्रकाश मंडल, अंचल अधिकारी, हेहल ◆ प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी - पुलिस अवर निरीक्षक, निर्मल कुमार मंडल, पण्डरा ओपी। महाशिवरात्रि के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण के लिए 15 विभिन्न सुरक्षित थानों में थाना से एक पदाधिकारी एवं शहर के विभिन्न 86 स्थानों में स्टैटिक मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई है। जिला कम्पोजिट कंट्रोल रूम में पवन कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी, सदर, रांची एवं पुलिस उपाधीक्षक, नगर नियंत्रण कक्ष, रांची को वरीय प्रभार में प्रतिनियुक्त किया गया है। इन्हें किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर अभिलंब वरीय पदाधिकारियों को सूचित करने एवं विधि व्यवस्था संधारण के लिए आवश्यकतानुसार प्रस्थान करने का निदेश दिया गया है। अग्निशाम पदाधिकारी, ऑड्रे हाउस, धुर्वा, डोरंडा को अपने-अपने क्षेत्रवार स्थलों पर एक-एक अग्निशाम दस्ता की प्रतिनियुक्ति वाहन के साथ सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है। सिविल सर्जन, रांची को जिला नियंत्रण कक्ष में दो एंबुलेंस, चिकित्सक दल को आवश्यक उपकरण तथा जीवनरक्षक दवाओं के साथ प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है। संयुक्तादेश में साफ-सफाई, पेयजल, चलंत सुलभ शौचालय की व्यवस्था के लिए उप नगर आयुक्त, रांची नगर निगम को निर्देशित करते हुए सभी प्रमुख शिवालयों के आसपास साफ-सफाई पीने के पानी ब्लीचिंग इत्यादि की व्यवस्था करने का निदेश दिया गया है। पुलिस उपाधीक्षक यातायात श्री जीतवाहन उरांव को यातायात बल एवं पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त कर सुगम यातायात की व्यवस्था करने का निदेश दिया गया है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को समन्वय स्थापित करते हुए अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत महाशिवरात्रि के अवसर पर सतत एवं कड़ी निगरानी रखते हुए विधि-व्यवस्था संधारण करने का निर्देश संयुक्त आदेश में दिया गया है। सभी पुलिस उपाधीक्षक, रांची जिला को अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिबंधित मांस, धर्म विरोधी गतिविधियों सांप्रदायिक भावना भड़काने वाले गाने, सोशल मीडिया द्वारा शेयर किए जाने वाले संवाद, गीत इत्यादि पर कड़ी नजर रखना सुनिश्चित करने को कहा गया है।

# खोया-पाया बूथ की स्थापना अतिशीघ्र हो : आजसू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शुक्रवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के सदस्यों डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय आजसू के ऋत्विक राज नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिसर में खोया-पाया बूथ के निर्माण की मांग को लेकर कुलपति को ज्ञापन सौंपा। मौके पर आजसू नेत्री नेहा सिंह ने कहा की विश्वविद्यालय में रोज हजारों की संख्या में छात्र छात्राएं शिक्षण ग्रहण करने आते हैं और अक्सर ऐसा होता है कि किसी विद्यार्थी का मोबाइल, बैग, किताबें इत्यादि कहीं गुम हो जाते हैं, और उन्हें उनका सामान दोबारा नहीं मिल पाता है, जिसका मुख्य कारण यह है कि विश्वविद्यालय में कहीं भी खोया- पाया बूथ नहीं है जिससे विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं को काफी परेशानी होती हैं। इसके निर्माण के बाद अगर किसी विद्यार्थी का कोई भी सामान गुम हो जाता हैं तो वह कंप्लेन कर



सकता है और वही दूसरे विद्यार्थी को वो सामान मिल जाता है तो वह उस सामान को खोयाझ पाया बूथ में जमा कर सकता है, जिससे जिस विद्यार्थी सामान गुम हो जाता है उसे उसका सामान आसानी से मिल जाएगा। स्वाति सिन्हा ने आगे कहा की अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) छात्रहित में जल्द से जल्द विश्वविद्यालय परिसर में 'खोया-पाया बूथ' का निर्माण किया जाए ताकि इसका लाभ यहां के छात्र छात्राओं को मिल सके। वही मौके पर कुलपति ने आजसू के सदस्यों को भरोसा दिलाया की जल्द ही विश्वविद्यालय परिसर में जगह सुनिश्चित कर 'खोया-पाया बूथ' का निर्माण कराया जाएगा। मौके पर सचित रंजन, अरविंद, रोहित, हिमांशु, मुकेश, रिशु, सूर्या, शशि हिमांशु, गौरव के अलावा कई सदस्य एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री की परिकल्पना लेने लगी मूर्तरूप

# खेल नर्सरी बनाने की हो रही है पहल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

खेल और खिलाड़ियों के प्रति संजीदा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की परिकल्पना अब मूर्तरूप लेने लगी है। खेल की नर्सरी बनने की दिशा में झारखण्ड ने कदम बढ़ा दिया है। इस कड़ी में राज्य के पांच आकांक्षी जिला पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, खूंटी, सिमडेगा और गुमला के खिलाड़ी पंचायत, ब्लॉक और ज़िला स्तर तक अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं और उस प्रतियोगिता में चयनित 520 खिलाड़ी सहाय राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा दिखा रहें हैं। राजधानी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में 16 से 18 फरवरी तक आयोजित राज्य स्तरीय सहाय स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में फुटबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स और वॉलीबॉल में खिलाड़ी अपने हुनर का प्रदर्शन करे रहें हैं। सहाय योजना का उद्देश्य प्रथम चरण में राज्य के नक्सल प्रभावित पांच जिलों के युवाओं को



खेल के माध्यम से सामान्य जीवन शैली को अपनाने, उनके विकास और युवाओं के अंदर छुपी हुई खेल प्रतिभा को बाहर लाने का है। योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने चाईबासा से वर्ष 2021 में किया था। ताकि राज्य की छुपी हुई प्रतिभा को मंच दिया जा सके और इन खेल प्रतिभाओं के हुनर को प्रशिक्षण प्रदान कर और बेहतर बनाया जा सके। राज्य स्तरीय सहाय स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को खेल ट्रेनिंग सेंटर में प्राथमिकता देकर उन्हें तराशा जायेगा। इस प्रतियोगिता में विजेता रहने वाले खिलाड़ियों और टीम को राज्य सरकार प्रोत्साहन राशि से सम्मानित करेगी। इसके तहत फुटबॉल, हॉकी और वॉलीबॉल के विजेता टीम के प्रत्येक सदस्य को दस हजार रुपए एवं रनरअप टीम के प्रत्येक सदस्य को पांच हजार रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान की जाएगी। वहीं एथलेटिक्स में प्रथम स्थान आने वाले को दस, द्वितीय स्थान आने वाले को सात हजार एवं तृतीय स्थान आने वाले को पांच हजार रुपए की सम्मानित राशि प्रदान की जाएगी।

## एयरपोर्ट से कांके रोड तक की सड़क साफ रखें

**रांची।** रांची में मार्च माह में होने वाली जी-20 समिट की बैठक को लेकर रांची नगर निगम ने तैयारी और तेज कर दी है। निगम की स्वच्छता शाखा को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से लेकर हिनू, अरगोड़ा चौक, हरमू रोड होते हुए कांके रोड तक सड़क को चकाचक रखने एवं अन्य तरह की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। इस मसले को लेकर शनिवार को उप नगर आयुक्त रजनीश कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अबतक की गई व्यवस्था की समीक्षा हुई। शहर के प्रमुख चौराहे पर स्थापित महापुरुषों की प्रतिमा की सफाई, सड़क के बीच व किनारे पर लगाए गए मौसमी फूल के पौधों की नियमित रूप से देखभाल, अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार जारी रखने और जर्जर नालियों को दुरुस्त करने समेत वेपर लैंप के रखरखाव को प्राथमिकता में रखने का निर्देश दिया गया।

### दीनदयाल ग्राम स्वावलंबन योजना अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा दिन

# ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा का हो रहा है प्रवाह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मनरेगा आयुक्त, राजेश्वरी बी द्वारा सर्ड भवन के सभागार में दीनदयाल ग्राम स्वावलंबन योजना अंतर्गत कार्यरत लोकप्रेरकों के प्रशिक्षण सत्र में लोकप्रेरकों महिलाओं से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मौके पर मनरेगा आयुक्त द्वारा लोक प्रेरक महिलाओं को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि ग्रामीणों को जागरूक दृष्टिकोण के साथ सभी प्रकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को निश्चित ही सफल रूप प्रदान करने में अहम भूमिका निभानी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारे इन प्रयासों से गांव-गांव तक आत्मनिर्भर जीवन का सन्देश देने में सहायक सिद्ध होगा साथ ही, जल संरक्षण की विभिन्न संरचनाओं का निर्माण यथा टीसीबी, मेढ़ बंदी, सोखता, गड्ढा आदि के तहत लगातार



सक्रिय प्रयास किये जाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को इसी प्रकार का उत्साह अन्य लोगों को भी प्रोत्साहित करता है। हर व्यक्ति स्वाबलंबन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े। उन्होंने ग्रामीणों को खेती के साथ-साथ मनरेगा की योजनाओं से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि लोक प्रेरकों के सहयोग से अब ग्रामीण इलाकों में दिग्भ्रमित विचार नहीं, बल्कि संगठित ऊर्जा का प्रवाह हो रहा है। मनरेगा आयुक्त द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए बताया गया कि राष्ट्र एवं राज्य स्तर पर बच्चों के लिए बहुत सारी नीतियों का निर्धारण किया गया है। उन्हीं नीतियों को धरातल पर उतारने के लिए समाज के हर बच्चे को विशेषकर, जरूरतमंद बच्चे को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करना ही हमारा कर्तव्य है। प्रशिक्षण का उद्देश्य यह है कि बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार से जुड़े मुद्दों पर हम समाज को जागरूक कर सकें और बच्चों के प्रति दायित्वों का निर्वहन नीतिगत सिद्धांतों के मुताबिक कर सकें। मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने सतत विकास के लक्ष्यों के स्थानीयकरण के तहत चिह्नित 9 विषयों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने बताया कि सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण के तहत चिह्नित 9 विषयों पर सतत कार्य करने से विकास के सभी प्रक्षेत्रों में अपेक्षित प्रगति की ओर बढ़ा जा सकता है। साथ ही ग्राम पंचायतों द्वारा सम्पादित अच्छे कार्यों एवं उपलब्धियों से राज्य के अन्य सहभागियों के साथ साझा किया जा सकता है। दीदियों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि गाँव के विकास के लिए सरकार द्वारा लायी गयी योजनाओं का सीधा लाभ हमें मिल रहा है।

### अर्थव्यवस्था | गांव-गांव में फैली आम के मंजर की खुशबू

# आम के आम, गुठलियों के दाम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्वेता कुमारी अब आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। उसे अपने ही खेत से फलों के साथ-साथ अंतः कृषि के जरिए मौसमी सब्जियां भी प्राप्त हो रही है, जिससे श्वेता को अपने जीवन के निर्वहन में पूर्व की तरह परेशानी नहीं हो रही। लातेहार के बारियातु पंचायत के गाडी गांव निवासी श्वेता की ही तरह राज्य के हजारों ग्रामीण बिरसा हरित ग्राम योजना के साथ-साथ अंतः कृषि का लाभ ले ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तीकरण में अपना योगदान दे रहें और झारखण्ड के ग्रामीण इलाकों में आम के मंजर की खुशबू फैला रहें हैं। तीन वर्ष पूर्व बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत लगाए गए आम के पौधे अब फल देने को तैयार हो गए हैं, जो आने वाले समय में ग्रामीणों की आय का



अतिरिक्त जरिया साबित होगा। ये सब ऐसे ही नहीं हुआ। कोरोना संक्रमण काल में इसकी नींव मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रखी थी। आज वही नींव ग्रामीणों के लिए आय का मजबूत आधार बन रहा है। विगत तीन वर्ष में किए गए मेहनत का परिणाम है कि वित्तीय वर्ष 2020-21 से अबतक फलदार पौधा लगाने, लाभुकों की संख्या एवं भूमि में लगाए गए पौधों के रकबा में दस गुना से अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। ग्रामीणों को अतिरिक्त आय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से फलदार पौधा उपलब्ध कराने की योजना ने सही मायने में विगत तीन वर्ष में गति मिली है। आंकड़ों को देखने से स्पष्ट होता है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण को गति देने प्रयास 2020 से शुरू हुआ। वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2019-20 के बीच 7,741 लाभुकों को योजना का लाभ मिला, जबकि 2020-21 से 2022-23 तक कुल 79,047 ग्रामीण योजना से लाभान्वित हुए। 2016-17 से 2019-20 तक कुल 5972.35 एकड़ में फलदार पौधारोपण किया गया, वहीं वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2022-23 तक 67,276.62 एकड़ भूमि में फलदार पौधे लगाए गए। फलदार पौधों की संख्या की बात करें तो वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2019-20 तक 6,31984 फलदार पौधे लगे। इस आंकड़े को पार करते हुए वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2022-23 तक यह संख्या बढ़कर 74,47,426 हो गई। उपरोक्त सभी में दस गुना से अधिक वृद्धि तीन वर्ष में दर्ज की गई।

## मारवाड़ी कॉलेज में शिक्षकों के लिए कैंपस 22 को

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी शिक्षक के रूप में करियर बनाने का मौका है। अग्रणी शिक्षण संस्थान करियर्स इन मैनेजमेंट एंड लीडरशिप का 22 फरवरी को कैंपस ड्राइव आयोजित होगा। किसी भी संकाय से 2022 या इससे पूर्व स्नातक पास 40 वर्ष के अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। चयनित विद्यार्थियों की नियुक्ति पटना में होगी। अंग्रेजी शिक्षक की भूमिका के लिए बहुत अच्छी अंग्रेजी संचार कौशल वाले विद्यार्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। विद्यार्थी को भ्रष्टाचार, हार्ड वर्क एंड स्मार्ट वर्क, बच्चों के मस्तिष्क पर तकनीक का प्रभाव, बालिक बचाओ किसी एक विषय पर 225-250 शब्दों में हस्तलिखित अंग्रेजी आलेख बायोडाटा के साथ कॉलेज में जमा करना होगा। अभ्यर्थियों को 30-35 दिन का प्रशिक्षण लखनऊ में मिलेगा। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद अभ्यर्थी को पटना में नियुक्ति मिलेगी मासिक वेतन 16900 रुपये होगा।

### 19 से 26 मार्च को खूंटी में होगा महिला व पुरुष हॉकी चैंपियनशिप

# नौ राज्यों की टीमें खेलों में लेंगी भाग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। हॉकी इंडिया और हॉकी झारखंड के द्वारा वर्ष 2021 में हॉकी की नर्सरी सिमडेगा में लगातार दो जूनियर और सब्जुनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन कराने के बाद, अब हॉकी इंडिया और हॉकी झारखंड के द्वारा झारखंड में हॉकी के दूसरे गढ़ खूंटी में आगामी 19 से 26 मार्च 2023 तक एक साथ महिला एवं पुरुष दोनो वर्ग का ईस्ट जोन राष्ट्रीय जूनियर हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। झारखंड में पहला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन होगा जब एक साथ दो दो मैदान में महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग का राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। ईस्ट जोन राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड, बिहार, ओडिसा,पश्चिम बंगाल, असम, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश की महिला



और पुरुष टीम भाग लेगी । इस प्रतियोगिता 9 टीमों में 400 से अधिक महिला एवं पुरुष हॉकी खिलाड़ी एवं ऑफिशियल भाग लेंगे। हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह कल दिल्ली से लौटने के बाद आज हॉकी झारखंड के पदाधिकारियों को इस प्रतियोगिता की सूचना देते हुए आयोजन की तैयारी के लिए निर्देश दिया । साथ ही वे एक-दो दिन के अंदर खुद खूंटी पहुंचकर खेल स्थल,आवासन, भोजनस्थल से लेकर आयोजन के लिए सभी आवश्यक बिंदुओं का अवलोकन कर आगे का कार्य योजना तय करेंगे। हॉकी इंडिया ने ग्रास रूट से हॉकी को आगे बढ़ाने के लिए इस वर्ष से पहली बार जूनियर एवम सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप को हॉकी खिलाड़ियों चार जोन में विभाजित किया है चारों जोन में पड़ने वाले राज्यों का आपस में अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी और इन प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे टीमों से बेस्ट खिलाड़ियों को चयनित कर एक टीम बनाई जाएगी।

# अगस्त में ग्रां प्री बैडमिंटन लीग के दूसरे सीजन की होगी शुरुआत

**एजेंसी। बेंगलुरु**

ग्रां प्री बैडमिंटन लीग (जीपीबीएल) का दूसरा सीजन इस साल अगस्त में आयोजित किया जाएगा। पहले सीजन में पीवी सिंधु, किदांबी श्रीकांत, अश्विनी पोनप्पा, साई प्रणीत, सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी, एचएस प्रणय, चिराग शेट्टी और ज्वाला गुट्टा सहित कर्नाटक के शीर्ष खिलाड़ियों को देखा गया था। अब दूसरे सीजन में शीर्ष क्रम के भारतीय खिलाड़ियों के साथ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को भी जोड़ा गया है। टूर्नामेंट की घोषणा करते हुए लीग आयुक्त प्रशांत रेड्डी ने कहा कि जीपीबीएल सीजन-1 की सफलता ने इसे राष्ट्रीय स्तर पर ऊपर उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पीबीएल के डिफेंडिंग चैंपियन बेंगलुरु रैप्टर्स के सह-मालिक प्रशांत ने कहा : प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) के पिछले तीन वर्षों में आयोजित नहीं होने के मद्देनजर, जीपीबीएल को राष्ट्रीय स्तर के आयोजन के लिए उन्नत किया जा रहा है। हम जीपीबीएल के दूसरे सीजन की तैयारी कर रहे हैं। खिलाड़ियों और टीम के मालिकों के आग्रह पर, हम एक



राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में जीपीबीएल के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हम खिलाड़ियों को अपनी आजीविका कमाने में मदद करने के लिए बीएआई के प्रयासों को बढ़ा रहे हैं। जीपीबीएल एक पूरी तरह से अलग प्रारूप का अनुसरण करेगा।

जीपीबीएल का इरादा टीमों की संख्या आठ से बढ़ाकर 10 करने का है और इसमें लगभग 25 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों सहित 150 से अधिक खिलाड़ियों का एक पूल होगा, जो नीलामी के तहत जाएंगे।

### खिलाड़ियों के करियर को संवारने में काफी मददगार होती है लीग

**प्रशांत ने कहा :** विचार यह है कि पूरे भारत के खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का मौका दिया जाए। इन खिलाड़ियों को विदेशों में कठिन प्रतियोगिताओं के लिए एक मंच तैयार किया जाए। कुछ शीर्ष खिलाड़ियों का भी मानना है कि इस तरह की लीग बैडमिंटन खिलाड़ियों के करियर को संवारने में काफी मददगार होती है। भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने कहा कि मुझे लगता है कि जीपीबीएल जैसी लीग न केवल खिलाड़ियों को एक अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच देती है, बल्कि वित्तीय रूप से भी मदद करती है। हमें विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू करने के बाद टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करना जरूरी है। बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में 43वें स्थान पर रहने वाले मिथुन मंजूनाथ ने कहाः जीपीबीएल मेरे लिए एक अलग अनुभव था। भले ही यह एक राज्य लीग था, प्रतियोगिता कठिन थी।

## NEWS इन ब्रीफ

### हॉकी महाराष्ट्र ने पुडुचेरी को हराया

**आंध्र प्रदेश।** हॉकी महाराष्ट्र ने गुरुवार को यहां 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2023 में पूल एच के पहले गेम में पुडुचेरी हॉकी को 7-0 के स्कोर से हरा दिया। मनश्री शेडगे (32वें मिनट) ने हॉकी महाराष्ट्र के लिए अपने कौशल के साथ प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता। पहले मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने पर गर्व महसूस कर रही मनश्री ने कहा : अच्छे प्रदर्शन के लिए पहचाने जाने पर बहुत खुशी हो रही है, लेकिन यह सब मेरी टीम के निरंतर प्रयास के कारण संभव हो पाया है।

### प्रसिद्ध आईपीएल 2023 से बाहर



**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स ने शुक्रवार को कहा कि उनके 26 वर्षीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा स्ट्रेस फ्रैक्चर सर्जरी और इसके बाद होने वाली रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया के कारण आईपीएल 2023 सीजन में नहीं खेल पाएंगे। कृष्णा को स्ट्रेस फ्रैक्चर हुआ है और उन्हें सर्जरी की सलाह दी गई है, जिससे उन्हें चोट से उबरने और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापस आने के लिए और समय चाहिए। राजस्थान रॉयल्स ने एक बयान में कहा : हम कृष्णा का समर्थन और सहायता करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

### प्रमोद, सुकांत कदम शानदार शुरुआत करने के लिए उत्सुक



**नई दिल्ली।** पद्मश्री से सम्मानित प्रमोद भगत और एसएल4 श्रेणी में विश्व नंबर 2 सुकांत कदम स्पेनिश पैरा-बैडमिंटन इंटरनेशनल 2023 लेवल 2 में जीत के साथ अपने 2023 की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं, जो 20 फरवरी से स्पेन में शुरू होनेवाला है। दोनों ही शटलर कड़ी मेहनत कर रहे हैं और क्रमशः भुवनेश्वर और बैंगलोर में हैं। उसी के बारे में बात करते हुए प्रमोद भगत ने कहाः साल का पहला टूर्नामेंट होने के नाते, यह पूरे साल के लिए टोन सेट करता है। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैं वास्तव में कठिन प्रशिक्षण ले रहा हूं और अपनी सहनशक्ति और स्ट्रोक प्ले में सुधार कर रहा हूं। यह एक महत्वपूर्ण वर्ष है क्योंकि यह पेरिस पैरालिंपिक के लिए क्वालीफाई भी करेगा।

# दूसरा टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 263 रनों पर ऑलआउट

**पहले दिन का खेल समाप्त, जबाव में भारत की सधी शुरुआत**

**शमी ने चार, रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन ने लिए 3-3 विकेट लिए**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने पर भारत ने अपनी पहली पारी में बिना किसी नुकसान के 21 रन बना लिए हैं। कप्तान रोहित शर्मा 13 और केएल राहुल 04 रन बनाकर नाबाद हैं। इससे पहले चायकाल के बाद ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 263 रनों पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से उस्मान ख्वाजा ने 81 और पीटर हैंड्सकॉम्ब ने नाबाद 72 रन बनाए। भारत की तरफ से शमी ने 4, रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन ने लिए 3-3 विकेट लिए। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। टीम को डेविड वार्नर और उस्मान ख्वाजा ने सधी शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े। इसके बाद मोहम्मद शमी ने वार्नर (15) को आउट कर साझेदारी तोड़ी।

इसके बाद अश्विन ने लंच से ठीक पहले 91 रन के कुल स्कोर पर लाबुशेन (18) और स्टीव स्मिथ (00) का विकेट झटक कर विपक्षी टीम को भारी दबाव में ला दिया। 108 के कुल स्कोर पर शमी ने ट्रेविस हेड (12) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को चौथा झटका दिया। इसके बाद जडेजा ने 167 के कुल स्कोर पर उस्मान ख्वाजा को राहुल के हाथों कैच कराकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। ख्वाजा ने 81 रनों की शानदार पारी खेली। ख्वाजा के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए एलेक्स कैरी कुछ खास नहीं कर सके और बिना खाता खोले अश्विन का शिकार बने। जडेजा ने इसके बाद पैट कमिंस (33) को एलबीडब्ल्यू कर भारत को सातवीं सफलता दिलाई।



### भारत ने बिना विकेट खोए बनाए 21 रन

अरुण जेटली स्टेडियम में यहां खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में भारत ने पहले दिन बिना विकेट गंवाए 9 ओवर में 21 रन बना लिए हैं। भारतीय टीम की शुरुआत शानदार रही। सलामी जोड़ी कप्तान रोहित शर्मा और केएल राहुल ने पारी की शुरुआत की। पहले दिन जोड़ी ने 21 रन टीम में जोड़े, जिसमें शर्मा 12 रन और राहुल 4 रन पर खेल रहे हैं। दोनों बल्लेबाज अपनी पारी के साथ दूसरे दिन के खेल की शुरुआत करेंगे। वहीं, इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ पहले दिन 263 रनों पर अपनी पारी को समाप्त किया।

### सबसे तेज 250 विकेट और 2500 टेस्ट रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने रवींद्र जडेजा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा शुक्रवार को 250 विकेट और 2500 टेस्ट रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज खिलाड़ी बन गए। इसके अलावा वह पहले भारतीय खिलाड़ी हैं, जो सबसे तेज इस मुकाम पर पहुंचे हैं। जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दौरान ऑस्ट्रेलियाई पारी के 46वें ओवर में उस्मान ख्वाजा को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। जडेजा की गेंद पर केएल राहुल ने ख्वाजा का कैच पकड़ा। जडेजा ने अपने 62वें टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की। वहीं, भारतीय दिग्गज कपिल देव ने 65 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की थी। कुल मिलाकर, जडेजा ने इंग्लैंड के दिग्गज ऑलराउंडर इयान बॉथम के पीछे दूसरा स्थान हासिल किया। बॉथम ने केवल 55 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की। इस सूची में जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, अनिल कुंबले और कपिल देव के साथ दोहरे आंकड़े तक पहुंचने वाले चौथे भारतीय हैं। वह 250 टेस्ट विकेट और 2500 से अधिक टेस्ट रन बनाने वाले कुल मिलाकर 14वें खिलाड़ी हैं।

### केएल राहुल की खराब फॉर्म पर मांजरेकर ने उठाए सवाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केएल राहुल को लेकर पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा कि बल्लेबाज एक शतक करने के तुरंत बाद आउट ऑफ फॉर्म हो जाते हैं। 30 वर्षीय बल्लेबाज का 45 टेस्ट के बाद 34.08 का औसत है। साथ ही साथ उनकी लगातार असफलता ने आलोचकों को टीम में उनकी स्थिति पर सवाल उठाने को मजबूर किया है। उन्होंने कहा, केएल राहुल एक अगल खिलाड़ी हैं क्योंकि, पिछले 5 वर्षों में, मैंने देखा है कि वह शतक बनाते हैं और तुरंत आउट ऑफ फॉर्म हो जाते हैं। क्या आपने ऐसा बल्लेबाज देखा है? मांजरेकर ने बताया, दक्षिण अफ्रीका में उन्होंने एक शतक और एक अर्धशतक लगाया था। भारत के लिए अगले 5 टेस्ट मैच खेले, उनका औसत 15 था। यह एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जिसने 45 टेस्ट मैच खेले हैं और औसत 34 है। खराब फॉर्म के बावजूद, राहुल को दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए शुभमन गिल की जगह भारतीय प्लेइंग इलेवन में चुना गया है।

# बीसीसीआई के मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा ने दिया इस्तीफा : सूत्र

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बीसीसीआई के मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा ने एक टीवी न्यूज चैनल द्वारा किए गए स्टिंग ऑपरेशन के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने आईएएनएस को ये जानकारी दी है। चेतन शर्मा ने टीम और चयन प्रक्रिया के बारे में आंतरिक जानकारी साझा की थी। सूत्रों के मुताबिक उन्होंने अपना इस्तीफा बीसीसीआई सचिव जय शाह को भेज दिया है जिसे स्वीकार कर लिया गया। इससे पहले एक स्टिंग ऑपरेशन में 57 वर्षीय शर्मा को यह कहते सुना गया था कि क्रिकेट के बाहर भारतीय खिलाड़ियों के अपने डॉक्टर होते हैं, जो उनके लिए हमेशा उपलब्ध रहते हैं। अगर वे 85 प्रतिशत फिट हैं तो वे हमें कहते हैं कि उन्हें खेलने दें लेकिन डॉक्टर उन्हें इजाजत नहीं देते, यह समस्या आती है .. खिलाड़ी खेलना



चाहते हैं, खिलाड़ी कभी मना नहीं करता। शर्मा ने कथित तौर पर एक स्टिंग ऑपरेशन के दौरान कहा, नहीं तो 80 प्रतिशत पर भी, ये लोग .. वे ऐसे बदमाश हैं, वे चुपचाप कोने में जाएंगे और एक इंजेक्शन लेंगे और कहेंगे कि वे फिट हैं।

मुख्य चयनकर्ता ने कथित तौर पर यह भी खुलासा किया कि पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली के बीच अहंकार का एक बड़ा टकराव था, जिसके कारण दाएं हाथ के बल्लेबाज को कप्तानी से हाथ धोना पड़ा। जब खिलाड़ी थोड़ा बड़ा हो जाता है तो उसे लगता है कि वह बहुत बड़ा हो गया है. वह बोर्ड से भी बड़ा हो गया है। तब उसे लगता है कि कोई उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। उसे लगता है कि उसके बिना क्रिकेट खत्म हो जाएगा। क्या ऐसा कभी हुआ है? कई बड़े आए और चले गए। क्रिकेट वहीं रहता है, उन्होंने कहा। उन्होंने कहा, 'उन्होंने (विराट ने) कहा.. सौरव गांगुली ने मुझसे (कप्तानी की भूमिका पर फिर से विचार करने के बारे में) ऐसा कभी नहीं कहा था। इसलिए यह एक बड़ा मुद्दा बन गया। या तो अध्यक्ष झूठ बोल रहे हैं या विराट सच बोल रहे हैं। यह एक बड़ा मुद्दा बन गया.. तो हंगामा हो गया।

### उर्वशी रौतेला ने पंत को कहा 'भारत का गौरव'

मुंबई। अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने ऋषभ पंत के स्वास्थ्य के बारे में जानने के बाद उन्हें भारत का गौरव कहा है। उर्वशी मुंबई हवाई अड्डे पर थीं, जहां उनसे फोटोग्राफर पत्रकार विरल भयानी ने कार दुर्घटना में घायल क्रिकेटर ऋषभ पंत की स्थिति के बारे में सवाल पूछा। भयानी ने उनसे क्रिकेटर के पोस्ट के बारे में पूछा। उर्वशी, जो एक लाल रंग की पोशाक में बहुत खूबसूरत लग रही थी, ने कहा, कौनसी फोटो? उसने जवाब दिया : वह हमारे देश के लिए एक संपत्ति है, भारत का गौरव है। कैमरापर्सन ने जवाब दिया कि उनकी शुभकामनाएं पंत के साथ हैं। जिस पर, उर्वशी ने कहा : हमारी भी (मेरी भी)। अपने एयरपोर्ट लुक के लिए उर्वशी ने रेड कलर का आउटफिट पहना था। पंत के एक्सीडेंट की खबर सुर्खियों में आने के बाद, उर्वशी ने एक नोट पोस्ट किया था, जिसमें उसने लिखा था : प्रार्थना, उर्वशी रौतेला का प्यार। इससे पहले, उर्वशी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल की एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर साझा की थी।

### रॉटरडैम ओपन : सितसिपास को हरा कर क्वार्टर फाइनल में सिनर



**एजेंसी। रॉटरडैम**

इटली के टेनिस खिलाड़ी जनिक सिनर ने रॉटरडैम ओपन एटीपी 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए ग्रीस के नंबर 3 स्टेफानोस सितसिपास को हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत में से एक हासिल की। 21 वर्षीय इटालियन ने गुरुवार को यहां ग्रीक के खिलाफ 6-4, 6-3 से जीत दर्ज कर सितसिपास के खिलाफ चार मैचों में हार के सिलसिले को खत्म किया। सिनर ने अपनी सर्विस पर प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने सितसिपास के खिलाफ एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं करने के बाद एक घंटे 21 मिनट में मैच अपने नाम किया और अपने पहले सर्विस प्वाइंट का 89 प्रतिशत जीता। सिनर को एटीपी टूर वेबसाइट के हवाले से कहा : यह जीत स्पष्ट रूप से बहुत मायने रखती है। मैं बहुत खुश हूं। मैंने आज अच्छा टेनिस खेला, बहुत ध्यान केंद्रित किया। उम्मीद है कि मैं इसे जारी रख सकूंगा। लेकिन निश्चित रूप से, सितसिपास एक अविश्वसनीय खिलाड़ी है। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं। उन्होंने इस साल पहले ही अविश्वसनीय टेनिस खेला है। इतालवी शुक्रवार के क्वार्टर फाइनल में स्टैन वावरिंका से भिड़ेंगे।

**अंडर-15** कोपा कोका कोला कप के लिए की थी स्पेन की यात्रा

# ओडिशा बैंक को रियाद व टिग्गा से उम्मीद



**एजेंसी। भुवनेश्वर**

**राकेश** ओरम को 2012 में 14 साल की उम्र में भारत अंडर-15 टीम में मौका दिया गया था, जिन्होंने उस साल कोपा कोका कोला कप के लिए स्पेन की यात्रा की थी। वह उस टीम में एकमात्र ओडिशा के खिलाड़ी थे। ओरम उस समय एक स्ट्राइकर के रूप में खेलते थे। वास्तव में, उस वर्ष गोवा में आयोजित राष्ट्रीय सब-जूनियर फुटबॉल चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में उनके प्रदर्शन ने राष्ट्रीय टीम में अपना स्थान सुरक्षित करने में मदद की थी। उन्होंने उस टूर्नामेंट में कर्नाटक के खिलाफ तीन, उत्तर प्रदेश के खिलाफ दो और मेघालय के खिलाफ एक गोल किया था। उन्होंने कहा, यह बहुत समय पहले की बात है। मैंने तब से बहुत सी अलग-अलग चीजें सीखी थी।

झारसागुडा के चितुआपारा में पहले की तरह फुटबॉल खेलना शुरू करने के बाद, ओरम अपने चयन के समय खेल छात्रावास में थे। वहां से उनका विकास हुआ था। वह 2016 में मुंबई सिटी के लिए खेलने गए और फिर बेंगलुरु एफसी की दूसरी टीम में शामिल हो गए। जब ओडिशा पिछले साल हीरो संतोष ट्रॉफी के लिए बुलावा आया, तो उन्होंने टूर्नामेंट में खेलने के लिए रिलीज कर दिया था। उन्होंने आगे कहा, मेरे राज्य के लिए खेलने में सक्षम होने के लिए यह प्रतिष्ठा की बात है। शायद युवा इसे देखेंगे और इससे भी अधिक प्रेरित होंगे। मैंने बाहर खेलकर बहुत कुछ सीखा है और अब मैं दूसरों को भी सिखाना चाहता हूं। हालांकि, टिग्गा ने टर्फ की तुलना में घास पर खेल का अधिक आनंद लिया। मुझे पता नहीं क्यों, इसने मुझे और अधिक आकर्षित किया। फुटबॉल के बारे में कुछ और रोमांचक था। मुझे पता है कि राउरकेला के एक खिलाड़ी के लिए ऐसा कहना अजीब लगता है, लेकिन मुझे ऐसा ही लगा।

### अविनाश क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में भारत की संभालेंगे कमान

नई दिल्ली। भारत के प्रमुख लंबी दूरी के धावक अविनाश साब्ले शनिवार को होनेवाली विश्व एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप 2023 में पांच सदस्यीय भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे। विश्व क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप चार साल के अंतराल के बाद हो रही है, क्योंकि कोविड-19 महामारी ने दो साल टूर्नामेंट को प्रभावित किया। मैराथन की इवेंट के विपरीत, जो सड़कों या रास्तों पर आयोजित की जाती हैं, क्रॉस-कंट्री रनिंग एक ऐसा खेल है जिसमें धावक खुली हवा वाले पथ पर दौड़ लगाते हैं। द्विवार्षिक आयोजन के 44वें सीजन में लगभग 45 टीमों के 400 से अधिक एथलीट प्रतिस्पर्धा करेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों 2022 में 3000 मीटर स्टीपलचेज में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दौड़ में रजत पदक जीतने वाले साब्ले अपने विश्व एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में सीनियर पुरुषों की 10 किमी क्रॉस कंट्री दौड़ में भाग लेंगे। इस भारतीय का मुकाबला कई धावकों से होगा, जिसमें गत चैंपियन युगांडा के जोशुआ चेप्तेगी और केन्या के जेफ्री कामवोरोर शामिल हैं- जिन्होंने पिछले तीन सीनियर पुरुष खिताब जीते हैं। साब्ले के अलावा भारत के आनंद सिंह भी पुरुषों की 10 किमी दौड़ में भाग लेंगे। एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता पारुल चौधरी, संजीवनी जाधव और छवि यादव महिलाओं की 10 किमी क्रॉस कंट्री दौड़ में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। वहीं, वर्ष के अंत में एशियाई खेल भी है। सुकांत कदम ने कहा, सभी टूर्नामेंट महत्वपूर्ण हैं, लेकिन कैलेंडर वर्ष का पहला होने के नाते यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं। पैरालिंपिक में क्वालीफाई के लिए हर टूर्नामेंट महत्वपूर्ण हो जाता है। शटलर 1 से 5 मार्च से स्पेनिश पैरा-बैडमिंटन इंटरनेशनल टोलेडो 2023 ग्रेड 1 टूर्नामेंट भी होंगे।

